राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 141 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## चुनाव आयोग मतदान केंद्रों पर देगा मोबाइल जमा कराने की सुविधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने मतदान की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए दो नई पहल की है। आयोग अब मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही अब, मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे के ठीक बाद उम्मीदवार मतदाताओं के सहयोग के लिए अपने बूथ लगा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि यह निर्णय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयोग कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही मतदाताओं के लिए सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर नवाचार भी कर रहा है। इसके साथ ही आयोग ने स्पष्ट किया कि केवल स्विच ऑफ मोबाइल फोन ही मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में लाने की अनुमति होगी। मतदाता अपने मोबाइल फोन को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर स्थापित बॉक्स या जूट बैग में जमा कर सकते हैं। मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि चुनाव अधिकारी के पास यह अधिकार होगा कि वे किसी मतदान केंद्र पर स्थानीय परिस्थितियों के कारण इस सुविधा को नहीं दे।

## सेना की जबरदस्त मारक क्षमता ने बनाया ऑपरेशन सिंदूर को सफल: गृहमंत्री शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के तीन प्रमुख कारण बताए। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों से मिली सटीक जानकारी और भारतीय सेना की जबरदस्त मारक क्षमता के तालमेल से संभव हुआ। इन तीनों के एकसाथ आने से देश ने दशकों से चल रहे पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद का निर्णायक उत्तर दिया।

**निर्णायक**

- इन तीनों के एकसाथ आने से देश ने दशकों से चल रहे पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद का निर्णायक उत्तर दिया

अमित शाह ने आज सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में



आयोजित कार्यक्रम में महानिदेशक बीएसएफ दलजीत सिंह चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शाह ने बीएसएफ के अलंकरण समारोह 2025 और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए अर्धसैनिक बल के साहस और समर्पण को सलाम किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना आज विश्व के सामने अद्वितीय वीरता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी साहस का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर। गृहमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान पूरी तरह बेनकाब हो गया है।
आतंकी ठिकानों पर हमले पर पाकिस्तान की सेना ने जवाबी कार्रवाई की। आतंकवादियों के जनाजों में पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी शामिल हुए। इनसे स्पष्ट हो गया कि भारत में होने वाले आतंकी हमले पाकिस्तान प्रायोजित हैं। भारतीय सेना ने न केवल आतंकियों के नौ ठिकाने नष्ट किए बल्कि उनके दो मुख्यालय भी ध्वस्त किए। गृहमंत्री ने सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कार्यक्रम में कहा, भारत अब जवाब देता है। हम केवल आतंकी ठिकानों पर हमला करते हैं, पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को नहीं छूते।

# पूर्वोत्तर देश के विकास का इंजन: मोदी

- विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने में पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका: मोदी
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया के निवेशकों से आग्रह किया कि वे पूर्वोत्तर के विकास में भागीदार बनें

**निवेश पर बल**

- आने वाले वर्षों में विकसित भारत का रास्ता पूर्वोत्तर से होकर जाएगा: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्वोत्तर को देश के विकास का इंजन बताया और कहा कि यह क्षेत्र विकास की आपार संभावनाओं से भरा पड़ा है। प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया के निवेशकों से आग्रह किया कि वे पूर्वोत्तर के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में विकसित भारत का रास्ता पूर्वोत्तर से होकर जाएगा। दो दिवसीय (23-24 मई) राइजिंग नॉर्थ ईस्ट निवेश सम्मेल का उद्देश्य पूर्वोत्तर को अवसरों की भूमि के रूप में प्रस्तुत करना, निवेशकों को जोड़ना और नीति निर्माताओं के साथ संवाद को बढ़ावा देना है। इसमें पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और खेल जैसे प्रमुख क्षेत्रों को फोकस किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर को अष्टलक्ष्मी से संबोधित किया और कहा कि यह क्षेत्र व्यापार, पर्यटन, जैव-अर्थव्यवस्था, बांस उद्योग, चाय उत्पादन, खेल, ऊर्जा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में विशाल संभावनाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर में हुए बदलाव केवल आंकड़ें नहीं हैं। जमीनी स्तर पर बदलाव नजर आ रहा है। उन्होंने 700 से अधिक बार केंद्रीय मंत्रियों की यात्राओं का हवाला देते हुए कहा कि यह क्षेत्र अब लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट की नीति के तहत भारत की विकास यात्रा में अग्रणी बन गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर में हुए विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 11 हजार किमी हाई-वे निर्माण, भूपेन हजारिका ब्रिज और सेला टनल जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स, पूर्वोत्तर गैस ग्रिड, 4जी/5जी नेटवर्क और 13 हजार किमी ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का काम पूर्वोत्तर में हुआ है। इन परियोजनाओं ने उद्योगों के लिए फर्स्ट मूवर एडवांटेज की स्थिति बना दी है। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को भारत-आसियान व्यापार का सेतु बताया और कहा कि भारत-आसियान व्यापार जल्द ही 200 अरब डॉलर को पार करेगा। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला में लॉजिस्टिक हब और मिजोरम व मेघालय में लैंड कस्टम स्टेशन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नया आयाम देंगे।

### 'युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा अपनाई'

प्रधानमंत्री ने बताया कि बीते दशक में 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा अपनाई। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिला है। गांवों में होमस्टे, नए टूर गाइड और सांस्कृतिक आयोजन बढ़े हैं। साथ ही हील इन इंडिया अभियान के अंतर्गत पूर्वोत्तर को वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बनाया जा रहा है।

### अडाणी समूह एक लाख करोड़ रुपये का करेगा निवेश: गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने शुक्रवार को अगले 10 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में 50 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश का ऐलान किया। यह निवेश उस 50,000 करोड़ के अतिरिक्त है, जिसकी घोषणा अडाणी समूह ने इसी साल फरवरी में असम में निवेश के तौर पर की थी। इस तरह समूह की कुल प्रतिबद्धता एक लाख करोड़ रुपये हो गई है। गौतम अडाणी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राइजिंग



नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025 को संबोधित करते हुए पूर्वोत्तर भारत में निवेश की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अडाणी समूह अगले 10 सालों में क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी, सड़कों के निर्माण और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए अतिरिक्त 50,000 करोड़ रुपये निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि उनका समूह पूर्वोत्तर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में तीन महीने पहले असम में हमने 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया था। लॉजिस्टिक्स के साथ ही ह्यस्किलिंग एवं वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से क्षमता-निर्माण सहित हरित ऊर्जा का विस्तार करेगा।

## गुरुग्राम में मिला कोरोना का एक और मरीज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** गुरुग्राम साइबर सिटी में कोरोना के एक और नए मरीज की पुष्टि हुई। व्यक्ति वजीराबाद का रहने वाला है। आयु 45 वर्ष है और पूरी तरह वैक्सीनेटेड है। अब शहर में कोरोना के तीन मरीज हो गए हैं। पहले दो लोगों में पुष्टि हुई थी। वहीं, फरीदाबाद में दो लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। गुरुग्राम में एक महिला और एक बुजुर्ग में कोरोना के लक्षण मिले हैं। दोनों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। सेक्टर-51 की महिला मुंबई से लौटने पर बीमार हुईं हैं, जबकि बुजुर्ग की ट्रैवल हिस्ट्री का पता लगाया जा रहा है।



नई दिल्ली के कोटला मार्ग स्थित इंदिरा भवन में कांग्रेस राष्ट्रीय और राज्य स्तर-के प्रवक्ताओं की बैठक को संबोधित करते लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# राहुल ने फिर जयशंकर से पूछे सवाल

**तीखे सवाल**

- भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ दिया गया है? पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया?



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कड़े सवाल किए। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्या जेजे बताएंगे- भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ दिया गया है? पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया? ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा? भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। जवाब में भाजपा ने राहुल को निशान-ए-पाकिस्तान बताया। पार्टी ने कहा कि राहुल भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता को कमतर आंकना बंद करें और चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करके देश की सुरक्षा को खतरे में डालना बंद करें।

**यहां से शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर**
राहुल ने 17 मई को एक्स पर एक वीडियो साझा किया। इसमें जयशंकर का बयान था। राहुल ने लिखा, हमारे हमले की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। 1. इसे किसने अधिकृत किया? 2. इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए? इसके बाद 19 मई को राहुल ने फिर जयशंकर से सवाल किए। उन्होंने लिखा, विदेश मंत्री जयशंकर की चुप्पी सिर्फ बयानबाजी नहीं है- यह निंदनीय है। इसलिए मैं फिर से पूछूंगा- हमने कितने भारतीय विमान खो दिए, क्योंकि पाकिस्तान को पता था? यह कोई चूक नहीं थी। यह एक अपराध था।

## 'कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं।

## कोटा में ही छात्र क्यों मर रहे?: राजस्थान सरकार को फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजस्थान सरकार को कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामले बढ़ने पर जमकर फटकारा। सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति को बेहद गंभीर बताया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक कोटा में 14 छात्र-छात्राएं आत्महत्या कर **पीठ ने**



**पूछा- कोटा में ही क्यों मर रहे छात्र**
पीठ ने राजस्थान सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आप बतौर राज्य क्या कर रहे हैं? क्यों कोटा में ही ये बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं? इस पर राजस्थान सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने बताया कि कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था।

# सेना प्रमुख ने जवानों के सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को मानेकशॉ सेंटर में उन वीरता पुरस्कार विजेताओं से बातचीत की, जिन्हें भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को सम्मानित किया था। समारोह में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष सुनीता द्विवेदी ने भी वीर नारियों और सम्मानित परिवारों से मुलाकात की। सीओएएस ने शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के



सर्वोच्च बलिदान को सलाम किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा अलंकरण समारोह के प्रथम चरण में छह कीर्ति चक्र और सात मरणोपरांत सहित 33 शौर्य चक्र प्रदान किए। इनमें 25 वीरता पुरस्कार भारतीय सेना को मिले हैं, जिनमें 14 शौर्य चक्र, 02 कीर्ति चक्र, 04 शौर्य चक्र (मरणोपरांत), 03 कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) हैं। सेना के इन जवानों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंकवाद, विद्रोह-विरोधी अभियानों से संबंधित विभिन्न अभियानों के दौरान बहादुरी दिखाई थी। इन अभियानों के दौरान खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया।

**सम्मान**

- एडब्ल्यूडब्ल्यूए की सुनीता द्विवेदी ने वीर नारियों और सम्मानित परिवारों से मुलाकात की

## लैंड फॉर जॉब: लालू के खिलाफ कोर्ट का फैसला सुरक्षित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने 3 जून को फैसला सुनाने का आदेश दिया। 7 अक्टूबर, 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने 6 अगस्त, 2024 को लालू यादव, तेजस्वी यादव समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ पहली पूरक चार्जशीट दाखिल की थी।
उसके बाद से लालू यादव के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति का इंतजार था। 14 मई को ईडी ने लालू, तेजस्वी के अलावा तेज प्रताप यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव, हृदयानंद चौधरी, अखिलेश्वर सिंह, किरण देवी, हजारी प्रसाद राय, संजय राय और धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ अभियोजन चलाने संबंधी अनुमति पत्र कोर्ट में पेश किया। ईडी ने इस मामले में कोर्ट ने 18 सितंबर, 2024 को ईडी की ओर से दाखिल पहली पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। चार्जशीट में 96 दस्तावेजों को साक्ष्य के रूप में पेश किया गया है।

**चार्जशीट**

- स्पेशल जज विशाल गोगने ने 3 जून को फैसला सुनाने का आदेश दिया, फैसला सुरक्षित

**पुख्ता सबूत**
विजिलेंस ने घर के नजदीक मंदिर के मोड़ से उन्हें हिरासत में लिया, इसके बाद टीम उन्हें घर में ले गई और अंदर छानबीन की

# भ्रष्टाचार के मामले में आप विधायक रमन अरोड़ा गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी के जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा को विजिलेंस ने शुक्रवार गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस टीम ने सुबह पौने नौ बजे अरोड़ा के अशोक नगर स्थित घर पर रेड की। रेड के समय विधायक अरोड़ा कहीं जा रहे थे। विजिलेंस ने घर के नजदीक मंदिर के मोड़ से उन्हें हिरासत में लिया । इसके बाद टीम उन्हें घर में ले गई और अंदर छानबीन की गई। पुख्ता सबूत हाथ लगने के बाद विधायक को गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार विधायक के निजी सहायक को भी



टीम ने हिरासत में लिया है। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक विधायक पर आरोप है कि जालंधर नगर निगम के जरिए उन्होंने लोगों को नोटिस भिजवाए। फिर रुपए लेकर नोटिसों को रफा-दफा करा दिया। इस मामले में एफ आई आर भी दर्ज की जा चुकी है। अरोड़ा पर कार्रवाई की तैयारी पहले ही शुरू हो चुकी थी। कुछ दिन पहले ही अरोड़ा की सुरक्षा वापस ले ली गई थी। हैरानी की बात है कि 4 दिन पहले विधानसभा की नई कमेटियां गठित की गई थीं। इसमें रमन अरोड़ा को भी पब्लिक अंडरटेकिंग कमेटी का सदस्य बनाया गया था। रमन अरोड़ा के वकील ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि विधायक के घर पर रेड पड़ी है। इसके बाद हम मौके पर पहुंचे। यहां पर पुलिस वाले खड़े हैं। हमने अनुमति मांगी कि हमें अंदर जाने दो। लेकिन हमें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा। पत्रकारों ने कहा कि सीएम ने रेड के बारे में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है। तो इस पर वकील ने कहा कि सरकार और मैटर है। मैं सरकार के बारे में कुछ नहीं कह सकता। हम देखने आए हैं कि हमारे विधायक को अंदर बिठाकर पूछताछ क्यों हो रही है।

**कार्रवाई**

- अरोड़ा पर कार्रवाई की तैयारी पहले ही शुरू हो चुकी थी। कुछ दिन पहले ही अरोड़ा की सुरक्षा वापस ले ली गई थी

## ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को लेकर केंद्र को जारी किया नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** **सुप्रीम कोर्ट** ने सट्टा लगाने वाली ऑनलाइन और ऑफलाइन ऐप को रेगुलेट करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया। याचिका केए पॉल ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि सट्टा और जुए की लत की वजह से कई बच्चों ने खुदकुशी कर ली। याचिका में कहा गया है कि ऑनलाइन इंफ्लूएंसर्स, कलाकार और क्रिकेटर आनलाइन ऐप का प्रमोशन कर रहे हैं।

# झपटमारी और चोरी के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** कोरोना काल में खेलो इंडिया के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाला जेल से बाहर आकर नोएडा में किराये पर रहने लगा। बकायदा अपना नाम संजय कुशवाह पुत्र रमेश चंद से संजय प्रताप सिंह पुत्र रमेश कर लिया। यहां पर गिरोह बना मोबाइल झपटमारी और चोरी करना शुरू कर दिया। शातिर ने साथियों संग मिलकर 14 मई को सेक्टर 168 से विनय नाम के युवक से मोबाइल झपटा था। पुलिस ने पकड़ने के लिए झपटमारों के पीछे लगी। गोपनीय सूचना पर वाजिदपुर टी प्वाइंट के पास से शातिर व उसके दो साथियों को शुक्रवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों से चोरी के छह मोबाइल, बाइक, एक तमंचा, कारतूस बरामद किए।

एक्सप्रेसवे थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए तीनों बदमाशों की पहचान आगरा बाह के जरार गांव के संजय प्रताप सिंह, दीपक कुमार व अलीगढ़ गभाना के गांवरी गांव के दीपक के रूप में की। गिरोह का सरगना संजय प्रताप सिंह है। वह 2020 से अपराध कर रहा है। उसने कोराना काल में अपने बाह के ही दो दोस्त रवि कुमार व अनुज ओझा को साथ लिया था। तीनों ने मिलकर पैसे कमाने की योजना बनाई थी। इसके लिए खेलो



इंडिया योजना के नाम का सहारा लिया था। तीनों ने इंटरनेट मीडिया और समाचार पत्रों में विज्ञापन निकाला कि कोई भी खिलाड़ी आवेदन कर खेलो इंडिया योजना में चयनित हो सकता है। इसके नाम पर खिलाड़ियों से छह-छह हजार रुपये आवेदन के तौर पर जरार की केनरा बैंक शाखा के बैंक खाते में जमा कराए। बैंक खाता रवि कुमार के नाम पर था। संजय ने आवदेन करने वाले खिलाड़ियों का एक वाट्सएप ग्रुप बनाया था। खिलाड़ियों द्वारा बिना संकोच किए रुपये देने पर तीनों के मन में लालच बढ़ने लगा।

उन्होंने हरियाणा करनाल के मरदन हेडी गांव के यदविंदर सिंह खिलाड़ी से 55 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए थे, लेकिन उसका कहीं पर भी सलेक्शन नहीं हुआ तो उसने रुपये लौटाने की मांग की। तीनों उसको टरकाने लगे। यदविंदर समेत कई खिलाड़ियों ने मामले की शिकायत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अधिकारियों से की थी। साइ के खेलो इंडिया योजना के तत्कालीन प्रभारी गुरजीत सिंह तिवाना ने आगरा के बाह थाने में रवि, अनुज व संजय के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाकर जालसाजी, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को गलत तरीके से पेश करने, आइटी एक्ट की धारा में मामला दर्ज कराया था।

पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से बाहर आकर संजय 2021 में मारपीट व धमकी देने के मामले में जेल गया था। पिछले दिनों संजय नोएडा आकर गांव वाजिदपुर गांव के वाशन पीजी में रहने लगा। संजय पर चार, दीपक कुमार व दीपक पर दो-दो मुकदमे दर्ज हैं।

## घर से मोबाइल फोन चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत** : सिविल लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने घर से मोबाइल फोन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी निवासी ज्ञान नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। भीम नगर निवासी बिजेंद्र ने 20 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह चाय की दुकान चलता है। गत 19 की रात को घर पर खाना खाकर सो गया। रात को उसकी आंख खुली तो उसका मोबाइल फोन गायब मिला। मोबाइल की तलाशी की जिसमें चार्जिंग में लगा हुआ मोबाइल भी गायब मिला। अपने स्तर पर दोनों मोबाइल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/निर्माण, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली** द्वारा स्थापित एवं विश्वसनीय निविदाकारों से ओपन ई–टेन्डर **सिंगल पैकेट पद्धति** के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा के प्रकार | ई–निविदा (सिंगल पैकेट) |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 287–सिग0/नि0/ति0ब्रिज/74/25 |
| 3 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के कोटकपूरा–फाजिल्का खंड पर बुधल बालमगढ़ स्टेशन पर केंद्रीकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलाकिंग (इंडोर और आउटडोर कार्य) कार्य तथा साथ लगे हुए स्टेशनों/सेक्शनों की ब्लॉक वोर्किंग और सम्बंधित टेलिकॉम कार्य के संबंद में हाल्ट स्टेशन को क्रासिंग स्टेशन में बदलने के साथ फ्रेट टर्मिनल का प्रावधान। |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 3,85,49,870.99/– |
| 5 | निविदा फार्म की लागत | शून्य |
| 6 | बोली प्रतिभूति | Rs. 3,42,800/– |
| 7 | कार्य समापन की अवधि | 10 माह |
| 8 | निविदा फार्म प्राप्त करने जमा करने एवं खुलने का पता | दिनांक 22.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 9 | निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 22.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 10 | निविदा फार्म जमा करने की अवधि की तिथि व समय | दिनांक 30.05.2025 से 13.06.2025 को 11:30 बजे तक भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जमा किया जाना है। |

पत्र सं0:– 287–सिग0/नि0/ति0ब्रिज/74/25 दिनांक : 22.05.2025 1511/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# किसी बच्चो को न मिले ऐसी मां: बर्बरता देख भर आएंगी आंखें, बिलखते मासूमों पर नहीं आया तरस

**टीम एक्शन इंडिया**
**बुलंदशहर :** सोशल मीडिया पर शुक्रवार को एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें एक मां दो बच्चों को चप्पलों से पीटते हुए और जमीन पर फेंक कर मारते हुए नजर आ रही है। साथ ही वीडियो बनाने वाले व्यक्ति से भी अभद्रता कर रही है। वीडियो वायरल होने के बाद बुलंदशहर देहात कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**गालियां देते हुए करती रही बच्चों की चप्पल से पिटाई :** शुक्रवार को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। करीब 1.08 मिनट के वायरल वीडियो में एक महिला दो बच्चों को चप्पल और चांटों से बुरी तरह पीटते हुए दिखाई दे रही है। महिला गालियां



देते हुए दोनों बच्चों पर लगातार चप्पल बरसाती है।

**मारते-मारते न भरा मन तो उठाकर जमीन पर पटका:** वीडियो बनाने वाले शख्स को गालियां देते हुए भी बच्चों की पिटाई की जा रही है। पिटाई के चलते दोनों बच्चे बुरी तरह डरे-सहमे हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन महिला उन्हें पीटती रहती है। यही नहीं वीडियो के अंत में महिला द्वारा दोनों बच्चों को चारपाई से उठाकर जमीन पर पटक दिया जाता है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में रोष नजर आ रहा है। यह वायरल वीडियो कोतवाली देहात के गांव एत्मादसराय का बताया जा रहा है। देहात पुलिस ने वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। देहात कोतवाल नीरज मलिक ने बताया कि वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## खेतों को समतल करवाने के लिए कृषि विभाग उपलब्ध करवा रहा है लेजर लेवलर मशीन

**सोनीपत** : कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सोनीपत के उपनिदेशक डा. पवन शर्मा ने जानकारी दी कि विभाग के पास एक लेजर लेवलर मशीन उपलब्ध है, जिसका उपयोग किसान अपने खेतों को समतल बनाने के लिए कर सकते हैं। यह मशीन धान की खेती के आगामी सीजन में किसानों को पानी, बिजली व समय की बचत करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि मशीन संचालन हेतु ट्रैक्टर के लिए विभाग द्वारा टेंडर अलॉट कर दिया गया है। डा. शर्मा ने बताया कि मशीन का उपयोग करने के इच्छुक किसानों को अपना आधार कार्ड, मेरी फसल–मेरा ब्यौरा की फोटो प्रति तथा 100 रुपये प्रति घंटा का चालान सहायक कृषि अभियंता कार्यालय, राई में जमा कराना होगा। यदि खेत की दूरी 25 किलोमीटर से अधिक है, तो 3 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से परिवहन शुल्क अतिरिक्त रूप से देय होगा।


**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः 11/2025/आर.एस./जे.एच.एस. दिनांकः 21.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.**: झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी3-2025-26 | **निविदा मूल्य** : ₹ 4706896.02 |

**कार्य का विवरणः** इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के शेड्यूल रखरखाव के दौरान सभी लाइन कॉन्टैक्टर, शंटिंग कॉन्टैक्टर, सी-145, सी-118, ईएम कॉन्टैक्टर, रिवर्सर और सीटीएफ की स्ट्रिपिंग और एक्यूपपिंग और विभिन्न आइटम (बी.ए पैनल जाली, ई.पी.सी आर्क-शूट, स्विच, रिले और बीएल बॉक्स) की स्ट्रिपिंग, सफाई और लूज फिटमेंट।

| | |
|---|---|
| **बयाना राशिः** ₹ 94100.00 | **निविदा बंद होने की तिथिः 20.06.2025** |

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 24 माह

निविदाकार निविदा **दिनांक 20.06.2025 को 15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 892/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दुर्गा प्रसाद, पुत्रः** श्री मिर सिंह एडवोकेट, **पताः** 47/21, मोहल्ला – गणिपुरा, रोहतक, हरियाणा; अन्य पताः के–8, सावन पार्क, अशोक विहार फेज़–III, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 181/2021, U/s 409 IPC, थानाः मौरिश नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दुर्गा प्रसाद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दुर्गा प्रसाद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 181/2021, U/s 409 IPC, थानाः मौरिश नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दुर्गा प्रसाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री कर्णबीर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 02
कमरा नं. 26, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6480/N/2025
(Court Matter)


# फैक्टरी में लगी भयंकर आग, कर्मचारियों को उठानी पड़ी परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः राई औद्योगिक** क्षेत्र स्थित सुप्रीम ग्लो प्रिंटिंग सोल्यूशन फैक्टरी में बृहस्पतिवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्टरी के आसपास धुएं का गुबार छा गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। विभाग की टीम द्वारा दोपहर बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक फैक्टरी के अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया। फैक्टरी मालिक को लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी संख्या 1854 सुप्रीम ग्लो प्रिंटिंग सोल्यूशन में बृहस्पतिवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगी देख मामले की सूचना दमकल विभाग की टीम को दी गई। सुबह करीब आठ बजे सूचना मिलते ही सोनीपत से दमकल विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। प्रिंटिंग फैक्टरी में कागज होने के चलते आग तेजी से फैलती चली गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने पानीपत, झज्जर के बहादुरगढ़ और रोहतक से दमकल की एक-एक गाड़ियों को बुलाया गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। दोपहर बाद करीब तीन बजे आग पर काबू पाया गया।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत :** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों सहित दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी बैंयापुर खुर्द, आकाश उर्फ बाबा निवासी कुंडली का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को दो दिन व दूसरे को एक दिन के रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

मुख्य सिपाही बिंटू अपनी टीम के साथ जगदीशपुर मोड़ पर मौजूद था। गुप्त सूचना पर बैंयापुर खुर्द से राठधाना रोड पर संदिग्ध हालत में युवक को घुमते हुए काबू किया।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुंदन, पुत्र रवि शंकर, निवासी मकान संख्या डी–309, डाकघर के पास, गांव बवाना, दिल्ली** ने **FIR No. 172/21 U/S 33 Delhi Excise Act, अन्तर्गत थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुंदन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुंदन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 172/21 U/S 33 Delhi Excise Act, अन्तर्गत थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुंदन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री सार्थक पंवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर)
न्यायालय कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6520/ON/2025(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C./84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील पुत्र** ओम प्रकाश **निवासी**: 146, गली नं. 3, दूसरा पुस्ता, उस्मानपुर, दिल्ली एवं दूसरा **निवासः** 210, गली नं. 7, करबला मोहल्ला, थानाः दस्कदीन, फिरोजाबाद, यू.पी. ने **FIR No. 129/19 U/s 27 NDPS Act थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुनील** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनील** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 129/19 U/s 27 NDPS Act थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुनील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. राज कुमार सिंह
जेएमफसी-05, कमरा नं. 241
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6188/CD/2025
(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट |
|---|---|---|
| Parking-18-2025 | दिनांक 09.06.2025 को 11:00 बजे | पार्किंग क्रम एक्सेस कंट्रोल राइट्स नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट साईट = कुल 1 साइट) |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:<br>15 इच्छुक बोलीदाताओ को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।<br>16 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान<br>17 भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता<br>18 आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक खाते का एकीकरण<br>19 फण्ड का लियन मार्किंग<br>20 टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)<br>21 जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055<br>Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 23.05.2025 1521/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली पुलिस ने 121 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा

घुसपैठियों पर एक्शनः बड़े सिंडिकेट का शक: किया जाएगा डिपोर्ट

**सख्ती**

दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं। वहीं इस मामले पर पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि देश में बाहर से आकर रह रहे अवैध प्रवेश और ठहरने में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध सिंडिकेट की जांच के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में भी मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।

**15 मई को पकड़े थे 361 बांग्लादेशी नागरिक**

जानकारी के लिए बता दें कि बीती 15 मई को दिल्ली में पुलिस ने छह जिलों में तीन दिनों के अंदर 361 से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा था। इनमें से ज्यादातर को बांग्लादेशी वापस डिपोर्ट कर दिया गया है। कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने तक बाकी को लामपुर और शाहजादपुर स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। जांच में बांग्लादेश से भारत में घुसने का नया रूट भी सामने आया है। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया था कि बाहरी जिला पुलिस ने सबसे ज्यादा 200 से ज्यादा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया।

## दिल्ली पुलिस ने लॉन्च की नई जिपनेट

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने जनता और विभिन्न राज्यों की पुलिस एजेंसियों के लिए एक बड़ी सुविधा की शुरुआत की है। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस मुख्यालय में जिपनेट की नए रूप में विकसित वेबसाइट को लॉन्च किया। यह वेबसाइट अब दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट और सीधे लिंक पर भी उपलब्ध है। इस मौके पर दिल्ली पुलिस के संयुक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम ब्रांच) सुरेंद्र कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस का यह कदम न सिर्फ अपराधियों की पहचान और निगरानी को बेहतर बनाएगा, बल्कि आम जनता को भी आवश्यक जानकारी हासिल करने में मददगार सिद्ध होगा। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिपनेट जो कि अंतर्राज्यीय अपराध और अपराधियों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख मंच है, अब एक नए रूप में आधुनिक, यूजर फ्रेंडली और तकनीकी रूप से उन्नत होकर सामने आया है। यह प्लेटफॉर्म हरियाणा, राजस्थान, उप्र, पंजाब, उत्तराखंड, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली जैसे आठ सदस्य राज्यों को आपस में जोड़ता है।

# सूद ने की महावीर इन्कलेव में सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली के गृहमंत्री एवं स्थानीय विधायक आशीष सूद ने शुक्रवार को जनकपुरी विधानसभा के महावीर इन्कलेव के एफ ब्लॉक में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ भाजपा के अन्य विधायकों ने अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों की शुरुआत, निरीक्षण और लोगों की समस्याओं को सुना। सूद ने एक्स पोस्ट में कहा कि सड़क निर्माण कार्य न केवल क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। कार्यक्रम के बाद स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए मंत्री ने उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। मंत्री ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए। इसके अलावा मालवीय नगर से भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने आज अपनी विधानसभा के उदय पार्क में मकान संख्या 50 से 54 तक सीवर लाइन प्रतिस्थापन कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्य के माध्यम से क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। यह पहल साफ-सुथरे और सुरक्षित क्षेत्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पटपड़गंज से भाजपा विधायक रविंद्र नेगी ने गुरुवार रात अपने विधानसभा क्षेत्र के शांति मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। यह जानकारी उन्होंने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट की।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक सड़क का कार्य नहीं, बल्कि उस संकल्प का प्रमाण है जो हमने जनता से किया था। भाजपा की सरकार में विकास हवा में नहीं, जमीन पर दिखता है। चमकती सड़कें, सुथरी गलियां और पूरी होती योजनाएं के रूप दिल्ली की विकास होता दिखाई दे रहा है। नेगी ने कहा कि जब नेतृत्व दृढ़ हो, तो बदलाव निश्चित होता है। नेगी ने आज जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की शिकायत का समयबद्ध समाधान हो और प्रशासन अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी व जनहितैषी बने।



**विकास कार्य**

भाजपा के अन्य विधायकों ने क्षेत्रों में विकास कार्यों की शुरुआत, निरीक्षण और लोगों की समस्याओं को सुना

## जेपी एसोसिएट्स के ठिकानों पर ईडी की रेड

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स और अन्य के खिलाफ कई ठिकानों पर छापेमारी की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स और कुछ अन्य के खिलाफ 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में धनशोधन जांच के तहत 15 ठिकानों पर तलाशी ली है। दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत ईडी छापेमारी की जा रही है।

# महापौर ने सांसद के साथ तुगलकाबाद गांव किया दौरा

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के अभियान के तहत दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को भाजपा के दक्षिण दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ उनके पैतृक गांव तुगलकाबाद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र ही व्यवस्था का आश्वासन दिया। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के अनुरोध पर उनके पैतृक गांव तुगलकाबाद में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय निवासियों से मुलाकात की। उनकी चिंताओं को सुना। उन्होंने कहा कि बिधूड़ी यहां लगातार विकास पर काम करवा रहे हैं। गांववासियों की सभा को संबोधित करते हुए राजा इकबाल सिंह ने घोषणा की कि गांव को शीघ्र ही नया कम्युनिटी सेंटर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि गांव की सड़कों और नालियों का जो निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, उसे जल्दी ही पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर राजा इकबाल सिंह ने तुगलकाबाद गाँव में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने और मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव करने का निर्देश दिया।



**आश्वासन**

इस दौरान निवासियो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और व्यवस्था का आश्वासन दिया

उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को गाँव के मुख्य नाले की सफाई और संपर्क मार्ग की मरम्मत के निर्देश भी दिए। उन्होंने गांव की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने तथा पर्याप्त संख्या में टिपर और सामुदायिक भवन से जुड़ी कुछ समस्याओं पर शीघ्र व्यवस्था का भी आश्वासन दिया। महापौर ने तुगलकाबाद गाँव के निवासियों के साथ सार्थक संवाद किया।

# एलजी की शक्तियों को चुनौती संबंधी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल की शक्तियों को चुनौती देनेवाली दिल्ली की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दाखिल याचिकाओं को वापस लेने की वर्तमान भाजपा सरकार की अर्जी मंजूर कर ली है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली की वर्तमान सरकार को याचिकाओं को वापस लेने की अनुमति दे दी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के समय दिल्ली के उप-राज्यपाल से लगातार विवाद सुर्खियों में रहा है। ये विवाद अक्सर कोर्ट में पहुंचते रहे। कोर्ट ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी की इस दलील पर गौर करते हुए, आम आदमी पार्टी की ओर से दाखिल सात याचिकाओं को वापस लेने की मंजूरी दे दी। ये सभी याचिकाएं उप-राज्यपाल की शक्तियों को चुनौती देने वाली थीं। सुनवाई के दौरान एक वकील ने आम आदमी पार्टी के समय दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकीलों की फीस का सवाल उठाया।

**मंजूर**

दाखिल याचिकाओं को वापस लेने की वर्तमान भाजपा सरकार की अर्जी मंजूर कर ली



दिल्ली के गृहमंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में दिल्ली फायर सर्विस की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में गृह विभाग के प्रधान सचिव, दिल्ली फायर सर्विस के निदेशक के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## लूटपाट का विरोध करने पर बुजुर्ग की हत्या, मामला दर्ज

**नई दिल्ली:** रोहिणी जिले के प्रेम नगर इलाके में शुक्रवार को 60 वर्षीय राजमिस्त्री की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान लाल बाबू पासवान के रूप में हुई है। वह प्रेम नगर-3 किराड़ी में रहते थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि 3-4 अज्ञात हमलावरों ने जान से मारने के बाद उनसे पैसे लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम 4:49 बजे घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही प्रेम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने पर लाल बाबू पासवान खून से लथपथ अवस्था में कुर्सी पर बैठे हुए मिले। उनके चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें थीं और वे बुरी तरह से लहूलुहान थे।

# मानहानि मामले में निर्मला सीतारमण तलब



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी नेता सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की ओर से दायर आपराधिक मानहानि याचिका पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया है। एडिशनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास पारस दलाल ने निर्मला सीतारमण को 12 जून को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। निर्मला सीतारमण ने 17 मई, 2024 को लिपिका मित्रा और सोमनाथ भारती के बीच वैवाहिक विवाद का जिक्र किया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि इस मामले में शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले आरोपित का पक्ष सुनना जरूरी है। उसके बाद कोर्ट ने निर्मला सीतारमण को 12 जून को पेश होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया। लिपिका मित्रा ने याचिका दायर कर कहा है कि निर्मला सीतारमण ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान उनके खिलाफ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपमानजनक बयान दिया। याचिका में कहा गया है कि निर्मला सीतारमण ने 17 मई 2024 को राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए लिपिका मित्रा और सोमनाथ भारती के बीच वैवाहिक विवाद का जिक्र किया था। याचिका में कहा गया है सीतारमण का बयान सोमनाथ भारती की छवि को खराब करने की कोशिश के तहत किया गया ताकि वे 2024 के आम चुनावों में जीत नहीं सकें। सोमनाथ भारती 2024 के लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार थे। लिपिका मित्रा का कहना है कि निर्मला सीतारमण के बयान का एकमात्र उद्देश्य सोमनाथ भारती को राजनीतिक रुप से नुकसान पहुंचाना था। उनके बयान से याचिकाकर्ता आहत हो गयी। याचिका में मांग की गई है कि निर्मला सीतारमण को ऐसे बयान देने से रोका जाए और उन्होंने जो बयान जारी किया था उसे वापस लिया जाए।

**आदेश**

मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास पारस दलाल ने निर्मला सीतारमण को 12 जून को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया

# सेलेबी की याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने देश के एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करने वाले तुर्किए के कार्गो ऑपरेटर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस सचिन दत्ता ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला दिया। याचिका में कहा गया है कि सेलेबी पर मालिकाना हक भले ही तुर्किए का है, लेकिन इसका प्रबंधन और नियंत्रण भारतीय टीम के हाथ में है। देश के एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम करने वाले तुर्की के कार्गो ऑपरेटर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सिक्योरिटी क्लीयरेंस को निरस्त करने के केंद्र के आदेश का विरोध करते हुए कहा है कि ये गैरकानूनी और मनमाना है। सुनवाई के दौरान सेलेबी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त करते समय न तो उन्हें नोटिस दिया गया और न ही उनका पक्ष सुना गया। रोहतगी ने कहा कि एयरक्राफ्ट सिक्योरिटी रुल्स के मुताबिक संबंधित कंपनी का पक्ष जानना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सेलेबी कंपनी में काम करने वाले सभी भारतीय हैं। सेलेबी की याचिका का विरोध करते हुए केंद्र सरकार ने कहा कि कंपनी का सिक्योरिटी क्लीयरेंस निरस्त करने का फैसला अप्रत्याशित परिस्थितियों में लिया गया था।




**सुनवाई**

केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया

# बम विस्फोट के दोषी देविंदर पाल सिंह भुल्लर की पैरोल खत्म

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने 1993 के दिल्ली धमाके में 9 लोगों की हत्या और 31 लोगों के घायल होने के मामले में दोषी देवेंद्र भुल्लर को तुरंत सरेंडर करने का आदेश दिया है। जस्टिस गिरीश कथपलिया की बेंच ने कहा कि भुल्लर का जेल में इलाज संभव है और वो भी अच्छी गुणवत्ता वाली। भुल्लर को 1995 में गिरफ्तार किया गया था। अगस्त 2001 में स्पेशल टाडा कोर्ट ने भुल्लर को मौत की सजा सुनाई थी। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। देविंदर भुल्लर को मिली पैरोल खत्म हो रही थी। भुल्लर ने पैरोल की अवधि बढ़ाये जाने की मांग की थी। भुल्लर ने याचिका में कहा था कि उसे सीजोफ्रेनिया हो गया है जिसका इलाज चल रहा है। इस मामले में भुल्लर के वकील ने आज कुछ दलीलें रखी ही थी कि कोर्ट ने उसे सरेंडर करने को कहा। उसके बाद भुल्लर के वकील ने कहा कि वे याचिका वापस ले रहे हैं।

**सरेंडर का आदेश**

31 लोगों के घायल होने के मामले में दोषी देवेंद्र भुल्लर को तुरंत सरेंडर करने का आदेश दिया

# तलवार ग्रुप के तीन उभरते अपराधी काबू



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात तलवार गैंग के तीन उभरते सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों युवक 19-20 मई की रात महेन्द्रा पार्क इलाके में हुए एक जानलेवा हमले में वांछित थे। हमले में प्रतिद्वंद्वी कुर्शी ग्रुप के तीन सदस्यों को चाकू से गंभीर रूप से घायल किया गया था और मौके पर फायरिंग भी की गई थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदोरा ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हिमांशु उर्फ पोसी, रोहन और कनिष्क उर्फ निक्कू उर्फ बृढा शूटर के रूप में हुई है। सभी आरोपित जहांगीरपुरी इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि आरोपित वारदात के बाद हरिद्वार भाग गए हैं और जल्द ही दिल्ली लौट सकते हैं। इस सूचना पर इंस्पेक्टर अजय शर्मा की देखरेख में पुलिस टीम ने गाजीपुर बॉर्डर पर जाल बिछाया और तीनों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने महेन्द्रा पार्क की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी कुलजीत और एक नाबालिग के साथ मिलकर प्रतिद्वंद्वी कुर्शी गैंग के फैजल, मोनिश और नितिन तिवारी पर हमला किया था।

# अवैध संबंध के शक में की युवक की हत्या, दंपति गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दक्षिण दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके में अवैध संबंध के शक में पति-पत्नी ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर दंपति को गिरफ्तार कर लिया। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि मृतक की पहचान 32 वर्षीय अरुण महतो के रूप में हुई है। वह बिहार के पटना का रहने वाला था और दिल्ली में किसी काम से आया हुआ था। पुलिस ने उसके शव को मैदानगढ़ी के जंगल में झाड़ियों के बीच से बरामद किया। डीसीपी के अनुसार अरुण महतो 16 मई को दिल्ली आया था और मैदानगढ़ी में अपने रिश्तेदार नवीन के घर पर ठहरा था। 18 मई की रात उसने अपने भाई अनिल से आखिरी बार बात की। इसके बाद उसका मोबाइल बंद आने लगा। 21 मई को अनिल कुमार ने मैदानगढ़ी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। 22 मई की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मैदानगढ़ी तालाब के पास जंगल में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची तो झाड़ियों में एक युवक की सड़ी-गली अवस्था में लाश मिली। जांच में शव की पहचान अरुण महतो के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक अरुण को अपनी रिश्तेदार के मामा सुशील कुमार की पत्नी से प्रेम संबंध था। पुलिस ने सुशील वउसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों टूट गए। दोनों ने अपना अपराध कबूल किया। पूछताछ में आरोपित सुशील ने बताया कि 18 मई को उसने अपनी पत्नी का मोबाइल देखा। उसमें एक नंबर से कई बार कॉल आई हुई थी। उसने नंबर की जांच की तो पता चला यह नंबर अरुण का है। उसके बाद आरोपित ने पत्नी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अरुण के साथ संबंध होने की बात बताई।



## दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज की जासूसी मामले में स्क्रैप डीलर की जमानत याचिका

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने सेना की गोपनीय जानकारी पाकिस्तान भेजने में मदद करने के आरोपित स्क्रैप डीलर मोहसिन खान की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने कहा कि यह अपराध भारत की अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा के खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि कोई देश शांतिपूर्वक तभी रह सकता है, जब उसके सैनिक सतर्क रहते हैं। सैनिकों का कर्तव्य है कि वो नागरिकों के प्रति दिए गए अपने संवैधानिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। अगर कोई व्यक्ति धन या किसी दूसरी चीज के लालच में विदेशी एजेंसियों का मददगार बनता है, तो ये न केवल गंभीर अपराध है, बल्कि ये देश के साथ धोखा है। हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसे अपराधों के काफी दूरगामी असर होते हैं। इन अपराधों से असंख्य लोगों की जान खतरे में पड़ती है और ये सेना की तैयारियों पर असर डालते हैं।

# महर्षि कश्यप ने मानव सभ्यता को नई दिशा दी: सैनी

- महर्षि कश्यप जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री, प्रदेश में किसी एक सरकारी संस्थान का नाम महर्षि कश्यप के नाम पर रखने की करी घोषणा

**घोषणा**

- लाडवा में एक चौक का नाम महर्षि कश्यप के नाम पर रखा जायेगा धर्मशाला के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी भूमि





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में एक सरकारी संस्थान का नाम महर्षि कश्यप के नाम पर रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने तीर्थ स्थल कुरुक्षेत्र और कपाल मोचन में स्थापित कश्यप राजपूत धर्मशालाओं के विस्तार के लिए 21-21 लाख रुपये देने की भी घोषणा भी की। मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में 'संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना' के तहत आयोजित राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नायब सिंह सैनी ने लाडवा में एक चौंक का नाम महर्षि कश्यप के नाम पर रखने तथा लाडवा, कुरुक्षेत्र या इंद्री में कश्यप राजपूत धर्मशाला की स्थापना के लिए फिजिबिलिटी चेक करवा कर प्लॉट उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा रखी गई अन्य सभी मांगों की फिजिबिलिटी चेक करवाने के लिए सम्बंधित विभाग को भेजकर इन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का कार्य किया जायेगा। महर्षि कश्यप को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का प्रकाश स्तम्भ बताते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुनिराज कश्यप ने ज्ञान, तप और अनुसंधान से मानव सभ्यता को नई दिशा दी। उन्होंने समाज को नई दिशा देने के लिए स्मृति ग्रंथ और कश्यप संहिता जैसे महान ग्रंथों की रचना की। ऐसे महान ऋषि का प्रेरणादायक व्यक्तित्व हमेशा मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा। महर्षि कश्यप को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि कश्यप समाज का इतिहास प्राचीन काल से ही गौरवशाली रहा है। इस समाज ने रामायण काल में निषाद जैसे शक्तिशाली राजा दिए।

राजा निषाद ने ही भगवान रामचंद्र जी को वनवास के दौरान आश्रय दिया था। आजादी के आंदोलन में भी इस समाज ने सराहनीय भूमिका निभाई।

**प्रधानमंत्री की साहसिक निर्णय क्षमता और आधुनिक तकनीक से लैस भारतीय सेना के पराक्रम से पूरी दुनिया अचंभित**

उन्होंने कहा कि इस समाज ने महर्षि कश्यप जी के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलते हुए देश निर्माण में अहम योगदान दिया। हाल ही के ऑपरेशन सिन्दूर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दुखद घटना के बाद संकल्प लेकर कहा था कि जिसने भी हमारे भोले भाले लोगों को मारने का काम किया है अब उनकी बची खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

इसी संकल्प के तहत आतंकवाद के ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया गया। इस ऑपरेशन के दौरान आप जैसे वीरों के बलबूते भारत देश ने आतंकवादियों और उनका संरक्षण करने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाया है।

## मिशन अंत्योदय के तहत गरीब परिवारों का किया जा रहा उत्थान

**सीएम ने** कहा कि राज्य सरकार संत-महापुरुष सम्मान विचार प्रसार योजना के माध्यम से समाज में महापुरुषों के संदेशों का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। महापुरुषों के समानता के सन्देश को साकार करने के लिए वर्तमान सरकार द्वारा गरीब से गरीब व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। गरीब और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पिछले साढ़े 10 वर्षों में सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास के मूल मंत्र पर चलते हुए गरीब से गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सस्थानों में दाखिले में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमी लेयर की आय सीमा को 6 लाख रुपए वार्षिक से बढाकर 8 लाख रुपए वार्षिक किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में किसान कल्याण के लिए किये जा रहे विभिन्न कार्यों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत आम चुनाव में कश्यप समाज के सहयोग से प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनने के बाद प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। संकल्प पत्र में किये गए वादों में से 19 वायदे पूरे किये जा चुके हैं और 90 जल्द ही पूरे हो जायेंगे।

## अंतिम व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ रही: बेदी

**हरियाणा** के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हमारे आदर्श पुरुषों के जो महान विचार और सोच थी वो पूरी मानव जाति के कल्याण के लिए थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से गरीब से गरीब व्यक्ति के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अंतिम व्यक्ति को कैसे मुख्यधारा में जोड़ा जाए इसके लिए राज्य सरकार ने अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं।

# भारत ब्रांड योजना में घोटाले को लेकर नरवाना व उचाना में ईडी का छापा

**कागज खंगाला**

- डी के अधिकारी इनके ठिकानों पर लेने देन के कागज खंगाला। मामला भारत ब्रांड योजना से जुड़ा बताया जा रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** ईडी ने जींद जिले में उचाना और नरवाना में राइस मिलरों और आढ़तियों की दुकानों पर छापेमारी की है। ईडी के अधिकारी इनके ठिकानों पर लेने देन के कागज खंगाला। मामला भारत ब्रांड योजना से जुड़ा बताया जा रहा है। केन्द्र सरकार की सस्ती दरों पर राशन आदि उपलब्ध कराने की भारत ब्रांड योजना के घोटाले में इन आढ़तियों की संदिग्ध भूमिका का आरोप है। शुक्रवार को नरवाना में एक आढ़ती के मकान पर पंजाब नंबर की चार-पांच गाड़ियां आकर रूकी और घर के अंदर के सभी सदस्यों को अंदर बंद कर लिया गया और गेट के बाहर सीआरपीएफ के दो जवान खड़े कर गेट बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ईडी के अधिकारियों ने करीब तीन से चार घंटे तक घर के अंदर लोगों से पूछताछ की काजगात खंगाले। इसके बाद ईडी की टीम मंडी पहुंची और आढ़ती की दुकान के दस्तावेज खंगाले। ईडी की टीम ने उनके राइस मिल और कुछ अन्य जगहों पर छापा मारकर सर्च की। बताया गया कि यहां से निकल कर ईडी की टीम उचाना पहुंची गई और यहां पर संबंधित लोगों के राइस मिल व काटन मिल और आढ़ती पर छापा मारा और छानबीन की। उचाना में भी सीआरपीएफ की मौजूदगी में मिल का गेट बंद कर अंदर पूछताछ की जा गई है। नरवाना में जिस आढ़ती के यहां छापा मारा गया, उनकी फतेहाबाद जिले में भी रिश्तेदार हैं और वहां पर भी ईडी ने छापा मारा है। खबर लिखे जाने तक उचाना में ईडी के अधिकारी छानबीन कर रहे थे। खबर है कि ईडी की यह कार्रवाई भारत ब्रांड योजना में घोटाले को लेकर की गई है।

## कर्मचारियों की अनुबंध अवधि 30 जून तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने विभिन्न विभागों/ बोर्डों/ निगमों आदि द्वारा आउटसोर्सिंग पॉलिसी के भाग-2 के अंतर्गत नियोजित कर्मचारियों की अनुबंध अवधि को एकमुश्त आधार पर 30 जून, 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। जारी ज्ञापन पत्र में वर्णित शर्तें पूरी होनी चाहिए। आशय का एक पत्र जारी किया गया है।

## माध्यम व छोटे उद्योग अब तक उभर नहीं पाए: हुड्डा



**साधा निशाना**

- यही वजह है कि आज हरियाणा पूरे देश में बेरोजगारी का सिरमौर बना हुआ है: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी की गलत नीतियों के चलते प्रदेश से लगातार उद्योग पलायन कर रहे हैं। इसके चलते रोजगार सृजन के मामले में प्रदेश पूरी तरह पिछड़ गया है। यही वजह है कि आज हरियाणा पूरे देश में बेरोजगारी का सिरमौर बना हुआ है।
हुड्डा ने कहा कि पहले नोटबंदी और फिर कोरोना के बाद से ही लगातार संकट में चल रहे माध्यम व छोटे उद्योग अब तक उभर नहीं पाए। क्योंकि प्रदेश सरकार की तरफ से उन्हीं ना किसी तरह की आर्थिक सहायता दी गई, ना कोई रियायत और ना ही कोई सुविधा। उदाहरण के लिए प्लाईवुड उद्योग यमुनानगर की पहचान माना जाता है। लेकिन अब यह उद्योग उत्तर प्रदेश की तरफ पलायन कर रहा है। क्योंकि यूपी सरकार बाकायदा लक्कड़ उद्योग के लिए क्लस्टर बना रही है और कारोबार को काफी छूट दे रही है। जबकि हरियाणा की भाजपा सरकार का इस ओर कोई ध्यान ही नहीं है। इसके चलते साल 2017 में यहां जो 380 यूनिट चल रही थीं, वो अब घटकर मात्र 160 रह गई हैं। यानी लगभग आधी यूनिट यहां से पलायन कर चुकी हैं। पंचकूला के उद्योग भी हिमाचल प्रदेश के बद्दी की तरफ पलायन कर रहे हैं। गुरुग्राम और फरीदाबाद की इंडस्ट्री नोएडा-गाजियाबाद का रुख कर रही हैं। नया निवेश लाना तो दूर बीजेपी सरकार उन उद्योगों को भी नहीं संभाल पा रही, जिन्हें कांग्रेस की सरकार ने तमाम प्रयासों के द्वारा प्रदेश में स्थापित किया था।

## जगदीश सिंह बने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी (एचएसजीएमसी) के पहले स्थायी प्रधान जगदीश सिंह झींडा को चुन लिया गया। कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारा छठी पातशाही में शुक्रवार को आयोजित बैठक में कमेटी के 49 सदस्यों ने सर्वसम्मति से झींडा को प्रधान चुना। इस ऐतिहासिक मौके पर कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसके तहत नौ मनोनीत सदस्यों को शामिल किया गया। बैठक में झींडा के नेतृत्व वाले पंथक दल और अन्य समूहों के बीच सहमति बनाने के प्रयास सफल रहे और चुनाव की आवश्यकता नहीं पड़ी। झींडा ने गुरुद्वारे में अरदास के बाद अपने संबोधन में कहा कि हमारी प्राथमिकता गुरुद्वारों के प्रबंधन में पारदर्शिता, ऐतिहासिक गुरुद्वारों का संरक्षण और सिख शिक्षा व संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। एचएसजीएमसी के प्रधान पद पर जगदीश सिंह झींडा के चयन को लेकर विवाद गहरा गया है। सिख नेताओं उत्तराधिकार सिंह नवी, बलदेव सिंह कमपुरा और प्रकाश सिंह साहुवाला सहित 20 सदस्यों ने झींडा की नियुक्ति का कड़ा विरोध करते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। विरोधी नेताओं ने आरोप लगाया कि अस्थाई अध्यक्ष सरदार जोग सिंह को एक फोन कॉल आया, जिसके बाद बिना चुनाव करवाए झींडा को जबरदस्ती प्रधान घोषित कर दिया गया। बैठक के लिए पंथक दल के नेता जगदीश सिंह झींडा अपने समर्थक सदस्यों के साथ गुरुद्वारा छठी पातशाही पहुंचे थे।

## 30 गावों को सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जाएगा एसटीपी का शोधित पानी: राव नरबीर सिंह



**निर्देश**

- निर्माण कार्यों में एसटीपी का शोधित जल ही इस्तेमाल करें बिल्डर्स, बोर्ड को उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम जिले में फर्रुखनगर व पटौदी क्षेत्र के किसान सरकार के जल संरक्षण के प्रयासों में सहभागी बनकर अपनी महती भूमिका निभाएं। इसके लिए क्षेत्र के करीब 30 गांवों को एसटीपी का शोधित पानी किसानी व बागवानी के लिए उपलब्ध कराने की योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस सार्थक प्रयास में सभी लोग सहभागी बने, इस संदर्भ में अगले सप्ताह वे स्वयं क्षेत्र के किसानों के साथ संवाद करेंगे। पर्यावरण मंत्री शुक्रवार को गुरुग्राम से झज्जर के बीच एसटीपी चैनल का निरीक्षण करने के उपरान्त संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।
राव नरबीर सिंह ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि क्षेत्र में गिरते भूजल स्तर के प्रति किसानों को जागरूक कर उन्हें एसटीपी का शोधित पानी इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि नहरी पानी को क्षेत्र की पीने के पानी की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप इस्तेमाल में लाया जा सके। उन्होंने अपने निरीक्षण दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने आज गुरुग्राम से झज्जर तक एसटीपी चैनल का निरीक्षण किया है। 500 एमएलडी की क्षमता वाली इस ड्रेन में अभी धनवापुर की कुल 218 एमएलडी क्षमता में से 75 एमएलडी पानी छोड़ा जा रहा है। जोकि झज्जर जिला में किसानों द्वारा खेती में इस्तेमाल किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि आधुनिक शोधित जल तकनीकों के माध्यम से अब एसटीपी का जल खेती के लिए सुरक्षित और उपयोगी हो चुका है। इससे भूजल स्तर में गिरावट को रोका जा सकेगा और किसानों को सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोत भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को निर्देश दिए

## बीएलओ को मिलेगा मानक फोटो पहचान पत्र: पंकज



**पहल**

- भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रणाली की दक्षता, पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाने के उद्देश्य से की हैं कई परिवर्तनकारी पहलें

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रणाली की दक्षता, पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाने के उद्देश्य से 18 परिवर्तनकारी पहल की हैं। इन उपायों से मतदाताओं की सुविधा, राजनीतिक दलों की भागीदारी, प्रक्रियागत सुधार, कानूनी ढांचे, चुनाव कर्मचारियों की क्षमता निर्माण और आयोग के आंतरिक संचालन सहित प्रमुख क्षेत्र सुदृढ़ होंगे। इनसे हरियाणा राज्य के सभी मतदाताओं, हितधारकों व राजनैतिक दलों को लाभ प्राप्त होगा। मुख्य पहलों में मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 तक सीमित कर दी गई है। इसी तरह से बहुमंजिला सोसाइटी की इमारतों, कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मतदाता सूची अपग्रेडेशन के लिए मृत्यु पंजीकरण का डेटा सीधे आरजीआई डेटाबेस से प्राप्त कर सत्यापन के बाद अपडेट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचना पर्चियों को अधिक मतदाता अनुकूल बनाया जाएगा एवं मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएंगी। सीईओ, डीईओ, ईआरओ स्तर पर अखिल भारतीय सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गई। चुनाव अयोग द्वारा देशभर में राजनैतिक दलों के साथ 4,719 बैठकें आयोजित की गई, जिसमें राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के प्रमुखों के साथ चुनाव आयोग द्वारा बैठकों में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन ऑफ इण्डिया (एम), नैशनल पिपुल पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## बागवानी विभाग की 7 सेवाएं राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने बागवानी विभाग की 7 सेवाओं सेवा को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। भावान्तर भरपाई योजना के तहत दावेदार द्वारा दावा प्रस्तुत के बाद प्रोत्साहन के निपटान तथा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत सक्षम प्राधिकरण से अनुमोदन उपरान्त दावे के निपटान के लिए 21 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

## कोविड-19 की स्थिति पर नजर रख रहा है स्वास्थ्य विभाग: आरती सिंह

**सरकार अलर्ट**

- चार सक्रिय मामले हैं जिनमें गुरुग्राम में दो और फरीदाबाद में दो, जिनका कोई अंतरराष्ट्रीय यात्रा इतिहास नहीं है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: देश के विभिन्न** हिस्सों में कोविड-19 के मामलों में हाल ही में हुई वृद्धि को देखते हुए, हरियाणा स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और लोगों की सुरक्षा और तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। हरियाणा में वर्तमान में कोविड-19 के चार सक्रिय मामले हैं जिनमें गुरुग्राम में दो और फरीदाबाद में दो, जिनका कोई अंतरराष्ट्रीय यात्रा इतिहास नहीं है। सभी चार मामले (दो पुरुष और दो महिला रोगी) हल्के लक्षण वाले हैं और वर्तमान में घर पर ही क्वारंटीन हैं। अस्पताल में भर्ती होने की कोई आवश्यकता नहीं है, और सभी रोगी नियमित चिकित्सा देखरेख में हैं। विशेष रूप से, सभी चार व्यक्तियों को पहले एंटी कोविड-19 टीका लगाया गया था, जिससे लक्षणों को कम से कम रखने में मदद मिली है। गुरुग्राम जिले का एक व्यक्ति जो पहले वायरस से संक्रमित पाया गया था, वह पहले ही ठीक हो चुका है।
हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कहा, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यह वैरिएंट हल्का और नियंत्रित है, और हम समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी सभी सलाह का पालन कर रहे हैं। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे शांत रहें और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना जारी रखें।

## ड्रेनों की सफाई और एसटीपी की पूरी क्षमता का उपयोग हो: राव नरबीर सिंह

**सफाई कार्य**

- ड्रेनों के साथ फलदार व छायादार पौधे रोपित करने के दिए निर्देश: वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ड्रेन की सफाई का कार्य पूरा किए जाए। इसके साथ ही सफाई कार्य की ड्रोन से वीडियोग्राफी भी करवाएं ताकि सफाई की सही रिपोर्ट तैयार की जा सके। वीडियोग्राफी होने पर इसकी जानकारी मुख्यालय में भी भेजना सुनिश्चित की जाए। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने शुक्रवार को झज्जर जिले के एम्स बाढ़सा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), मुंडा खेड़ा पंप हाउस, याकूबपुर एसपीटी चैनल और रिलायंस एमईटी में आउट फॉल ऑफ ड्रेन नंबर आठ का निरीक्षण करने उपरांत यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के सीजन में ड्रेन के किनारों पर पौधे रोपित किए जाएं। इसके अलावा जंगली काबिली कीकर के स्थान पर फलदार व छायादार पौधे भी रोपित किए जाएं। इसके लिए वन विभाग से पौध उपलब्ध करवाई जाएंगी और एनजीओ व पर्यावरण प्रेमियों की मदद से पौध रोपित व देखभाल भी करवाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एसटीपी की पूरी क्षमता का उपयोग करें। मंत्री को अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इसकी बाढ़सा एसटीपी की क्षमता 550 एमएलडी है। फिलहाल गुरुग्राम से 300 एमएलडी यूज्ड वाटर आ रहा है, जितनी आपूर्ति हो रही, उसको ट्रीट कर आगे सिंचाई के लिए उपयोग किया जा रहा है।

## सरकार ने मजबूत, न्यायसंगत, संविधान सम्मत नीति नहीं बनाई



**वैकल्पिक**

- हाईकोर्ट के फैसले से प्रभावित अभ्यर्थियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वैकल्पिक समाधान प्रस्तुत करे

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने आर्थिक-सामाजिक आधार पर भर्ती में दिए जा रहे अतिरिक्त अंकों को रद्द करने के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को लेकर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति सरकार की कमजोर, अपारदर्शी और असंवेदनशील नीति के कारण उत्पन्न हुई है। हाईकोर्ट का निर्णय कानून के अनुरूप हो सकता है, लेकिन इसकी नौबत ही न आती अगर हरियाणा सरकार ने मजबूत, न्यायसंगत और संविधान सम्मत नीति बनाई होती। सरकार ने जिस प्रकार आर्थिक-सामाजिक आधार पर 10 अतिरिक्त अंक देने का नियम बनाया, वह शुरू से ही संवैधानिक कसौटियों और निष्पक्षता की भावना के विपरीत था। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जिस प्रकार आर्थिक-सामाजिक आधार पर 10 अतिरिक्त अंक देने का नियम बनाया, वह शुरू से ही संवैधानिक कसौटियों और निष्पक्षता की भावना के विपरीत था। सरकार की लापरवाही और दोषपूर्ण नीति के कारण आज 10,000 से अधिक युवाओं की नौकरियों पर तलवार लटक रही है। सांसद ने यह भी स्पष्ट किया कि यह फैसला केवल तकनीकी रूप से न्यायालय का है, लेकिन नैतिक और राजनीतिक रूप से इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह सरकार की है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 11 नवंबर 2019 को जो अधिसूचना जारी की थी, वह शुरू से ही संविधान के मूल सिद्धांतों और समानता के अधिकार के विरुद्ध थी। सरकार ने यह नियम राजनीतिक लाभ लेने और कुछ वर्गों को खुश करने के उद्देश्य से बनाया, लेकिन वह इसे विधिसम्मत और पारदर्शी नहीं बना पाई। हाईकोर्ट का निर्णय कानून के अनुसार है, लेकिन इसके पीछे की असली जिम्मेदारी सरकार की है। यदि नियम ही मजबूत और निष्पक्ष बनाए जाते, तो कोर्ट को हस्तक्षेप की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि इस फैसले के कारण 25 से 30 हजार युवा उम्मीदवारों में से लगभग 10 हजार ऐसे हैं जिनकी नियुक्ति खतरे में पड़ गई है। कई प्रतिभाशाली अभ्यर्थी जिन्होंने 90 में से 90 अंक तक प्राप्त किए, वे भी चयन से वंचित रह गए थे, जिससे न्याय की भावना को ठेस पहुंची।

# नगर परिषद थानेसर की हाउस की बैठक में विधायक और पार्षद प्रतिनिधि के बीच हाथापाई

## लेटर जारी कर पार्षद प्रतिनिधि और मीडिया को किया था बैन

**हंगामा**

**कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने प्रतिनिधि के बैठने का किया था विरोध। हंगामा के बाद खूब चले थप्पड़**





**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने प्रतिनिधि के बैठने का किया था विरोध। हंगामा के बाद खूब चले थप्पड़-मुक्के। दरअसल, दोपहर करीब 3 बजे नगर परिषद नप थानेसर में हाउस की बैठक रखी गई थी। इसमें नप की तरफ से लेटर जारी करके पार्षद प्रतिनिधि और मीडिया की एंट्री पर बैन लगाया था। बैठक में विधायक अशोक अरोड़ा, चेयरपर्सन माफी ढांडा, बीजेपी की पार्षद के पति नरेंद्र शर्मा निंदी समेत कई पार्षद मौजूद थे। इस दौरान विधायक अरोड़ा ने नरेंद्र शर्मा के बैठक में बैठने का विरोध किया। इस पर नरेंद्र शर्मा निंदी बोले कि बैठक में पहले भी पार्षद प्रतिनिधी बैठते रहे। इसलिए वे बैठक से बाहर नहीं जाएंगे। इस पर दोनों के बीच तू-तड़ाक हो गई। दोनों अपनी-अपनी कुर्सियों से उठकर भिड़ गए। हाथापाई होते ही बैठक में हंगामा हो गया। बैठक में मौजूद अन्य पार्षदों ने बीच-बचाव किया। इस दौरान शोर-शराबा सुनकर विधायक के गनमैन अंदर और विधायक को छुड़वाया।

**गन निकालने की चर्चा**

बताया जा रहा कि विधायक अरोड़ा के सुरक्षाकर्मी ने गन निकालकर विधायक अरोड़ा को साइड किया। हालांकि नप के ईओ राजेश कुमार ने इस बात को लेकर इनकार किया। आज नगर परिषद थानेसर की हुई हाउस की बैठक शुरू होते ही जमकर हंगामा हुआ और नोबत  हाथापाई तक पहुंच गई। बैठक में मौजूद विधायक अशोक अरोड़ा ने नप के कार्यकारी अधिकारी से कहां की आप द्वारा जारी आदेश के अनुसार हाउस की बैठक में केवल पार्षद ही बैठ सकते हैं। लेकिन यहां पार्षद प्रतिनिधि के नाम पर आउटसाइडर बैठे हुए हैं। चा हंगामा बढ़ते देख अरोड़ा के कुछ समर्थक भी हाल में पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस हुई और नौबत हाथापाई तक आ गई।

विधायक अशोक अरोड़ा का कहना है कि जब तक बाहरी व्यक्ति को बाहर नहीं निकाले जाते तब तक कार्यवाही शुरू नहीं होगी। हंगामा ज्यादा बढ़ते देख बैठक स्थगित कर दी गई।

# मेवात की तालीम में सराहनीय कदम, केरल के तर्ज पर मेवात में मिल रही शिक्षा: रमजान चौधरी

**पहल**

**केरल की तर्ज पर हरियाणा के तालीम में सबसे फिसड्डी नूंह जिले में शिक्षा मिलने जा रही है**



**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** वात के लोगों के लिए अच्छी खबर है। साक्षरता दर में देश में पहले पायदान पर केरल की तर्ज पर हरियाणा के तालीम में सबसे फिसड्डी नूंह जिले में शिक्षा मिलने जा रही है। फाल्कन इंटरनेशनल स्कूल ने नूंह जिले में वर्ष 2018 से चल रहे अलिफ इंटरनेशनल स्कूल के साथ एमओयू साइन किया है। दोनों स्कूलों के संयुक्त सौजन्य से शिक्षा दी जा रही है। आगामी 24 मई को इसी स्कूल में फाल्कन साहित्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय कांग्रेस विधायक आफताब अहमद करेंगे और रमजान चौधरी एडवोकेट इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद शाम करीब 8 बजे एक विशाल कार्यक्रम होगा, जिसमें भिवानी - महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, हथीन कांग्रेस विधायक इसराइल खान, नूंह कांग्रेस विधायक आफताब अहमद, फाल्कन ग्रुप के अध्यक्ष डॉक्टर अब्दुल सुभान के अलावा आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, एचसीएस अधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। अलिफ इंटरनल स्कूल के प्रबंध निदेशक रमजान चौधरी एडवोकेट एवं फाल्कन इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल मुबाशिर पीके एवं वाइस प्रिंसिपल रबी करात इत्यादि ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इसी दिन शहर में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा एक रैली भी निकाली जाएगी। यह स्कूल पहली से आठवीं तक है, जिसमें तकरीबन 350 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। फाल्कन ग्रुप के देशभर में तकरीबन 100 स्कूल चलाए जा रहे हैं। इनका मुख्यालय बेंगलुरु में स्थित है। कुल मिलाकर अब नूंह के बच्चों को भी केरल की तर्ज पर शिक्षा मिल रही है। आने वाले समय में इस स्कूल में तालीम के क्षेत्र में और बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसी दिन दादा - दादी मिलन समारोह एवं पीटीए समिति का गठन भी स्कूल की तरफ से किया जाएगा। एक गुफ्तगू थीम भी इसमें रखी गई है। कुल मिलाकर फाल्कन ग्रुप के द्वारा हरियाणा के तालीम के क्षेत्र में सबसे फिसड्डी नूंह जिले में एक सराहनीय पहल है।

# अवैध खनन रोकने को लेकर लगातार हो रही सघन जांच



**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद**

हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं और जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर रहे हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को जड़ से खत्म करना है।

जिला खनिज अधिकारी कमलेश बिधलान ने बताया कि खनन विभाग की टीम द्वारा विभागीय जांच अभियान के तहत पाली नाका पर की गई कार्रवाई में एक ट्रक को बिना ई-रवाना बिल के पकड़ा गया। टीम ने जब वाहन को रोककर दस्तावेजों की जांच की तो चालक के पास खनिज से संबंधित कोई वैध बिल उपलब्ध नहीं था। कमलेश बिधलान ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए खनिज वाहन को सम्बंधित पुलिस स्टेशन में निर्धारित नियमों के तहत जब्त कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और विभागीय स्तर पर निरंतर निगरानी रख रहे है। उन्होंने कहा कि महानिदेशक श्री पांडुरंग व डीसी विक्रम सिंह के दिशा निदेर्शों अनुरूप जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन को रोकने के लिए निरन्तर सख्त अभियान जारी रहेगा। इसके तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# कमरे के अंदर से मोबाइल फोन चोरी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

मुरथल थाना क्षेत्र की आरके कॉलोनी में स्थित कमरे से मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

खड़गपुर मुंगेर बिहार निवासी गौतम ने बताया कि वह रात को अपने कमरे पर सो रहा था। मोबाइल को अपने पास ही रखा था। सुबह उठकर देखा तो मोबाइल फोन गायब मिला। अपने स्तर पर मोबाइल की तलाश की,लेकिन सुराग नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी कुलदीप सिंह ने बताया कि चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

# वी ने रु 299 प्रति सदस्य ऐड ऑन के साथ अपने फैमिली प्लान्स को बनाया और भी फ्लेक्सिबल

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज अपने फैमिली पोस्टपेड प्लान्स में नए ऐड ऑन फीचर की घोषणा की है जिसके तहत उपभोक्ता मात्र रु 299 प्रति सदस्य का शुल्क देकर अपने मौजूदा फैमिली प्लान में कुल 8 सदस्यों को शामिल कर सकते हैं। यह वी ऐप के जरिए मौजूदा वी फैमिली प्लान में परिवार के और सदस्यों को शामिल करने का सुविधाजनक तरीका है जिससे परिवार के सभी सदस्य वी के शानदार फायदों का लाभ उठा सकते हैं।वी का नया ऐड.ऑन फीचर सुनिश्चित करता है कि इस प्लान के तहत हर सदस्य को 40 जीबी हाई.स्पीड मंथली डेटा मिले। रु 299 प्रति कनेक्शन के शुल्क पर यह मार्केट में मौजूद सबसे प्रतिस्पर्धी विकल्प है जो उपभोक्ता को उत्कृष्ट मूल्य और सुविधा प्रदान करता है।यह प्लान वी की मौजूदा फैमिली पोस्टपेड रेंज का पूरक है जिसमें रु 701 की शुरूआती शुल्क पर दो से पांच सदस्यों के लिए डेटा,ओटीटी,वॉइस एवं एसएमएस के फायदे शामिल हैं।रु 299 के ऐड.ऑन फीचर के साथ वी के उपभोक्ता अब अपने अकाउन्ट में 8 तक सैकण्डरी सदस्य शामिल कर सकते हैं और अपने प्लान को अपग्रेड किए बिना ज्यादा प्रत्यास्थता का लाभ उठा सकते हैं। उदाहरण के लिए वर्तमान में वी मैक्स फैमिली रु 701 के प्लान में 2 कनेक्शन शामिल हैं,1 प्राइमरी और 1 सैकण्डरी। इस ऐड.ऑन फीचर के साथ रु 701 प्लान के यूजर रु 299 प्रति सदस्य के शुल्क पर 7 तक अतिरिक्त सैकण्डरी सदस्य शामिल कर सकते हैं।वी के फैमिली पोस्टपेड प्लान एक ही बिलिंग,व्यक्तिगत डेटा आवंटन एवं लागत में बचत के साथ अकाउन्ट मैनेजमेन्ट को आसान बनाते हैं। यह नया फीचर भारतीय परिवारों की बदलती जरूरतों के अनुसार उन्हें व्यवहारिक समाधान उपलब्ध कराने की वी की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों और प्रशासन के बीच एक बार फिर होगी मांगों को लेकर वार्ता: रवि आजाद

**टीम एक्शन इंडिया/नूह मेवात (लियाकत अली)**

2 दिन पहले आईएमटी रोजकामेव भूमि अधिग्रहण मुआवजा राशि सहित कई मांगों को लेकर धरना – प्रदर्शन कर रहे दो किसानों की गिरफ्तारी एवं महिला सहित दो किसानों  नेताओं को पुलिस कार्रवाई के दौरान चोट लगने की खबर के बाद गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद व उनके साथ भाकियू से जुड़े कई नेता लघु सचिवालय नूंह पहुंचे। भारतीय किसान यूनियन नेताओं ने पहले अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक से मुलाकात की और उसके बाद उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से करीब सवा घंटे तक लंबी मंत्रणा की। दोनों अधिकारियों से मुलाकात के बाद भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने धीरधोका गांव में चल रहे धरना स्थल की तरफ रुख किया और वहां किसानों के बीच जाकर उनको हिम्मत बंधाई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद ने कहा कि एडीसी, डीसी नूंह के साथ अच्छे माहौल में बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन व सरकार दमनकारी नीति के तहत किसानों को धमका, डराकर मुकदमे व गिरफ्तारी करके आंदोलन को कुचलना चाहता है। ऐसा किसी सूरत में नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अच्छे माहौल में बातचीत हुई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने भारतीय किसान यूनियन के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि आगामी 26 मई को प्रशासनिक अधिकारियों की इस बारे में बैठक होगी और उसके बाद जून माह के पहले सप्ताह में ही किसान प्रतिनिधिमंडल एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल के बीच बातचीत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकतर मांगों पर सहमति है, लेकिन हलफनामा रद्द करने तथा मुआवजा राशि बढ़ाने के मामले में प्रशासन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भी किसान प्रतिनिधिमंडल की बातचीत कर सकता है। भाकियू ने कहा कि बातचीत का रास्ता एक बार फिर से खुल गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि इसके जल्द ही सार्थक परिणाम आएंगे। दूसरी तरफ उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक तरीके से धरना – प्रदर्शन चलता रहेगा।

### केएएफएफ ने गुरुग्राम में लॉन्च किया नया एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर

**गुरुग्राम:** हाई–एंड मॉड्यूलर किचन सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी केएएफएफ इंडिया ने गुरुग्राम में अपना नया एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर लॉन्च किया है। यह स्टोर बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है, जहाँ उपभोक्ता आधुनिक और एडवांस किचन का पूरा अनुभव एक ही छत के नीचे ले सकते हैं। यह स्टोर राव जयमल मार्ग मार्केट, सेक्टर 85, गुरुग्राम में स्थित है और लगभग 800 वर्ग फुट में फैला हुआ है। के–एएफएफ इंडिया के सीओओ नलिन कुमार ने कहा, हम गुरुग्राम जैसे आधुनिक और परंपरा से जुड़े शहर में अपना नया शोरूम खोलकर बेहद उत्साहित हैं।  केएएफएफ में हमारा लक्ष्य है कि हम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाएं और रसोई को एक सुखद और सुविधाजनक अनुभव बनाएं। हमारा यह नया स्टोर इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जहाँ ग्राहक हमारी आधुनिक और भरोसेमंद किचन डिजाइनों को नजदीक से अनुभव कर सकते हैं। इस स्टोर की खासियत यह है कि यहाँ  केएएफ–एफ के सभी बिल्ट–इन किचन अप्लायंसेज, हार्डवेयर, एसेसरीज और सिंक उपलब्ध हैं।

### लैंगिक संवेदनशील सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरटेक फाउंडेशन ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**शिमला:** समावेशी और सतत गतिशीलता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पंजाब पुलिस के ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा विंग ने आज हरटेक फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किए।इस सहयोग का उद्देश्य एक लैंगिक संवेदनशील और डेटा आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त यह साझेदारी सड़क पर ट्रैफिक अधिकारियों की दृश्यता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सौर ऊर्जा चालित ढाँचों जैसे ट्रैफिक सहायता केंद्रों,विश्राम स्टेशनों,सोलर हेलमेट आदि के अनुसंधान और विकास को भी समर्थन प्रदान करेगी।

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बाबैन खंड शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौंपा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/बाबैन :** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बाबैन (जिला कुरुक्षेत्र) ने आज प्रधान श्री राजबीर सिंह के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी श्री ज्ञान चंद जी को बाबैन खंड का चार्ज मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर संघ ने शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा।प्रमुख मांगें:  2017 बैच के जेबीटी शिक्षकों को नोशनल लाभ प्रदान कर वेतन निर्धारण किया जाए, और जिन शिक्षकों का वेतन निर्धारण हो चुका है, उनके लिए बजट की व्यवस्था की जाए। मिड डे मील योजना के अंतर्गत आटे की आपूर्ति जुलाई माह से 15-15 दिन के अंतराल पर सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को पोषण युक्त भोजन समय पर मिल सके। शिक्षकों के लंबित लाभों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिनमें मेडिकल बिल,जीपीएफ, एलटीसी, एसीपी आदि शामिल हैं। गर्मी की छुट्टियों के दौरान ऋछठ सेमिनार का आयोजन न किया जाए।जीएमएस बीड़ सुजरा के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के शिक्षकों का वेतन निकलवाने का कार्य समय से सुनिश्चित किया जाये।

# समीक्षा बैठक में विभाग अध्यक्ष की हाजिरी हो शत-प्रतिशत

**दिशा निर्देश**

**उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने समीक्षा बैठक में समस्याओं के समाधान को लेकर दिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कहा कि हमें नागरिकों की समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान करना है। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को समस्याओं पर फोकस करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों से एक-एक करके उनके विभागों की सभी पेंडिंग समस्याओं का ब्यौरा लिया और अति शीघ्रता से उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि समीक्षा बैठक में कहा कि समीक्षा बैठक में अक्सर देखने में यह आ रहा है कि अधिकारी समीक्षा बैठक में अपने विभाग के किसी अन्य व्यक्ति को भेज देते हैं जिनके पास समीक्षा के संदर्भ में जानकारी नहीं होती ऐसे करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि जन संवाद समाधान शिविर के तहत प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का हमारे द्वारा ही निस्तारण होना है इसमें देरी क्यों लग रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे  निर्धारित समय अनुसार अपनी समस्याओं का निस्तारण करें इससे काम का भार भी कम होगा और आम जन संतुष्ट भी होगा। उपायुक्त ने निर्देश दिए की नागरिकों की समस्याओं की अनदेखी अधिकारियों पर भारी न पड़ जाए इसके लिए उन्हें हर समीक्षा बैठक में हाजिर होना होगा।

उपायुक्त ने बताया कि अधिकारियों को और गम्भीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने जिन विभागों की पेडेंसी बचती है उन्होंने जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर ये कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं इनमें जो समस्याएं आम जन द्वारा प्रस्तुत की गई हैं उनकी बारिकियों को समझ कर उन पर कार्य करना होगा। इस मौके पर एसडीएम ब्रह्मप्रकाश, निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, जिला परिषद सीईओ डॉक्टर किरण सिंह, नगराधीश टीनू पोसवाल, सीएमओ विजयपाल मलिक, डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स, जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता करण बहल, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता एस धीमान, पॉल्यूशन नियंत्रण बोर्ड के आर ओ भूपेंद्र चहल, एसडीओ पशु पालन विभाग डॉक्टर श्री भगवान के अलावा विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार के तबादले को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन में पहुंचे चौधरी खान

**धरना**

**नायब तहसीलदार के तबादले की मांग पर चौथे दिन भी जारी, पुनहाना तहसील पर वकीलों का धरना**



**टीम एक्शन इंडिया नूंह मेवात ( लियाकत अली ):** नायब तहसीलदार के तबादले की मांग को लेकर तहसील के वकीलों का चौथे दिन भी धरना जारी है। शुक्रवार को धरना - प्रदर्शन को समर्थन देने जिला मेवात बार एसोसिएशन के प्रधान मकसूद खान और पूर्व राज्य मंत्री चौधरी रहीस खान भी पहुंचे। कांग्रेस उम्मीदवार रहे हाजी अख्तर हुसैन भी शामिल हुए। जिन्होंने पूरी तरह से पुनहाना के वकीलों का साथ देने को कहा। पुरानी तहसील के पास धरना दे रहे वकीलों के धरने में शामिल होने पहुंचे नूंह बार के प्रधान का साफ कहना है कि जब तक नायब तहसीलदार नरेंद्र भारद्वाज का तबादला यहां से नहीं किया जाता तब तक वे अपना काम बंद रखेंगे। मंगलवार को वकीलों ने मुख्यमंत्री के नाम उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा था कि पुनहाना तहसील में नरेंद्र भारद्वाज नायब तहसीलदार अतिरिक्त कार्यभार संभाले हुए हैं। जिनका व्यवहार आम लोगों व वकीलों के प्रति बेहद खराब है। वह सप्ताह में एक - दो दिन ही आते हैं। जिससे लोगों को अपने जरूरी कामों के लिए इधर - उधर भटकना पड़ता है। इसके अलावा रजिस्ट्री व अन्य सरकारी कार्यों के लिए वकीलों को भी भटकना पड़ता है। वकीलों का कहना है कि रजिस्ट्री पर साइन करने की एवज में यहां रिश्वत मांगी जाती है।

नूंह बार के प्रधान ने कहा कि एसडीएम को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा था और उसी दिन से तहसील पर सभी काम काज बंद है, लेकिन फिर भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है और तहसीलदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है । वकीलों ने बताया कि सोमवार को हम डीसी साहब से मुलाकात करेंगे अगर फिर भी हमारी मांग पर तहसीलदार का तबादला नहीं होता है तो नूंह की सभी बार एसोसिएशन में काम बंद कर धरना शुरू करेंगे । उन्होंने कहा कि बड़ी दुख की बात है कि पिछले चार दिनों से धरना - प्रदर्शन चल रहा है। पर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा है, जिससे भी वकीलों में नाराजगी है । धरना - प्रदर्शन में पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री चौधरी रहीस खान ने कहा कि धरना दे रहे वकीलों को हमारा पूरा साथ है । वकील जनता की भलाई के लिए मांग कर रहे हैं। प्रशासन को मांगें माननी चाहिए । पूर्व राज्य मंत्री रहीस खान ने कहा कि डीसी साहब से बात करूंगा और जल्द ही नायब तहसीलदार का तबादला करा दिया जाएगा ।

# डायल-112 टीम को महिला आयोग की चेयरपर्सन ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कुरुक्षेत्र की डायल-112 ईआरवी नंबर 441 की टीम को तत्परता से कारवाई करने के लिए सम्मानित किया। पुलिस की डायल-112 की कारवाई के बारे में महिलाओं को जानकारी देने के लिए चेयरपर्सन ने करवाई थी डायल-112 पर कॉल।

जानकारी देते हुए पुलिस  प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया पंचायत भवन कुरूक्षेत्र में मीटिंग में मौजूद थी। महिला आयोग की चेयरपर्सन ने महिला सुरक्षा को लेकर डायल-112 की कारवाई के बारे में महिलाओं को जानकारी देने के लिए एक महिला से डायल-112 पर सहायता के लिए फोन करवाया। सूचना मिलने पर डायल-112 ईआरवी नंबर 441 पर तैनात सहायक उप निरीक्षक कर्ण सिंह व चालक सोम प्रकाश की टीम मात्र 4 मिनट में मौका पर पहुंची।  मौका पर पहुंची टीम का चेयरपर्सन रेनू भाटिया व अन्य महिलाओं ने पुलिस टीम को प्रशंसा करते हुए स्वागत किया। रेनू भाटिया ने बताया कि उन्होंने पुलिस की मुस्तैदी दिखाने तथा डायल-112 की कारवाई के बारे में महिलाओं को जानकारी देने के लिए एक महिला से कॉल करने को कहा था। जिस पर डायल-112 की टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए 4 मिनट में महिला के पास पहुंचकर अपनी तत्परता और कार्य कुशलता का परिचय दिया है।

## संपादकीय

# सिर्फ स्मारिका नहीं है तानसेन की 'स्वरित'

**जीवन** में जितनी अयथेष्टा, रिक्तता, खालीपन है,उसको भरना और भरते रहना कलाकार का काम है । यह कथन था महान कला मर्मज्ञ आनंद कुमार स्वामी का। वह 'भारतीय' को सनातन प्रवाह के रूप में देखते थे और यह महसूस करते थे कि भारत में कोई चीज पुरानी नहीं होती,कोई चीज नई भी नहीं होती, भारत में वस्तु बार-बार पैदा होती रहती है, पुनः पुनः जायमान होती रहती है। यह जो उषा की तरह पुनः पुनः जायमान होना है वही असली मानवीय संस्कार है। उक्त उद्गार विद्वान विद्यानिवास मिश्र ने राय कृष्ण दास स्मारक व्याख्यान माला में आनंद कुमार स्वामी पर विस्तृत चर्चा करते हुए व्यक्त किए थे। ग्वालियर में विगत 100 वर्ष से निरंतर आयोजित होने वाले तानसेन संगीत समारोह की स्मारिका 'स्वरित' को पाकर सहज ही उनकी यह बातें अधिक प्रासंगिक प्रतीत होने लगी ।
'स्वारित' के संपादन में डॉक्टर दिनेश पाठक ने पूरी संगीत निष्ठा से अतीत स्मृति प्रबंधन की खूबसूरत मिसाल पेश की है। 'तानन प्रथम तानसेन' में उन्होंने तन्ना... मनसुख... त्रिलोचन यानी तानसेन का विस्तार से परिचय कराया है। तानसेन 27 बरस अकबर के दरबार में रहे और 'कंठाभरणवाणी विलास' की उपाधि से विभूषित होकर सम्मानित हुए। उनके दुनिया से विदा होने पर बादशाह अकबर ने कहा था "तानसेन की मौत मौसिकी के लिए सदमा है। हजारों हजार साल में शायद ही कोई फन-ए- मौसिकी में उसकी बराबरी कर सकेगा"। अबुल फजल 'आइने अकबरी' में तानसेन का परिचय देते हुए लिखते हैं " मियां तानसेन ग्वालियर निवासी जिसके समान अन्य कोई गायक,भारत में पिछले एक हजार वर्ष से नहीं हुआ"। स्मारिका में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा 1907 की सरस्वती में प्रकाशित 'संगीत के स्वर' आलेख का भी पुनः प्रकाशन किया है। भारतीय संगीत के सूक्ष्म और शास्त्रीय ज्ञान की सराहना करते हुए उन्होंने लिखा था कि यूरोप वालों को मूच्छना और गमक आदि का अब तक ज्ञान नहीं है। काव्य शास्त्र की तरह भारतीय संगीत शास्त्र भी बहुत बढ़ा-चढ़ा है। इसी लेख में उन्होंने प्रमाणिक भारतीय संगीत ग्रंथों का उल्लेख करते हुए संगीत पर विस्तार से प्रकाश डाला है। एक अन्य लेख 'संगीत का मूलाधार एक है' में उस्ताद अमजद अली खान भारतीय संगीत के सात स्वरों सा, रे, गा, मा, पा,धा, नी की तुलना पश्चिम के डो,री, मी, फा, ला, टी से करते हुए लिखते हैं कि संगीत पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोता है। गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर संगीत को कला का 'विशुद्धतम' रूप निरूपित करते हुए कहते हैं कि संगीत सौंदर्य को बड़े शुद्ध रूप में प्रकट करता है। गायक के सभी साधन उसके अंतर में विद्यमान होते हैं। स्वरों का उदय उसके जीवन से होता है।
उसे बाहरी उपकरणों की पराधीनता नहीं । प्रोफेसर मुकुंद लाठ 'स्वर और शब्द' में लिखते हैं हमारा संगीत पक्का या 'शास्त्रीय' राग संगीत भी अपने आप को गाने में ही पहले देखता है बजाने में बाद में। शास्त्रों में गीत को प्रधान कहा गया है और आज भी सहृदयों में यही मान्यता रही है। सवाल उठता है कि संगीत में शब्द का स्थान क्या है ? राग- संगीत में यह सवाल उठता ही नहीं। शिकायत रहती है राग-संगीत साहित्य का ध्यान क्यों नहीं रखता।

# युद्ध काल में लक्ष्मण रेखा लांघता विपक्ष

मृत्युंजय दीक्षित

> "अब जबकि अभी ऑपरेशन सिंदूर का एक छोटा सा चक्र ही पूरा हुआ है राहुल गांधी और अन्य विपक्ष विदेश मंत्री के बयान को तोड़ मरोड़ कर उनके पीछे पड़ गया है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा हैं, सुनियोजित तरीके से सीजफायर के मामले पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का झूठ फैला रहा है। जब अमेरिका ने पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर हमला किया था तब अमेरिका ने भी पाकिस्तान को पूर्व में ही सूचित कर दिया था यह एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का अहम हिस्सा है और भारत ने भी उसी नियम का पालन किया है किंतु पता नही क्यों राहुल गांधी को इस पर भी राजनीति करनी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेश मामलों के विशेषज्ञ हैं, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता उनको मुखबिर कह रहे हैं"

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए क्रूर आतंकी हमले की सूचना मिलते ही गृह मंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंच गए, प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरा बीच में ही रोक कर वापस आए, एअरपोर्ट पर ही सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की, और अगले ही दिन आतंकियों और उनके पीछे पीछे शत्रुओं को ऐसा दंड देने की घोषणा की जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। इसके बाद सरकार के सभी अंग अपने अपने काम पर लग गए और विपक्ष सरकार का उपहास उड़ाने में। सरकार ने पहले बड़े कूटनीतिक निर्णय लेते हुए सिन्धु जल समझौते को स्थगित किया फिर पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन सिन्दूर लांच हुआ, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तथा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किये गए जिनमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने या नागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया और स्पष्ट किया कि उसकी कार्यवाई केवल आतंक के विरुद्ध है किन्तु पाकिस्तानी सेना फिर भी बीच में कूद पड़ी और भारत के सैन्य तथा नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान में तबाही का मंजर देखा गया और फिर अचानक सीज फायर हो गया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि यह युद्ध विराम नहीं मात्र स्थगन है, ऑपरेशन सिन्दूर जारी है। वर्तमान में भारत के सर्वदलीय सांसद समूह विश्व के अलग अलग देशों में भारत का पक्ष रखने पहुंचे हुए हैं । विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है। ऑपरेशन सिन्दूर लांच होने से पूर्व, सीज फायर की घोषणा और फिर संसदीय दलों की सूची बनने तक राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के नेता जिस प्रकार की बयानबाजी, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं कर रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वास्तव में इन दलों द्वारा आपदकाल में एकजुट रहने की बात करना एक कोरा दिखावा मात्र है। कांग्रेस ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी की बिना सिर की तस्वीर सोशल



मीडिया पर जारी की और उसके ऊपर गायब लिखा, सोशल मीडिया पर हुए भारी विरोध के बाद भी कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की हेड उसका बचाव करती रहीं लेकिन बाद में मजबूरन उनको वह पोस्ट हटाना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने राफेल का उपहास उड़ाया। कुछ विरोधियों ने तो दो कदम आगे बढ़कर इसे चुनावी स्टंट तक बता दिया। ये लोग लगातार प्रधानमंत्री के मीम सोशल मीडिया पर डालते रहे। विमर्श बदलने और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए उन्होंने पहलगाम की घटना को हल्का करने और इस सत्य पर चूना पोतने का प्रयास किया कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर केवल हिन्दू पुरुषों को मारा। मीडिया बहस के दौरान किसी भी विरोधी दल के प्रवक्ता ने यह नहीं कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर मारा है अपितु वह सभी लोग यही कहते रहे कि आतंकवादियों ने कुछ निर्दोष लोगों को मार दिया। साथ ही मुस्लिम परस्त विरोधी दलों के नेता लगातार ये कहने लगे कि किसी एक के आतंकवादी होने से पूरी कौम को आतंकी नहीं कह सकते जबकि उस समय यह विषय ही चर्चा करने का नहीं था। ऑपरेशन सिंदूर स्थगन के बाद से राहुल गांधी व इंडी गठबंधन के नेता व प्रवक्ता सरकार के विरोध की लक्ष्मण रेखा लांघ कर उसे राष्ट्र विरोध में बदल रहे है। राहुल गांधी, इंडी गठबंधन व उनके प्रवक्ता मीडिया के सामने जो प्रश्न कर रहे हैं वो पाकिस्तान व आतंकवादियों के लिए कवर फायर देने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व उत्तर प्रदेश के स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोगों को ऑपरेशन सिंदूर एक छुटपुट घटना लग रही है। इन लोगों के अनुसार यह ऑपरेशन 24 घंटे में ही फुस्स हो गया।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पाकिस्तान प्रेम तो अद्भुत ही उनका कहना है कि अपने पाकिस्तान से युद्ध चल रहा है। राहुल गांधी व इंडी गठबंधन ने आज तक ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा नहीं की है अपितु वह पूछ रहे हैं कि इस ऑपरेशन में हमने कितने पायलट खो दिये हैं, हमारे कितने विमान नष्ट हुए। कांग्रेस प्रवक्ता दो हाथ आगे जाकर ऑपरेशन सिंदूर को सौदा बता रहे हैं। विपक्ष उसी तरह से बौखलाया दिख रहा है जिस तरह से पाकिस्तान।
अब जबकि अभी ऑपरेशन सिंदूर का एक छोटा सा चक्र ही पूरा हुआ है राहुल गांधी और अन्य विपक्ष विदेश मंत्री के बयान को तोड़ मरोड़ कर उनके पीछे पड़ गया है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा हैं, सुनियोजित तरीके से सीजफायर के मामले पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का झूठ फैला रहा है। जब अमेरिका ने पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर हमला किया था तब अमेरिका ने भी पाकिस्तान को पूर्व में ही सूचित कर दिया था यह एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का अहम हिस्सा है और भारत ने भी उसी नियम का पालन किया है किंतु पता नही क्यों राहुल गांधी को इस पर भी राजनीति करनी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेश मामलों के विशेषज्ञ हैं, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता उनको मुखबिर कह रहे हैं।

राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी उरी से लेकर पुलवामा और पहलगाम तक हर घटना पर संदेह व्यक्त किया है और कभी भी पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नहीं बोली। इतना ही नहीं उन्होंने पुलवामा के बाद हुई एयर स्ट्राइक का सबूत भी माँगा । वर्तमान कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के शिकंजे में जा चुकी है । आज वो लोग सरकार व सेना पर सवाल उठा रहे हैं जिनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के कारण आज आतंकवाद व आतंकवादी नासूर बन गये हैं। वो लोग सवाल उठा रहे हैं जिनके रहते कश्मीर घाटी में हिन्दुओं के साथ 1980- 90 के दशकों में खून की होली खेली गई और कश्मीर घाटी हिन्दुओं से विहीन कर दी गई। इन सभी दलों को 2004से 2014 तक का काला दौर याद रखना चाहिए जब देश का कोई भी कोना आतंकवादी हमलों से नहीं बच पा रहा था किंतु आज स्थित एकदम उलट गई है। कांग्रेस के मूर्धन्य लोगों को यह बताना ही होगा कि इन लोगों ने मुंबई बम धमाकों के बाद क्या किया था? राहुल गांधी की बयानबाजी से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह पाकिस्तान और चीन के लिए जासूसी कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से घायल पाकिस्तान ये जानना चाहता है कि ऑपरेशन सिंदूर से हमें तो नुकसान हुआ किंतु क्या भारत को भी नुकसान हुआ यदि हाँ तो कितना? अब राहुल गाँधी इसी काम में लगे हैं। यदि राहुल गांधी को सेना पर भी विश्वास होता तो इन्होने डीजीएमओ की प्रेस वार्ताएं सुनी होतीं जिनमें भारतीय पक्ष को विस्तार से समझाया गया था किन्तु निजी स्वार्थ की राजनीति सेकरने वाले इन लोगों को मुस्लिम वोट बैंक के आगे कुछ और दिखाई नहीं देता। राहुल गांधी भारत में विपक्ष के नेता हैं और वह जो भी बोलते हैं उसे पाकिस्तान में अवश्य सुना जाता है। राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार से वर्तमान समय में इसलिए भी चिढ़ गई है क्यांकि राहुल गांधी जिन नेताओं का पसंद नहीं करते हैं उन्हें सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल में षिमल किया गया है जैसे कि षषि थरूर षषि थरूर एक बहुत ही योग्य सांसद व विदेश मामलों के जानकार भी हैं, उन्हें एक लंबा अनुभव भी है और उन्होंने कई अवसरां पर सरार की नीतियों का समर्थन किया।

## कविता

### असहजता

संघर्ष है तो हारने के डर से
फिर विराम क्यों?
राम है तो औरों से
फिर काम क्यों?
ज्ञान है तो फिर अज्ञानता का
भार क्यों?
जीत की तलब है तो फिर
हार का खौफ क्यों?
अजनबी हूँ तो फिर इतना
अपनापन क्यों?
अहम है तो फिर वहम भरी
बातें क्यों?
सहज हो तो फिर व्यवहार में
असहजता क्यों?
ज्ञात है सब तो फिर अज्ञात का
बोध क्यों?
जीवंत हो तो फिर मरण से
भय क्यों?

डॉ.राजीव डोगरा

## ठाकुरों की गढ़ी से केसर तालाब तक

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**दक्षिण**-पश्चिम हरियाणा की रेतीली धरती पर, जहां धूप की तल्खी रेत के कणों को भी तपाने में सक्षम होती है, वहीं बसा है बड़वा – एक गांव जो आज भी अपने अतीत की स्मृतियों को हवेलियों की दीवारों, तालाबों की गहराई, और चित्रों की रंगरेखा में संजोए हुए है।
यह गांव भिवानी जिले में, हिसार से 25 किलोमीटर दक्षिण में, राजगढ़-बीकानेर राजमार्ग पर स्थित है। इसकी पहचान सिर्फ एक सामान्य ग्रामीण बस्ती के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवित संग्रहालय के रूप में है, जिसमें स्थापत्य, कला, संस्कृति और सामाजिक इतिहास के तमाम रंग समाए हैं।

**ठाकुरों की गढ़ीः बड़वा की आत्मा**

बड़वा का उल्लेख आते ही सबसे पहले जिस ऐतिहासिक संरचना का नाम आता है, वह है ठाकुरों की गढ़ी। यह गढ़ी गांव के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक रेतीले टीले पर बनी है, जिसे ब्रांसा भवन भी कहा जाता है। इसका निर्माण 1938 में किया गया था – उस समय जब मानसून ने धोखा दिया और गांव में अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई। तब ठाकुर बाग सिंह तंवर ने इसे रोजगार के अवसर के रूप में देखा और अपने लोगों को निर्माण कार्य में जुटाया। गढ़ी का विशाल प्रवेशद्वार आज भी लोहे की मोटी प्लेटों और मजबूत लकड़ी से सुसज्जित है। अंदर प्रवेश करते ही लगता है जैसे हम किसी मध्यकालीन कथा में प्रवेश कर रहे हों। भंडारण के लिए बने कमरों की पंक्तियां, रहने योग्य विशाल हॉल, और हाथीखानों की व्यवस्था आज भी इसकी भव्यता की गवाही देती है। बड़वा गांव की नींव तंवर राजपूतों ने रखी थी, जो कि करीब 600 साल पहले राजस्थान के जीतपुरा से यहां आए थे। ठाकुर बृजभूषण सिंह, जो आज इस गढ़ी के उत्तराधिकारी हैं, के पूर्वजों ने यहां 14,000 बीघा भूमि पर अधिकार किया था और धीरे-धीरे इसे एक समृद्ध जागीर में परिवर्तित किया। मुगल काल में तंवरों ने संघर्ष के बजाय शांति और व्यापार को अपनाया, और भिवानी क्षेत्र में अपने लिए एक मजबूत सामाजिक और राजनीतिक स्थान निर्मित किया।
बड़वा में लगभग एक दर्जन ऐतिहासिक हवेलियां हैं, जिनमें से सेठ परशुराम, सेठ हुकुमचंद लाला सोहनलाल और सेठ लक्ष्मीचंद की हवेलियां सबसे अधिक उल्लेखनीय हैं। इन हवेलियों की स्थापत्य शैली, चित्रांकन और दीवारों पर बनी धार्मिक व सांस्कृतिक छवियां राजस्थान की कोटा और किशनगढ़ शैलियों की याद दिलाती हैं। सेठ परशुराम की हवेलीः इनकी हवेली को पिलानी से लाए गए कारीगरों ने सजाया। हवेली के हर कोने में बारीकी से उकेरे गए चित्र हैं, जो कृष्ण-राधा की रासलीला, राजा-रानी के प्रेम संवाद और धार्मिक कथाओं को दशार्ते हैं। सेठ हुकुमचंद की हवेलीः मुख्य द्वार पर सजे हाथी की आकृति, जिसके ऊपर राजा-रानी विराजमान हैं।

## विचार

# दक्षिण अफ्रीका की गरिमा बनाम अमेरिका की आक्रामकता

**प्रो. आरके जैन**

**व्हाइट** हाउस के ओवल ऑफिस में जब दो राष्ट्राध्यक्ष आमने-सामने बैठे, तो वह क्षण केवल एक कूटनीतिक मुलाकात नहीं था - यह वैश्विक मंच पर उभरते तनाव, ध्रुवीकरण और सत्ता के खेल का एक सशक्त चित्र था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के बीच यह टकराव न केवल दो व्यक्तित्वों की भिड़ंत थी, बल्कि यह आज की दुनिया में कूटनीति के बदलते स्वरूप, तथ्यों की अनदेखी और भावनात्मक उकसावे की बढ़ती प्रवृत्ति का प्रतीक बन गया। यह घटना एक चेतावनी थी–वैश्विक नेतृत्व अब संयम और समझदारी की राह छोड़कर सनसनीखेज आरोपों और राजनीतिक हथकंडों की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप ने जिस आक्रामकता के साथ दक्षिण अफ्रीका में श्वेत किसानों पर कथित अत्याचार और नरसंहार का मुद्दा उठाया, वह राजनयिक शिष्टाचार को तार-तार करने वाला था। कुछ चुनिंदा वीडियो फुटेज, जिनकी न तो कोई आधिकारिक पुष्टि थी और न ही गहन जांच, ट्रंप ने रामाफोसा के सामने रखे और सख्त लहजे में घोषणा की कि अमेरिका इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। यह जल्दबाजी भरा कदम स्पष्ट रूप से उनके घरेलू वोटबैंक को उत्तेजित करने की रणनीति का हिस्सा था।
अमेरिका में नस्लीय तनाव पहले से ही चरम पर है, और ट्रंप ने इस अंतरराष्ट्रीय मुद्दे को उठाकर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश की। यह उनके उस पुराने पैटर्न का हिस्सा था, जिसमें वे वैश्विक मंच को अपने राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसके विपरीत, सिरिल रामाफोसा ने संयम और तथ्यों के साथ जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दक्षिण अफ्रीका में हिंसा का शिकार केवल श्वेत किसान नहीं, बल्कि अश्वेत समुदाय भी उतना ही प्रभावित है। रामाफोसा ने तर्क दिया कि अगर श्वेतों का नरसंहार जैसी स्थिति होती, तो देश के प्रमुख श्वेत उद्यमी, खिलाड़ी और प्रभावशाली लोग देश छोड़कर चले जाते। इसके बजाय, उन्होंने देश के साथ खड़े रहकर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। यह जवाब न केवल ट्रंप के एकपक्षीय आरोपों को खारिज करता था, बल्कि यह भी दशार्ता था कि रामाफोसा अपने देश की जटिल सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं को समझते हैं और उसे वैश्विक मंच पर गरिमा के साथ प्रस्तुत करने में सक्षम हैं। यह मुलाकात केवल दो नेताओं के बीच तकरार नहीं थी; यह वैश्विक नेतृत्व की बदलती प्रकृति का एक दर्पण थी। दक्षिण अफ्रीका, जो रंगभेद के काले अध्याय से उबरकर लोकतंत्र और समानता की राह पर बढ़ रहा है, ऐसे में बिना पूर्ण तथ्यों के नरसंहार जैसे गंभीर आरोप लगाना न केवल उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि वैश्विक समुदाय में भ्रम और तनाव को बढ़ावा देता है। ट्रंप के सबूत–चुनिंदा वीडियो और अपुष्ट रिपोर्ट्स–दक्षिण अफ्रीका की जटिल वास्तविकता का संपूर्ण चित्र नहीं पेश करते। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर करता है, जहां तथ्यों की जगह सनसनीखेज दावे और भावनात्मक उकसावे हावी हो रहे हैं। यह घटना एक गंभीर सवाल उठाती हैः क्या वैश्विक नेता अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए किसी देश पर आरोप लगाने से पहले समुचित जांच करते हैं? कूटनीति का आधार तथ्य, संवाद और आपसी समझ है, लेकिन ट्रंप का रवैया इसे कमजोर करता है। उनकी आक्रामकता और एकतरफा दृष्टिकोण ने राजनयिक शिष्टाचार को नजरअंदाज किया और यह संकेत दिया कि वैश्विक मंच पर अब संयम की जगह टकराव और ध्रुवीकरण ने ले ली है। रामाफोसा का संतुलित जवाब, इसके उलट, एक ऐसे नेतृत्व का प्रतीक है, जो न केवल अपने देश की गरिमा की रक्षा करता है, बल्कि वैश्विक मंच पर समझदारी और संवेदनशीलता का परिचय देता है। आज की दुनिया में, जहां सूचनाएं पलक झपकते फैलती हैं, नेताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे तथ्यों को प्राथमिकता दें और सनसनीखेज दावों से बचें। ट्रंप का यह कदम उनके उस दृष्टिकोण को उजागर करता है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# तो मोदी जी ने कर ही दिया 'सिंदूर खेला'

**राकेश अचल**

**आखिर** जिस बात की आशंका थी वो हो ही गया. 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा किए गए नृशंस हत्याकांड का बदला लेने के लिए भारत सरकार ने अपनी सेना के माध्यम से जो 'आपरेशन सिंदूर ' चलाया था उसका असली खेल 22 मयी 2025 को बीकानेर में तब खेला गया जब माननीय, प्रातः स्मरणीय , विश्वगुरु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपनी रगों में लहू के बजाय सिंदूर बहने का दावा किया.
सिंदूर खेला है तो एक सांस्कृतिक घटना लेकिन भारत में आजादी के बाद पहली बार इसे सियासी मकसद से खेला गया है.आपको सिंदूर खेला के बारे में भी बता दूं. सिंदूर खेला बंगाल में विजयादशमी (दशहरा) के दिन मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा किया जाने वाला अनुष्ठान है, जो दुर्गा पूजा के समापन का प्रतीक है। इस रिवाज में विवाहित महिलाएं एक-दूसरे के माथे पर सिंदूर (लाल रंग का पाउडर) लगाती हैं और माँ दुर्गा को विदाई देने से पहले यह अनुष्ठान करती हैं। यह उनके पति की लंबी उम्र और वैवाहिक सुख की कामना का प्रतीक माना जाता है।इसके अलावा, यह सामाजिक एकता और बहनापे का भी प्रतीक है, क्योंकि महिलाएं एक साथ इकट्ठा होती हैं, हंसी-मजाक करती हैं और इस रस्म को उत्सव के रूप में मनाती हैं। यह रिवाज विशेष रूप से पश्चिम बंगाल और बंगाली समुदायों में प्रचलित है।
हमारे दूरदृष्टा प्रधानमंत्री ने पहलगाम में 26 महिलाओं की मांग का सिंदूर उजाडे जाने की घटना को पूरी गंभीरता से लिया. वे सऊदी अरब का दौरा छोडकर भारत लौटे और पहलगाम जाने के बजाय मधुबनी जाकर बोले. सेना के हाथ खोले और सेना को पंद्रह दिन बाद पाकिस्तानी आतंकियों के ठिकाने नेस्तनाबूत करने के लिए 'आपरेशन सिंदूर' की जिम्मेदारी सौंपी. सेना ने 7 मयी से 10 मयी तक आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तानी आतंकियों के 21में से 9 ठिकाने और अनेक सैन्य अड्डे तबाह कर दिए, लेकिन आपरेशन पूरा होने से पहले ही अचानक भारत की ओर से अमेरिका ने और बाद में भारत सरकार ने युद्ध विराम की घोषणा कर सेना के हाथ फिर बांध दिए.।

## ईमानदारी की कीमत-काश! हम भी....

**पड़ोसी** लाल जी आज कुछ बदले-बदले से लगे। उनकी चाल में वह आत्मविश्वास नहीं था जो हम बरसों से देखते आये थे। वह चुपचाप आये, और बिना नजरें मिलाये सोफे में धंस गये।
हम इंतजार करते रहे कि कब वे सिर उठायें एवं कुछ बोलें तो बातों का सिलसिला आगे बढ़े। जब कुछ समय तक वह नहीं बोले तो हमने ही बातों का सिलसिला बढ़ाने हेतु उनसे पूछा - "क्या बात है, आप आज चुपचाप सिर झुकाये हुए क्यों बैठे हैं?" उन्होंने गहरी सांस छोड़ते हुए कहा-"सिंह साहब, अब तो सिर झुकाने की ही प्रेक्टिस करना पड़ेगी। पूरी जिंदगी हमने ऐसा कोई काम नहीं किया कि किसी के सामने सिर झुकाने की नौबत आये लेकिन..." कहकर वह फिर चुप हो गये और नीचे देखने लगे।"क्या हो गया? किसी ने कुछ कह दिया क्या?" वह चुप ही रहे, कुछ नहीं बोले। हमने माहौल को कुछ हलका करने का प्रयास करते हुए उनसे पूछा-- "क्या बात है जो इतना चुपचुपा रहे हो, लगता है कोई गम छुपा रहे हो?" उन्होंने नजरें ऊपर उठाईं और अपने ही अंदाज में जवाब दिया-"अनुभव कहता है कि चुप रहना ही बेहतर है, शब्दों से तो लोग रूठ जाते हैं।"
हमें महसूस हुआ कि पड़ोसी लाल आज कुछ ज्यादा ही गंभीर हैं। हमने उनसे कहा-"आपसे हम कभी रूठे हैं क्या? आप के दिल में जो गुबार उठ रहा है, वह हमसे हमेशा की तरह बेझिझक साझा कर सकते हैं।" "अब क्या बताएं सिंह साहब, आपको तो मालूम ही है कि हमने पूरी नौकरी मेहनत, ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ की। कभी अपने सिद्धांतों के साथ समझौता नहीं किया। कभी गलत के आगे झुका नहीं। ईमानदारी की कमाई से अपने घर-परिवार का पेट पालता रहा। परिवार की अनिवार्य जरूरतों को पूरा किया। इतना सब करने के बाद भी जब अपनों से ही धनाभाव के कारण ताना मिले तो मन खट्टा हो जाता है। अब हमें यह महसूस होता है कि सिद्धांत पर चलते हुए हमने बहुत बड़ी गलती कर दी।"थोड़ा रुककर वह बोले —"सिंह साहब, विभिन्न विभागों में कार्यरत अनेक अधिकारी/कर्मचारियों ने जहां जैसा मौका मिला भ्रष्ट तरीके से खूब कमाई की, एवं शान से रिटायर होकर ऐश की जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने अपने बच्चों को रुपये के दम पर अच्छे कालेजों में पढ़ा कर अच्छी नौकरियों में लगवा दिया, तथा उनके बच्चे विदेशों में नौकरी कर रहे हैं। समाज में उनका बहुत बड़ा रुतबा है। सब उनकी इज्जत करते हैं। पुरानी कहावत थी कि हराम का पैसा कभी नहीं फलता, लेकिन वह सब तो खूब फल फूल रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना करती हैं जीवन को सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना किसी भी संकट की स्थिति मे परिवार के लिए सुरक्षा चक्र का काम करती है। यह योजना बैंक खातों के माध्यम से जुड़ी होती है। इसमें हादसों में होने वाली असमय मृत्यु और अंग-भंग होने पर आर्थिक मदद मिलने के साथ-साथ पेंशन योजना का लाभ भी शामिल है। खाता धारक को सालाना नाममात्र राशि प्रीमियम के तौर पर देनी होती है। यह मामूली राशि परिवार के लिए मुसीबत की घड़ी में बहुत सहारा प्रदान करती है। उपायुक्त डॉक्टर विरेन्द्र दहिया ने बताया कि बैंकों के माध्यम से सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के नाम से बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई हादसा होता है तो वह परिवार के लिए मुसीबत बन जाता है। ऐसे में यदि किसी बीमा योजना से जुड़े होते हैं तो परिवार को आर्थिक मदद मिल जाती है, जो बहुत बड़ा सहारा होती है। सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाएं इस मुसीबत की घड़ी में बड़ी सहायक साबित होती हैं। लोगों को चाहिए कि वे अपने संबंधित बैंक में जाकर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ें। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना में अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना शामिल हैं। ये सभी योजनाएं संकट की घड़ी में बहुत ही मददगार बनती हैं। इन योजनाओं का लाभ उन्हीं लोगों को मिलता है, जिनके बैंक में खाते होते हैं और इन योजनाओं के लिए निर्धारित राशि सालाना प्रीमियम के तौर पर अदा करते हैं। इस योजना से जुड़ने के लिए अपने संबंधित बैंक में फॉर्म भरकर देना पड़ता है। इसके बाद खाताधारक इस योजना से जुड़ा रहता है।

**केवल 20 रूपए में मिलता है प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ**

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभ लेने के लिए महज 20 रुपए सालाना प्रीमियम देना होता है। 18 से 70 वर्ष की आयुवर्ग के लोग इस योजना से जुड़ सकते हैं। हादसे में मृत्यु होने पर इस योजना से जुड़े परिवार को दो लाख रूपए बीमा कवर के रूप में मिलते हैं। इसके अलावा किसी हादसे में एक हाथ या एक पैर या एक आंख खत्म होने पर अथवा दोनों हाथ, दोनों पैर या दोनों आंख जाने पर एक लाख रूपए पीड़ित को मिलते हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए मृतक के परिजनों द्वारा या हाथ-पैर गंवाने वाले व्यक्ति द्वारा हादसा होने के 30 दिन के अंदर-अंदर अपने संबंधित बैंक में सूचना देनी जरूरी है।

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में होता है दो लाख रुपए तक का बीमा कवर**

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेने के लिए सालाना 436 रुपए प्रीमियम खाता धारक को देना होता है। 18 से 50 वर्ष तक के लोग इस योजना से जुड़ सकते हैं। इस योजना में जुड़े व्यक्ति की सामान्य मौत पर भी परिजनों को दो लाख रुपए बीमे के रूप में मिलते हैं। मौत होने के उपरांत परिजनों द्वारा इस योजना के लाभ के लिए संबंधित बैंक को 30 दिन के अंदर सूचना देनी होती है।

### चंडीगढ़ जाने वाली ट्रेन 3 घंटे लेट, गुस्साए यात्रियों ने वंदे भारत रोकी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला कैंट:** अंबाला में चंडीगढ़ जाने वाले यात्रियों ने ट्रेन लेट होने के चलते जमकर हंगामा किया और रेलवे को कोसा। वहीं गुस्साए यात्रियों ने वंदेभारत एक्सप्रेस रोक दी। जिसके बाद यात्रियों ने जनरल टिकट पर ही ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया लेकिन रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को समझाया कि वह बिना रिजर्वेशन के वंदे भारत में सफर नहीं कर सकते। जिसके बाद रोष व्यक्त करते हुए यात्री रेलवे ट्रैक पर उतर गए और वंदे भारत के आगे खड़े हो गए। करीब 20 मिनट तक स्टेशन पर जमकर हंगामा हुआ। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर दुर्ग एक्सप्रेस आई तो यात्रियों ने उसे भी रोक दिया। इसके बाद रेल अधिकारियों ने यात्रियों को समझाकर किसी तरह वंदेभारत और उधमपुर से आई दुर्ग एक्सप्रेस को 18 मिनट की देरी से वहां से रवाना किया। दैनिक यात्री सुनील, धर्मवीर व ललित आदि ने बताया कि ट्रेन नंबर 64563 पहले अंबाला से अंब अंदौरा के बीच चलती थी। लेकिन अब इसका विस्तार रेलवे ने रायपुर हरियाणा स्टेशन तक कर दिया है। इस कारण यह ट्रेन रोजाना देरी से आ रही है। देरी से आने के कारण वो भी अपने कार्यस्थलों पर देरी से पहुंच रहे हैं। यात्रियों के मुताबिक यह लोकल ट्रेन 3 घंटे लेट हो गई। जिस वजह से वह ड्यूटी पर नहीं जा सके। आज भी उनकी ट्रेन को बीच रास्ते रोककर ट्रेन नंबर 22447 नई दिल्ली-अंब अंदौरा वंदे भारत को पास करवाया गया। इससे उनकी ट्रेन फिर लेट हो गई।

# सड़क सुरक्षा को लेकर नहीं बरती जाएगी लापरवाही: एसडीएम शिखा

## एसडीएम शिखा ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति के संबंध में समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद**
एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है, वह उसको गंभीरता से पालन करें। एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने आज शुक्रवार को सड़क सुरक्षा के नियमों की सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

*सड़क सुरक्षा व्यवस्था नियम को सख्ती से लागू किया जाए*
एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने कहा कि शहर की जिन भी सड़कों पर गड्ढे हैं या सड़क क्षतिग्रस्त है, उन स्थानों का त्वरित निरीक्षण कर संबंधित विभाग उन्हें शीघ्र अति शीघ्र दुरुस्त करने की कार्यवाही



करें। जिन स्थानों पर पूर्व में दुर्घटनाएं हुई हैं, उन्हें चिह्नित कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य जैसे साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर आदि लगाए जाएंगे ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य मार्गों और हाईवे पर उचित स्थानों पर साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टिव चिन्ह, और ट्रैफिक लाइट्स की उपलब्धता और कार्यशीलता सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी जगह ट्रैफिक लाइट खराब हो, तो उसकी मरम्मत प्राथमिकता से करवाई जाए। साथ ही सड़क के मध्य में लगे सुरक्षा ग्रिल, यदि कहीं टूटे या क्षतिग्रस्त हैं, तो उन्हें तुरन्त रिपेयर किया जाए। इसके साथ ही, यदि किसी भी सड़क के बीच में बिजली पोल, टेलीफोन खंभा या अन्य कोई संरचना अवरोध पैदा कर रही है, तो संबंधित विभाग उसे तुरंत हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थापित करें।

*स्कूल बसों की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं*
एसडीएम शिखा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्कूल बसों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया जाए। प्रत्येक स्कूल बस के ड्राइवर और कंडक्टर का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए।
बिना वेरिफिकेशन के किसी भी व्यक्ति को बस संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्येक निजी स्कूल को यह जानकारी देनी होगी कि उनके पास कुल कितनी बसें हैं, और प्रत्येक बस के ड्राइवर एवं कंडक्टर का शपथ पत्र (एफिडेविट) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
क्षेत्र के गांव गढ़ी बेसिक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों एवं गांव पत्थरगढ़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में दोनों विद्यालय के कक्षा दसवीं व बाहरवीं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का फूल मालाओं से स्वागत एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी गई तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि एसडीओ जिला परिषद नीरज मित्तल, मिर्जा मुलतानी वेलफेयर सोसाइटी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष हाजी गफ्फार, समाजसेवी सनवर खान,मुकेश वशिष्ठ व प्रधानाचार्य पवन अत्री आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी दे रहे वैज्ञानिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डा. उपासना सिंह एवं डा. रमेश कुमार, कृषि प्रसार विशेषज्ञ ने गांव बिहटा में विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी दी। डा. सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला प्रोग्राम अधिकारी श्रीमती मिक्षा रंगा एवं खण्ड अधिकारी, साहा की श्रीमती ईषा के सहयोग से गांव बिहटा की आंगनबाडी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और महिलाओं को विकसित कृषि संकल्प अभियान के बारे में बताया कि यह अभियान दिनांक 29 मई से 12 जून तक चलाया जायेगा।

## समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का जल्द से जल्द हो निपटान: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई सार्थक एवं सराहनीय पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगो की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से जल्द समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर मे पंहुचे प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उनका तय समय मे जल्द समाधान करवाया जाएं। भरसक प्रयास रहें कि लोगो कि समस्याओं का मौके पर निपटान करवाना जाएं यदि किसी कारणवंश तत्काल समाधान नही होता है तो उसे भी प्राथमिकता के आधार पर तय समय मे निपटाना




सुनिश्चित करें। उपायुक्त आज समाधान शिविरों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहें थे। इससे पहले चण्डीगढ से विडियों क्रान्फ्रेंसिग के माध्यम से समाधान शिविरों को लेकर सभी उपायुक्तों एवं संबंधित अधिकारियो की राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलेवार समाधान शिविरों की विस्तार से समीक्षा की गई और समाधान शिविरों मे आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान करने बारे आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीसी के दौरान अवगत करवाते हुए बताया कि अंबाला मे अब तक आयोजित समाधान शिविरों में कुल 4200 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3882 शिकायतों का निपटान किया जा चुका है। वर्तमान में 106 शिकायतें लंबित हैं जबकि अन्य शेष शिकायतें रिजेक्टेड अथवा रीओपन श्रेणी में हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि लंबित शिकायतों का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी दिशा-निर्देश वीसी के माध्यम से प्राप्त हुए है उनकी अनुपालना मे कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। वीसी उपरांत बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को प्राथमिकता से निपटाया जाए। संबंधित विभाग अपनी लंबित शिकायतों का तत्परता से समाधान करें और प्रयास करें कि मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण हो।

### बाढ़ व जल भराव जैसी स्थिति को लेकर डीसी ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को पुरे विश्व भर मे मनाया जाएगा। इसके तहत आयुष विभाग हरियाणा के निर्देशांनुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे अंबाला मे कार्यक्रमों को भव्य तरीके से मनाने को लेकर जिला प्रशासन व सम्बंधित विभागों द्वारा सभी तैयारिया जोरो पर है, इसके दृष्टिगत सभी कार्य एवं प्रबंध किए जा रहें है।
आयुष विभाग द्वारा योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 22 मई से 24 मई 2025 तक अम्बाला जिला के सभी ब्लॉकों में स्थित पीटीआई, डीपीआई एवं अध्यापकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके पश्चात 28 मई से 30 मई 2025 तक उक्त प्रशिक्षित शिक्षकगण अपने-अपने विद्यालयों में स्कूली छात्रों को योगाभ्यास का प्रशिक्षण देंगे।
इसके अतिरिक्त, 12 जून से 14 जून 2025 तक सभी ब्लॉक स्तरों पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, पंच, सरपंच, एनसीसी कैडेट्स एवं आमजन के लिए तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## भारत की सत्य सनातन वैदिक संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
जिला के गांव बुढशाम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में सर्वदेशिक आर्य वीर दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर का समापन समारोह का आयोजन किया गया इस आयोजन को सफल बनाने में हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक हरियाणा शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायत बुढ़शाम की ओर से पूर्ण सहयोग दिया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के



अंतरंग सदस्य और आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप आर्य रहे समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने की विद्यालय के प्राचार्या सुनीता रानी ने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी समाजसेवी राहुल आर्य ने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी का स्वागत किया योग शिक्षक प्रवीण आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह समारोह संपन्न हो गया इस अवसर पर हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के वेद प्रचारक रामनिवास आर्य ने भजनों के माध्यम से वैदिक प्रचार किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी मुख्य अतिथि और जिला शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया कार्यक्रम का संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणदीप आर्य ने कहा कि भारत की सत्य सनातन वैदिक संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है इस संस्कृति में आध्यात्मिक ज्ञान को ही नहीं विज्ञान को भी सबसे महत्वपूर्ण माना गया है उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति ऋतुचार्य के अनुसार अपनी दिनचर्या बना लेते हैं और प्रतिदिन योग और ध्यान योग करते हैं वही व्यक्ति अधिक स्वस्थ रहते हैं इसी के दृष्टिगत प्रतिवर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस तथा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान योग दिवस मनाया जाता है

# बाढ़ रोकथाम व जल भराव जैसी स्थिति को लेकर डीसी ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** आगामी मानसून के दृष्टिगत जिले में बाढ़ रोकथाम व जल भराव जैसी स्थिति से निपटने से सम्बन्धित तैयारियों को लेकर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अपने कार्यालय के सभागार में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आगामी मानसून को लेकर सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय के साथ जिले में




जल भराव जैसी स्थिति से निपटने को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी करवाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही व कौताही न बरती जाए। उन्होंने सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिए कि सीवरेज, नालों, ड्रेनों की साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें और नालों व ड्रेनों की सफाई के साथ-साथ डीसिल्टिंग करवाई जाए ताकि आगामी मानसून में किसी प्रकार के जल-भराव की स्थिति बाढ़ का कारण न बन सके।

### कैंट के चंदपुरा गांव में अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा गांव चंदपुरा, तहसील अम्बाला कैंट, जिला अम्बाला में लगभग 8 एकड़ (खसरा न0 10//7, 14, 15, 16, 17, 25, 11//11, 18/2/2, 19/2/2, 20 इत्यादि) में अवैध रूप से विकसित की जा रही 1 अवैध कालोनियों में बनी कच्ची सडकों के जाल तथा नीव को पूर्णतया ध्वस्त कर दिया गया। इस मौके पर जिला नगर योजनाकार कम ड्यूटी मैजिस्ट्रेट – रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविन्द्र, सेवादार कश्मीरी व एस0एच0ओ0 इंफोर्समेंट, अम्बाला भारी पुलिस दल के साथ मौका पर उपस्थित थे।

## अम्बाला म्यूजिकल क्लब की ओर से सुर संग कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:**
अम्बाला म्यूजिकल क्लब द्वारा अम्बाला क्लब में सुर संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार व इंजीनियर बलबीर सिंह समाजसेवी एवं उद्योगपति वशिष्ट अतिथि का स्वागत चेयरमैन डॉ. नवीन गुलाटी, सचिव दीपक मल्होत्रा, प्रधान संजीव भूटानी एवं अम्बाला क्लब के कमेटी मेंबर अरविन्द सिकरी के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। जानकारी देते हुए अम्बाला म्यूजिकल के चेयरमैन डॉ. नवीन गुलाटी ने बताया इस




कार्यक्रम में अम्बाला म्यूजिकल क्लब के जाने माने गायक संजीव भूटानी, लक्की सिंह, परमजीत बतरा, राधिका ग्रोवर, मनीष मल्होत्र, एडवोकेट हरजित सिंह संधू ने फिल्मी गाने ये रेश्मी जुल्फें ये शरबती आंखें, लाल छड़ी मैदान खड़ी, तुम भी चलो, हम भी चलें, बिंदिया चमकेगी चूड़ी खनकेगी, प्यार करने वाले प्यार करते हैं शान से, आ अब लोट चलें, जादू तेरी नजर खशबू तेरा बदन, नित खैर मंगा मैं तेरी इत्यादि गानों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि दर्शन कुमार, एचसीएस, एसडीएम अम्बाला शहर व इंजीनियर बलबीर सिंह समाजसेवी एवं उद्योगपति वशिष्ट अतिथि ने अम्बाला म्यूजिकल क्लब के गायकों द्वारा शानदार प्रस्तुतियों के लिए प्रशंसा की एवं सभी गायकों व बैंड के कलाकारों को अम्बाला म्यूजिकल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।
तत्पश्चात अम्बाला म्यूजिकल क्लब के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि एवं वशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं अम्बाला क्लब के कमेटी मैम्बर्स अरविन्द सीकरी को भी सम्मानित किया।

# पीएम आवास योजना की 101 पात्रों के खाते में डाली पहली व दूसरी किस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जिला सचिवालय सभागार में नगर निगम के तत्वाधान में प्रधानमंत्री आवास योजना के 101 पात्रों को शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में शहरी विधायक प्रमोद विज और मेयर कोमल सैनी, भाजपा नेता हरपाल ढांडा ने चेक वितरित कर पैसे का सदुपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 10 लाल डोरा से संबंधित प्रमाण पत्र भी वितरित किए।
कार्यक्रम में मेयर ने इस पैसे को मकान बनाने के कार्य के लिए खर्च करने की बात करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने हमेशा गरीबों की मदद की है। हमें इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए। निगम कमिशनर डॉक्टर



पंकज ने कार्यक्रम में पहुंचे प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों को योजना की जानकारी दी व इसका सदुपयोग करने का आह्वान किया। उन्हें इस योजना को लेकर अपडेट भी किया। निगम आयुक्त ने कहा कि इस योजना के संबंध में किसी भी पात्र को अगर कुछ समझने में समस्या है तो वो मिलकर इसकी पूरी जानकारी ले सकते हैं।
शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि 101 पात्र लोगों को पहली व दूसरी किस्त दी गई है। यह सरकार का गरीबों के लिए मकान बनाने का एक तरह से तोहफा ही है। सरकार ने लक्ष्य तय किए हैं। उन पर खरा उतरने का प्रयास किया जा रहा है उन्होंने कहा कि सरकार ने हमेशा गरीबों की हित के बारे में सोचा है व उस पर कार्य भी किया है।
विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह हमेशा गरीबों की चिंता करते हैं वर्तमान समय में 80 करोड लोगों को राशन मुहैया कराया जा रहा है। 3500 रुपए प्रति माह वृद्धा सम्मान भत्ता पेंशन बुजुर्गों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार पर लगाम कशी गई है बिना पर्ची खर्ची के युवाओं को नौकरी दी जा रही है वर्तमान में स्थिति यह है की कोचिंग लेकर युवा अच्छी-अच्छी नौकरियों में जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की सेना ने अपने पराक्रम का परिचय देते हुए आतंक के फन को कुचल डाला। उन्होंने कहा कि आज देश वीर सैनिकों के अदम्य साहस को नमन कर रहा है।
कार्यक्रम में मेयर कोमल सैनी ने कहा कि गरीबों के सपनों की शुरुआत हो रही है। हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम इसमें गरीबों की मदद कर रहे हैं। इसके लिए वो सब बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा गरीबों की चिंता की है। उन्होंने कहा कि इस योजना में किसी भी तरह की अनियमिताएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की तीनों किस्तों के बारे में जानकारी दी।

# बब्याल रोड पर दलदलनुमा सड़क पर धसी कई गाड़ियां, राहगीर परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला कैंट:** बब्याल रोड पर डल रही सीवरेज की पाइपें और असमतल सड़क आजकल आमजन चाहे पैदल हों या दोपहिया / चौपहिया चालक सभी के लिए आफत का पैगाम ले कर आ गया है।
मनमाने ढंग से कार्यप्रणाली के चलते राह समतल नही मिल पा रही। ऊपर से 1 दिन पूर्व हुई बारिश ने अनाड़ीपन की सभी परतें खोल कर रख दीं, पाइप डालने के बाद बारिश ने समस्या और बढ़ा दिया। ऊपर से सावधानी हेतु



किसी भी सांकेतिक बोर्ड का नहीं होना भी समस्या को दिक्कत को बढ़ा दिया है। जनता भी सांकेतिक बोर्ड की गैरमौजूदगी में समस्या से जूझ रहे हैं। 2 से 3 मिनट का रास्ता पार करने के लिए 3 से 4 घंटे का समय के साथ दलदल से बाहर निकालने वाले वाहनों का खर्चा अलग से वहन करना पड़ रहा है ।
सीवरेज के पाइप डालने वाली टीम कल से नदारद है उनका पाइप डालने का काम पूरा हो गया है। 3 दिनों से इस टीम द्वारा आश्वस्त किया जा रहा है मिट्टी की फिसलन को रोकने के लिए गटका डाल देंगे परन्तु गटके का 1 टुकड़ा भी नही डाला गया। दिन हो या रात गाड़ियां दलदल में एक के बाद एक फंसती जा रही हैं परन्तु प्रशासन के संज्ञान में मामला अभी तक नही आया ।

## न्यूज फ्लैश

### कलसा स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी का पुनर्गठन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पेहवा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलसा पेहवा में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का पुनर्गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा के द्वारा की गई। इस अवसर पर श्रीमती नछतरो देवी को स्कूल मैनेजमेंट कमेटी अध्यक्ष चुना गया। ग्राम पंचायत कलसा की सरपंच श्रीमती संतोष रानी द्वारा नवनियुक्त स्कूल मैनेजमेंट कमेटी अध्यक्ष एवं अन्य स्कूल मैनेजमेंट कमेटी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय का कक्षा दसवीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने पर विद्यालय प्राचार्य नरेश गर्ग एवं सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलसा सरपंच श्रीमती संतोष रानी, पंच, अभिभावक एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया सेना और सुरक्षा शाखा का निरीक्षण

**पानीपत (कमाल हुसैन)।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय की प्रवाचक शाखा, सेना क्लर्क शाखा व सुरक्षा शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंन कार्यप्रणाली व रिकार्ड का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान शाखा में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति, व्यवहार व कार्यक्षमता की भी समीक्षा की। प्रवाचक शाखा व सेना क्लर्क शाखा में रिकार्ड का अवलोकन कर इसे दुरूस्त रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा शाखा मे तैनात कर्मचारियों से विदेशी नागरिकों एवं पासपोर्ट व अन्य प्रकार की होने वाली पुलिस वेरिफिकेशन की कार्य प्रणाली का बारिकी से अवलोकन कर निर्देश दिए की सभी वेरिफिकेशन तय समय में पूरी करवाकर भेजे। आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। आमजन को मिलने वाली सभी प्रकार की सेवाओं को तय में पूरा कर उसका लाभ दे।

### मेधावी छात्रों का किया जायेगा सम्मान

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** पानीपत की सबसे पुरानी सभा श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा अग्रवाल मंडी पानीपत ने निर्णय लिया है कि दसवीं और बारहवीं कक्षा में जिन विद्यार्थियों ने 95% से ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं उन सभी जैन समाज पानीपत के विधार्थियों को जैन समाज सम्मानित करेगा। अत: आप शीघ्र से शीघ्र अपना नाम, अपने पिता का नाम, मोबाइल नंबर, मार्क्स परसेंटेज मोबाइल नंबर 9896123560 पर भेजने की कृपा करें। ताकि हम उसी हिसाब से व्यवस्था बना सके। जैन सभा गत कई वर्षों में भी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित करने का कार्य कई बार कर चुकी है। यह सम्मान समारोह रविवार दिनांक 25 मई को अग्रवाल मंडी जैन स्थानक पानीपत में यहा उपस्थित महासाध्वी सुंदरी शांति साध्वी संघ की संघ प्रमुखा श्री संयम प्रभा 'कमल' जी महाराज ठाणे-7 के पावन सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन 30 मई को रोहतक में

## जन्मोत्सव पर राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का होगा आयोजन : डा. अरविंद शर्मा

**रूपरेखा**

**मुख्यअतिथि के रूप में मंत्री नायब सिंह सैनी भी लेंगे हिस्सा, रोहतक के पहरावर में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम आरंभ**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के इतिहास का सबसे भव्य और विशाल भगवान परशुराम जन्मोत्सव रोहतक के पहरावर में होगा। इस जन्मोत्सव पर 30 मई को राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश के हर जिले के आम नागरिकों के साथ-साथ ब्राह्मण समुदाय के लोगों में जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। अहम पहलु यह है कि इस राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा शुक्रवार को ब्राह्मण छात्रावास एवं धर्मशाला में समाज की तरफ से आयोजित एक बैठक को सम्बोधित करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत महापुरषों की जयंती को सरकार के स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया और तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल की सोच को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार संतों और महापुरुषों की जयंती को सरकार के स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश सरकार की तरफ से गौड ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी संस्थाओं के कैम्पस पहरावर में राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। जन्मोत्सव 30 मई को सुबह 10 बजे रोहतक के पहरावर में मनाया जाएगा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, मंत्रीमंडल सहयोगी गौरव गौतम, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, पालिकाओं व पंचायती के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय समारोह में विप्र समाज व सर्व समाज की अहम भूमिका के चलते यह आयोजन भव्य व ऐतिहासिक होगा। जन्मोत्सव को लेकर प्रदेश के हर कोने में 36 बिरादरी के लोगों में उमंग और जोश को देखा जा सकता है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी समाजों की छोटी व बड़ी संस्थाएं खुलकर अपना सहयोग कर रही है। अहम पहलु यह है कि सर्व समाज की अनुमति व सहमति से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने उनकों आयोजन करने का दायित्व सौंपा है। इस दायित्व को पूरा करने के लिए हरियाणा के कोने-कोने में जाकर लोगों को निमंत्रण देने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आंतकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों को अपनी गोलियों का निशाना बनाया। इन बलिदानियों का बदला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान में जाकर आंतकवादियों को मौत के घाट उतार कर लिया है।

## श्रम मंत्री ने दिए जमीन विवाद के मामले में जांच के आदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**दिशा-निर्देश**

**लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। तोपखाना परेड से आए निवासी ने मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि वह अपनी बुआ की जमीन पर खेती करता था, मगर बुआ ने जमीन किसी अन्य को बेच थी जिसके बाद जमीन पर कब्जा ले लिया गया। मगर अब उस जमीन पर विवाद होने के बाद उसके नाम से ही नोटिस आ रहे हैं जबकि उसका जमीन से कोई लेना-देना नहीं है। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए। दयालबाग के निकट ट्रिब्यून बाग निवासी व्यक्ति ने क्षेत्र में अवैध तरीके से मोबाइल टॉवर लगाने के आरोप लगाए। उसने कहा कि प्रशासन की अनुमति के बिना टॉवर लगाया जा रहा है जिसपर मंत्री अनिल विज ने कार्रवाई के निर्देश दिए। 12 क्रास रोड निवासी महिला ने अपनी शिकायत देते हुए आरोप लगाए कि पड़ोसियों ने उसकी दीवार तोड़ दी है जिससे बारिश के समय उनके घर में पानी आ रहा है।

## कोमल गुर्जर ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में महेंद्रगढ़ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**लालचंद गुर्जर**



**नांगल चौधरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में कोमल गुर्जर पुत्री रामसरूप लुजोता ने जय अंबे मां हाई स्कूल शहबाजपुर से 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला महेंद्रगढ़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोमल गुर्जर की इस उपलब्धि पर लुजोता ही नहीं बल्कि पूरे नांगल चौधरी क्षेत्र में खुशी की लहर दिखाई दी। तहसील नांगल में चौधरी ने सबसे ज्यादा कमाई कर यह साबित किया कि हमारे क्षेत्र की बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं! कोमल गुर्जर ने बताया कि मेरे ताऊ कृष्ण कुमार व ताई सुशीला देवी मेरी प्रेरणा को स्रोत बता रहे हैं। मेरे माता-पिता ने हर कदम पर, हर संभव सहायता प्रदान की है। कोमल गुर्जर ने फ्यूचर में मेडिकल ऑफिसर बनने की इच्छा जताई।

## राष्ट्र के निर्माण में अहिल्याबाई होल्कर का विशेष योगदान था: प्रो. सोमनाथ

**मूल उद्देश्य**

**सत्ता को मूल उद्देश्य सबके लिए न्याय होना चाहिए। वह लोक सेविका थी: डॉ. प्रीतम सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में अहिल्याबाई होल्कर का विशेष योगदान है। अहिल्याबाई होलकर के पहले नाम अहिल्या में ही इनके सारे गुण व अच्छे कार्य निहित है। अहिल्या बाई एक आदर्श शासिका, हिंदू धर्म की संरक्षिका, लोक सेविका व योग्यता को पहचानने वाले गुणों से युक्त कुशल शासिका थी। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा शुक्रवार को डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र द्वारा पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशती जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्र निर्माण में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का अवदान विषय पर आयोजित एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि अहिल्या बाई का मानना था कि धर्म की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। वो एक समावेशी नेता थी जिन्होंने सभी धर्मों व जातियों के लिए समान न्याय देने का काम किया। उन्होंने हिंदू धर्म के मंदिर बनवाए, मुस्लिम वर्ग को जमीन दान में दी, जैन और बौद्ध धर्म का ध्यान भी रखते हुए उनके भी प्रचार प्रसार में किसी तरह की कमी नहीं आने दी। उनका मानना था कि सत्ता को मूल उद्देश्य सबके लिए न्याय होना चाहिए। वह लोक सेविका थी। उन्होंने सड़को, कुओं, धर्मशालाओं का निर्माण, स्कूलों का निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में योगदान दिया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि पटना बिहार की सामाजिक चिंतक डॉ. रेशमा प्रसाद ने कहा मालवा की रानी अहिल्या बाई होलकर बहुत महान महिला थी।

## स्काउट मास्टर एडवांस प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**शिविर**

**कैंप का आयोजन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एल एस वर्मा के निर्देशन में बेहतरीन तरीके से किया गया**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा रज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्टेट ट्रेनिंग सेंटर तारा देवी (शिमला हिल्स) पर हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स मुख्यालय चंडीगढ़ के निर्देशानुसार 15 मई से 21 मई तक स्काउट मास्टर एडवांस प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया गया। यह कैंप राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) एल. एस. वर्मा के निर्देशन में बेहतरीन तरीके से चला। स्काउट मास्टर एडवांस प्रशिक्षण कैंप में स्काउट मास्टरों ने एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला कुरुक्षेत्र के स्काउट मास्टरों दिलबाग सिंह राजकीय उच्च विद्यालय नगला व जोगिंदर सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोकर माजरा व अन्य कई जिलों के स्काउट मास्टरों ने एडवांस ट्रेनिंग कैंप में भाग लेकर स्काउट नियम, स्काउट प्रार्थना ,कैंप फायर, स्काउट ध्वज बांधना, टैंट लगाना, रस्सी बांधना व गांठें लगाना, बी पी सिक्स एक्सरसाइज सीखना व व झंडा गीत इत्यादि का बखूबी अभ्यास किया। हरियाणा राज्य भारत स्काउट एंड गाइड के स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर एल एस वर्मा ने स्काउट मास्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में जीना सिखाती है, इसलिए प्रत्येक स्काउट मास्टर को स्काउट नियमों पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए।

## संजय शर्मा ने पिहोवा खंड शिक्षा अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण किया

**जिम्मेदारी**

**राज्य प्रधान पवन मित्तल ने उनका फूल मालाओं और पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया और पिहोवा का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी संजय शर्मा ने पिहोवा में रिक्त पड़े खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर हरियाणा प्राइमरी स्कूल हैड टीचर एसोसिएशन के राज्य प्रधान पवन मित्तल ने उनका फूल मालाओं और पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया और उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी पिहोवा का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इस मौके पर प्रिंसिपल रामराज कौशिक, ओमप्रकाश, सिमी जिन्दल, सुनील दत्त शर्मा, दिनेश गोयल, सतबीर कौशिक, गुरमीत काहलो, दिनेश मेहला, मुख्य शिक्षक रमेश कुमार, कृष्ण कुमार, विनीत गुप्ता, अशोक शास्त्री व अध्यापक मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सिन्दूर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**शुक्रवार** को खरखौदा की राजकीय औद्योगिक संस्थान में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर भारतीय सेना का गुणगान किया और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऑपरेशन सिन्दूर, जो भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध एक साहसिक कदम रहा, इस विषय पर विद्यार्थियों को हमारी सेना की वीरता और समर्पण को जानने और समझने का अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना था।

## अग्निशमन यंत्रों के रखरखाव को लेकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**फायर सेफ्टी**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल अध्यापिकाओं, वरिष्ठ छात्राओं, चालक दल व वैन हैल्परों ने हिस्सा लिया**

**कुरुक्षेत्र :** झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में अग्नि सुरक्षा विनायमको के तहत अग्निशमन यंत्रों के रखरखाव व आपातकालीन प्रयोग हेतू एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल अध्यापिकाओं, वरिष्ठ छात्राओं, चालक दल व वैन हैल्परों ने भाग लिया। प्राचार्य ने कहा कि विशेषतः भीषण गर्मी में अग्नि दुर्घटना एक भयंकर खतरा होता है। विनाशक आग को अग्नि सुरक्षा यंत्रों के प्रयोग से न केवल काबू पाया जा सकता है बल्कि जान माल के नुकसान को भी कम किया जा सकता है। प्रशिक्षक का कार्य अग्निशामक विशेषज्ञ हरीश कुमार ने किया। कुमार ने कहा कि अग्नि आपदा की अवस्था में हर व्यक्ति को फायर सेफ्टी के उपकरणों का प्रयोग करना आना चाहिए। आग बुझाने के उपकरण में आजकल उच्च तकनीक के उपलब्ध हैं। पहले लकड़ी, कपड़ा, डीजल, पैट्रोल व बिजली से लगी आग को बुझाने के लिए अलग अलग सिलेंडर होते थे। अब इन सभी प्रकार की आग को बुझाने के लिए एक ही प्रकार के सिलेंडरों का प्रयोग होता है। इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा, रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, टीचर सुशीला देवी,अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा, मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, कुसुम शर्मा, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोड़ा, बिंदु , पिंकी रानी, सीमा शर्मा, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

## बाल कल्याण समिति के कार्यो की समीक्षा हेतु त्रिमासिक बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**समीक्षा की**

**बैठक में बाल कल्याण एवं बाल सरंक्षण से सबंधित विषयों पर एजेंडा में रखे बिन्दुओं बारे विस्तार से समीक्षा की**

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में जिला बाल कल्याण एवं सरंक्षण कमेटी एवं बाल कल्याण समिति के कार्यो की समीक्षा हेतु त्रिमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल कल्याण एवं बाल सरंक्षण से सबंधित विषयों पर एजेंडा में रखे बिन्दुओं बारे विस्तार से समीक्षा की और संबंधित विषयों पर विभाग की अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा से उनके विभाग के तहत बाल हित एवं बाल सरंक्षण के संबंध में जो कार्य किए जा रहे है, उन कार्यो की समीक्षा की और उन्हें और बेहतर बनाने हेतु दिशा निर्देश दिए ताकि बच्चो की सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। इसके साथ-साथ उन्होंने पुलिस विभाग को दिशा निर्देश दिए जो भी पोक्सो कानून के अंतर्गत आरोपी पकडे नही गए है, उन्हें जल्द से जल्द सर्च किया जाए और पीड़ित, पीड़िता को समय रहते न्याय दिलाने में कार्य करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को दिशा निर्देश दिए कि वह सभी स्कूलों में बच्चों को गुड टच, बैड टच के साथ साथ सेफ टच की शिक्षा बच्चों को देना सुनिश्चित करें साथ ही नैतिक मूल्य भी बच्चों को सिखाए जाएं, ताकि बच्चे बड़े होकर अपने अभिभावकों और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे, साथ ही बाल भिक्षा एवं बाल मजदूरी को रोकने को संभावित क्षेत्रों का दौरा किया जाए। ट्रैफिक लाइट पर अगर कोई बच्चा या बच्चे को लेकर कोई महिला भीख मांगती है तो उन्हें कोई भीख न दे बल्कि उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करें। साथ ही घरों में कम करने वाले बच्चों पर भी नजर रखी जाए और उन्हें रेस्क्यू करते हुए उन्हें शिक्षा से जोड़ें और उनका भविष्य उज्जवल बनाए। उन्होंने बैठक में बच्चा गोद लेने की प्रकिया की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला बाल सरंक्षण इकाई द्वारा चलाई जा रही स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ हर एक योग्य बच्चे तक पहुचें, इस विषय पर भी जागरूकता की जाए। पीड़ित बच्चें को भी कानून के दायरे में वितीय सहायता पोक्सो रिलीफ फण्ड के अंतर्गत प्रदान की जाए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा, जिला बाल सरंक्षण अधिकारी श्रीमती ममता रानी, डीएसपी विजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## योग से स्वस्थ परिवार और समाज का निर्माण संभव: रणसिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत: मिशन** फिट के अंतर्गत लक्ष्य स्वस्थ्य समाज का निर्माण मॉडल टाउन के युवाओं द्वारा कराया जाता है, जिसमें समिति के मीडिया प्रभारी रणसिंह ने बताया कि नियमित योग से स्वस्थ परिवार और समाज का निर्माण संभव है, इसलिए जब हर घर में योग होगा तो स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज का स्वतः ही निर्माण होगा। साधकों को योग के लिए प्रेरित करने के लिए उन्होंने बताया कि इससे खांसी, सिरदर्द, नजला, तनाव, उच्च रक्तचाप, शुगर, सिर दर्द, माइग्रेन आदि जैसी सामान्य बीमारियां हैं तो बहुत जल्दी ठीक हो जाती हैं। साधक स्वयं को तरोताजा और ऊजार्वान महसूस करता है, जिसके परिणामस्वरूप रोगप्रतिरोधक शक्ति बढ़ने से मोटापा भी बढ़ता है। योग प्राणायाम ऋषियों की अनमोल देन है। कक्षा में शीला, कृष्णा, बीना, ओहिना, कोमल, प्रिया, बिमला, परमजीत, सावन, रणधीर, धर्मपाल, बलवान, लक्ष्मीनारायण और अन्य साधक साधिकाएं उपस्थित रहे।

# टूरिज्म होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलाजी के छात्रों ने स्थापित किया ट्रायम्फ वर्ल्ड रिकार्ड

## -एसआरएम विश्वविद्यालय में इंस्टीटयूट में नोवा वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारी उद्योग विशेषज्ञों व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे

**मीट बिरयानी**

**एसआरएम आईएचएम के स्टाफ व छात्रों ने मिलकर 601 हिस्से प्लांट- बेस्ट माक मीट बिरयानी तैयार की**




**नराई। राजीव** गांधी एजुकेशन सिटी स्थित एसआरएम विश्वविद्यालय में इंस्टीटयूट आफ होटल्स मैनेजमैंट फैक्ल्टी आफ टूरिज्म होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलाजीके छात्रों ने ट्रायम्फ वर्ल्ड रिकार्ड को सफलतापूर्वक स्थापित किया। विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर प्रोफसर डा. परमजीत जसवाल, रजिस्ट्रार प्रोफेसर वी सैमुएल राज, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डा. डी एंटनी, प्रधानाचार्य के एस नारायण मौजूद रहे। नोवा वर्ल्ड रिकार्ड के अधिकारी उद्योग विशेषज्ञों व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। यह प्रयास एसआरएम आईएचएम के स्टाफ व छात्रों ने मिलकर 601 हिस्से प्लांट- बेस्ट माक मीट बिरयानी तैयार की। वीसी प्रोफेसर डा. परमजीत जसवाल ने बताया कि यह पहल छात्रों की पाक प्रतिभा का प्रदर्शन थी, बल्कि एसआरएम की सतत विकास, नवाचार और सामाजिक सरोकार के प्रति सशक्त संदेश था, माक मीट पारंपरिक पशु प्रोटीन का नैतिक, पोष्टिक और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है और इसे भारत की सबसे प्रतिष्ठित डिश बिरयानी में शामिल किया गया है। बिरयानी को सुगंधित चावल, भारतीय मसाले और पौधों पर आधारित मां का उपयोग करके पकाया गया, सवाद व बनावट में असली मांस का अनुभव हुआ। ऐसे मानको को दशार्या कि प्लांट बेस्ट और क्लाइमेट-कान्शन कुकिंग को प्राथमिकता दी। बिरयानी को करीब 601 बिरयानी की थालियों में जरूरतमंदो को वितरित की गई।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के बी.वॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग द्वारा विभाग में अध्ययनरत तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में आईवियर कम्पनी लेंसकार्ट के अधिकारियों ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों को विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए आना विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है।



विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए आए लेंसकार्ट के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय में उन्हें योग्य विद्यार्थी उपलब्ध होंगे।

विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लाइफ लांग लर्निंग के अधिष्ठात प्रो. पवन कुमार मौर्य ने प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी। इस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजक डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि यह प्लेसमेंट ड्राइव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में सार्थक प्रयास है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के कौशल को कंपनी के अधिकारियों ने साक्षात्कार के विभिन्न चरणों व कौशल अनुभव के माध्यम से परखा। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट के अगले चरीण में कंपनी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### ग्राम पंचायत खेड़ी तगा के विकास कार्यों में अनियमितताओं पर ग्राम सचिव निलंबित

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत खेड़ी तगा में विकास कार्यों की अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की गई है। जिला परिषद कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, खेड़ी तगा पंचायत सचिव कुलदीप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले इसी ग्राम पंचायत के सरपंच वेदप्रकाश को भी उपायुक्त द्वारा निलंबित किया जा चुका है। जानकारी अनुसार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निदेर्शानुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गन्नौर द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में ग्राम पंचायत खेड़ी तगा में कराए गए विकास कार्यों में गंभीर लापरवाही सामने आई। रिपोर्ट में बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों के रिकार्ड व बिलों में भारी खामियां पाई गईं। साथ ही फर्म के बिलों को संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से सत्यापित नहीं करवाया और समय पर जानकारी नहीं दी गई, जिससे पंचायत निधियों को नुकसान हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सचिव को निलंबित करने का आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि वह अपनी उपस्थिति खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय मुरथल में सुनिश्चित करें।

### शिक्षा से व्यक्ति का सामाजिक और व्यक्तिगत विकास होता है : कादियान



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गढ़ी झंझारा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मां सरस्वती की मूर्ति का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान रहे। अध्यक्षता प्राचार्य सतपाल राठी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से हुई। इसमें विधायक, स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने आहुति डाली। इससे पहले स्कूल में विधायक का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। विधायक कादियान ने कहा कि विद्यार्थी को स्कूल में प्रवेश करते ही सरस्वती वंदना करनी चाहिए। शिक्षा से जीवन में सब कुछ पाया जा सकता है। शिक्षा से व्यक्ति का सामाजिक और व्यक्तिगत विकास होता है। विद्यार्थियों में संस्कार भी जरूरी हैं। उन्होंने मां सरस्वती से बच्चों की तरक्की और सफलता की प्रार्थना की। विधायक ने बोर्ड परीक्षा के शत-प्रतिशत परिणाम पर बच्चों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मार्ग है। इस मौके पर सरपंच कर्मबीर रापरिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष गौरव त्यागी, नेत्रपाल रापरिया, अंकित मल्होत्रा, प्राचार्य सुरजीत खोखर, अनुपम रापरिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की बिगड़ रही हालत पर एसोसिएशन ने प्रबंध निदेशक को भेजा शिकायत पत्र

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन ने एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक को एक ज्ञापन भेज कर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की है। एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल ने बताया कि ज्ञापन में बताया गया है कि औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें और सीवर व्यवस्था बेहद जर्जर स्थिति में हैं, जिससे रोजाना की गतिविधियों में बाधा आ रही है। औद्योगिक कचरे का नियमित रूप से निस्तारण न होने से सफाई और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि कुछ अनुबंध कार्य बिना निगरानी और गुणवत्ता जांच के ही पूरे किए जा रहे हैं, जिसमें पारदर्शिता की कमी है और उन्हें पेमेंट भी कर दी जाती है। उन्होंने मांग करी है कि ज्यादा इकाइयों का प्रतिनिधित्व करने वाली एसोसिएशन की सहमती के बाद पेमेंट की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि कई औद्योगिक इकाइयों ने अवैध रूप से अपने अपशिष्ट को वर्षा जल निकासी सीवर में जोड़ दिया है, जिससे भूजल प्रदूषित हो रहा है। ऐसे में यह पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

ऐसी ईकाइयों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सीईटीपी प्लांट की कार्यप्रणाली भी सही नहीं है है। इसमें आवश्यक रसायनों का सही तरीके से उपयोग नहीं हो रहा है और रिकार्ड अधूरे हैं। इसकी जांच कर जानी चाहिए।

# नपा साधारण बैठक में हर वार्ड में 50 लाख तक के कामों को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** नगरपालिका कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को साधारण बैठक नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक देवेंद्र कादियान भी उपस्थित रहे। बैठक में हर वार्ड में 50 लाख रुपए तक के कामों को मंजूरी दी गई। पार्षद अपने वार्ड में जरूरत के हिसाब से गली, नाली जैसे काम करवा सकेंगे। बैठक में पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट और सफाई की समस्या उठाई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रीट लाइट का टेंडर प्रक्रिया पूरा कर जल्द वर्क आर्डर जारी करें। विधायक ने सफाई के लिए 5 से 7 कर्मचारियों की एक टीम अतिरिक्त में रखने को कहा, जिससे किसी भी वार्ड में सफाई की समस्या आने पर टीम को तुरंत भेजा जा सके।



विधायक कादियान ने नपा सचिव को निर्देश दिए कि किसी भी वार्ड में विकास कार्य शुरू करने से पहले संबंधित पार्षद को सूचित किया जाए। तालमेल से काम होगा तो शहर का विकास तेजी से होगा। बैठक में 17 में से 13 पार्षद मौजूद रहे। जबकि महिला पार्षद खुशबू जैन, सोनिया शर्मा, राखी व शिवानी जैन अनुपस्थित रहीं।

नपा सचिव ने बताया कि 20 लाख रुपए का टेंडर लगाकर मानसून से पहले नालों की सफाई का काम शुरू हो चुका है।

-पार्कों का होगा सुंदरीकरण

विधायक ने कहा कि शहर के पार्कों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। सबसे पहले नगरपालिका के पास बने लहरी सिंह पार्क में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर काम होगा। इसका डिजाइन बनना बाकी है। रेलवे स्टेशन के बाहर बने पार्क को भी सुंदर बनाने पर जोर दिया गया। पार्षदों ने इस पर सहमति जताई।

# अभय सिंह चौटाला ने विधानसभा अध्यक्ष की चाची के निधन पर किया शोक व्यक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण की चाची स्वर्गीय श्रीमती गुरूबचनी देवी के निधन के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष अभय सिंह चौटाला, कैबिनेट मंत्री महिपाल ढाण्डा, पूर्व मंत्री कर्ण देव कम्बोज, विधायक प्रमोद विज, विधायक रणधीर पनिहार, विधायक बिमला चौधरी, विधायक बीबी बत्रा, पूर्व विधायक नरेन्द्र सांगवान व अन्य गणमान्य लोगों ने उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। कल्याण फार्म पर गणमान्य व्यक्तियों व प्रशासनिक अधिकारियों के आने का सिलसिला जारी है।

बता दें कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत दिवस हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के चाचा स्वर्गीय रणजीत सिंह कल्याण की धर्मपत्नी श्रीमती गुरु बचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

स्वर्गीय श्रीमती गुरु बचनी देवी का निधन 19 मई को हो गया था। उनका विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व परिजनों के साथ गहरा लगाव था।

# चोरी के मामले में एक ओर आरोपित को काबू कर नकदी बरामद की


**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । सतनाली क्षेत्र में मोटर बाईडिंग व वर्क्स शॉप से कॉपर वायर चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुलदीप वासी सिलाना झज्जर के रूप में हुई है। आरोपित चोरी की वारदातों में संलिप्त था। आरोपित सतनाली क्षेत्र में टायरों की दुकान से टायर चोरी करने के मामले में भी संलिप्त था। आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, आरोपित से पूछताछ में पुलिस ने नकदी बरामद की है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपित जलदीप वासी उजीना हाल आबाद वार्ड नंबर 1 मेवात को पहले गिरफ्तार किया था। शिकायतकर्ता मुकेश वासी जवाहरनगर ने थाना सतनाली में चोरी की शिकायत देते हुए बताया कि उसकी बाबा चन्द्राई नाथ मोटर बाईडिंग और वर्क्स शॉप की दुकान लोहारू रोड सतनाली पर की हुई है। शाम करीब 6 बजे वह अपनी दुकान को ताला व सेन्टर लोक अच्छी तरह से बंद करके चला गया था। जब वह सुबह अपनी दुकान पर गया तो दुकान का ताला व सैन्टर लोक टुटा हुआ मिला

# हकेवि में इंजीनियरिंग, ईवी और माइक्रोग्रिड सिस्टम में उभरती हुई तकनीकों पर एफडीपी का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ह्यइंजीनियरिंग, मेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन, ईवी और माइक्रोग्रिड सिस्टम में उभरती हुई तकनीकेंह्य विषय पर संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम का समापन हो गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार को जोड़ने वाली ऐसी शोध-गहन और अंत:विषय पहल पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विभाग की सराहना की।




एक सप्ताह तक चले इस संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम विशेषज्ञों ने अत्याधुनिक शोध विषयों पर आकर्षक सत्र दिए। इनमें एनआईटी जालंधर के प्रो. दिलबाग सिंह ने ह्यएचआरवी और बैरोरिफ्लेक्स संवेदनशीलता का उपयोग करके नॉन इनवेसिव स्वायत्त स्वास्थ्य आकलन की चुनौतियांह्य विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सटीक और नॉन इनवेसिव स्वास्थ्य निगरानी के लिए उन्नत बायोमेडिकल तकनीकों के उपयोग पर प्रकाश डाला। दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आगरा के डॉ. राजीव कुमार चौहान ने ह्यईवी-संचालित अक्षय ऊर्जा भविष्य के लिए माइक्रोग्रिड के रूप मेंह्य विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का सम्मेलन 25 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।**

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन का 25 मई को यादव धर्मशाला में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

जिला प्रधान पवन कुमार ने कहा कि सम्मेलन में एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सूबेसिंह संबोधित करेंगे तथा सम्मेलन में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की लंबित व न्यायसंगत मांगों पर चर्चा कर आंदोलन की भावी रूप रेखा तय की जाएगी। इसके अलावा महेंद्रगढ़ ब्लॉक की नई कमेटी का गठन किया जाएगा। जिला प्रधान पवन कुमार व जिला सचिव जगदीश प्रसाद ने महेंद्रगढ़ ब्लॉक के सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से सम्मेलन में पहुंचने की अपील की हैं।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शुक्रवार को शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में अपरा एकादशी बड़े ही श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को अपरा एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं अपरा एकादशी के उपलक्ष्य में ठंडे मीठे पानी की छबील भी लगाई गई।




पंडित दीपक पांडे ने कहा कि अपरा एकादशी व्रत हिंदू धर्म में बड़ा महत्व रखता है। यह ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को आती है। इसे अचला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन भगवान विष्णु और धन की देवी माता लक्ष्मी को समर्पित है। अपरा एकादशी का व्रत विधि-विधान से करने से व्यक्ति के सभी कष्टों का नाश होता है और उसे अपार पुण्य फल की प्राप्ति होती है। मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि श्री खाटू श्याम मंदिर में हर एकादशी पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। करनाल सहित दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचते है और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर कमेटी की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की जाती है। इस अवसर पर राजेश गर्ग, एमके गुप्ता, अनिल गर्ग, राम करण, अशोक सिंघला, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला व हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# महंत शक्तिनाथ महाराज का 21 दिवसीय धूनी तपस्या 19वें दिन जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** सिद्ध पीठ माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ की महंत शक्तिनाथ महाराज क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए किया जा रहा 21 धूनी तप शुक्रवार को 19वें दिन भी जारी रहा। जगत कल्याण के लिए महंत शक्तिनाथ महाराज द्वारा 21 धूनी तपस्या की जा रहीं है, जिसका समापन 25 मई को होगा। 21 दिवसीय धूनी तपस्या पर महिलाएं भजन कीर्तन करेंगी और मंदिर कमेटी एवं श्रद्धालु प्रसाद वितरण करेंगे। महंत शक्तिनाथ महाराज 21 धूनी तप पर बैठने से पहले प्रतिदिन सुबह पूजा पाठ और हवन करती हैं। महाराज के तप से उठने के बाद भजन कीर्तन करती है और शक्तिनाथ महाराज का आशीर्वाद



लेती हैं। कमेटी सदस्य मुकेश चौहान ने बताया कि पिछले पांच वर्ष से हर वर्ष की भांति महंत शक्तिनाथ महाराज पांच मई से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से दो बजे तक दो घंटे 21 धूनी तप कर रही हैं। महंत शक्तिनाथ महाराज सर्दी के मौसम में प्रात: काल सुबह पांच बजे 108 कोरे मटकों की शीत जलधारा तपस्या करती हैं। महंत शक्तिनाथ 21 धूनी तपस्या 25 मई को महाराज कर कमलों से तैयार प्रसाद वितरण के साथ समापन हो जाएगी।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता में महेंद्रगढ़ में तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । शुक्रवार को महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक कंवर सिंह यादव की अध्यक्षता में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में भाजपा कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में आज तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य के सम्मान में महेंद्रगढ़ शहर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।विधायक कंवर सिंह यादव के पहुँचने पर



यह यात्रा उनकी अगुवाई में शाम 5: 00 बजे डॉ आंबेडकर चौक से प्रारंभ हुई और सीएसडी कैन्टीन, यादव धर्मशाला, बस स्टैंड, शहीद राव तुलाराम चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। भारतीय सेना के सम्मान में राष्ट्र गौरव की भावना से प्रेरित भारी संख्या में लोग भारतीय सेना और भारत माता की जय जयकार के नारे लगाते हुए चले। तिरंगा यात्रा के समापन पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हुआ हाल ही का युद्ध एक अभूतपूर्व साहस और शौर्य की गाथा था।भारतीय सैनिकों ने बड़े सटीक और संयमित तरीके से आतंकवादियों के ठिकानों को बर्बाद करते हुए भारी संख्या में उनको मार गिराया। यह एक ऐसा प्रहार था जिसने अजहर मसूद जैसे दुर्दांत आतंकवादी को बेबस होकर अपने परिवार की मौत पर प्रलाप करने पर मजबूर कर दिया। ऐसे लोगों को पहली बार अपने कुकर्मों का एहसास हुआ जब उनके निकट संबंधी भारतीय सेना के निशाने पर आए। सेना के शौर्य और साहस के साथ ही भारतीय रक्षा प्रणाली अभेद्य बनी रही ।दुश्मन द्वारा छोड़ी गई मिसाइल और ड्रोन देश की मात्रभूमि को छू तक नहीं पाई और उन सबका अंत हवा में ही कर दिया गया । उन्होंने इस युद्ध की समाप्ति के फैसले को प्रधानमंत्री का विवेकपूर्ण और बुद्धिमत्तापूर्ण लिया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि हमारा मूल लक्ष्य देश को विकसित राष्ट्र बनाने का है और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कोई भी लम्बा शस्त्र संघर्ष जब तक राष्ट्रहित में जरूरी न हो, तब तक इससे बचना चाहिए। युद्ध हमेशा विकास के रास्ते में बाधा बनता है। इस सीमित युद्ध में हमारा लक्ष्य केवल उग्रवादियों को दण्डित करना था और उग्रवादियों पर प्रहार के पश्चात इस युद्ध का लक्ष्य पूरा हो गया था। फिर भी पाकिस्तान के साथ चले इस सीमित युद्ध में भारतीय रक्षा प्रणाली की जिस अचूक ताकत का प्रदर्शन हुआ उससे सारा विश्व स्तब्ध है।देश के प्रधानमंत्री ने बड़ी समझदारी और संयम के साथ पाकिस्तान की पहल पर युद्ध विराम को स्वीकार कर लिया।

# सिविल सर्विस व ज्यूडिशरी की परीक्षाओं की तैयारी को लेकर आधुनिक भव्य का भूमि पूजन 25 मई को

**मांग**

**उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत गुप्ति सागर महाराज के सानिध्य में सुबह ध्वजारोहण से होगी।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** जी टी रोड स्थित गुप्तिसागर धाम में महायोगी उपाध्याय श्री 108 डा. गुप्ति सागर की प्रेरणा व आशीर्वाद से सिविल सर्विस व ज्यूडिशरी की परीक्षाओं की तैयारी को लेकर आधुनिक भव्य राष्ट्र मंदिर



कामयाब भवन की भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह रविवार 25 मई को होगा। यह जानकारी जैन तीर्थ गुप्तिधाम के कार्याध्यक्ष एस के जैन व अमित जैन ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत गुप्ति सागर महाराज के सानिध्य में सुबह ध्वजारोहण से होगी।

इसके बाद दीप प्रज्जवलन, चित्र अनावरण, विशिष्ठ अतिथियों का सम्मान, गुप्ति सागर महाराज का संबोधन होगा। उसके बाद भूमि पूजन व शिलान्यास का कार्यक्रम होगा। पुण्यार्जक दिल्ली प्रीत बिहार से वीरेन्द्र सोनी व पायल सोनी होगी। सरंक्षक जेसी जैन ने बताया कि भव्य भवन के निर्माण के बाद यहां तैयारी करने वाले छात्रों को पूरी आधुनिक सुविधाएं मिलेगी।

# डीएम ऑफिस पर जिला विकास समिति की हुई पहली बैठक

□ बैठक में लिये गये कई निर्णय, जनता के हित में किये जायेंगे कार्य □ सभी विभागों के अधिकारियों के साथ हुआ विमर्श □ हमारा संकल्प है कि हम सुशासन के नए आयाम लिखेंगेः राजकुमार भाटिया □ मैं दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सरकार एवं भाजपा के शीर्ष प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे उत्तरी जिला में जिला विकास समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया हैः राज कुमार भाटिया







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के अलीपुर स्थित डीएम ऑफिस में जिला विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का संयोजन डीएम ने किया। इस अवसर पर जिला विकास समिति के अध्यक्ष और आदर्श नगर से विधायक राजकुमार भाटिया के अलावा बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अहीर दीपक चौधरी, मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर कई एसडीएम, पीडब्ल्यूडी, टाटा पावर, डुसिब, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, आधार, हैल्थ विभाग, डीएमआरसी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया ने कहा कि मैं दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सरकार एवं भाजपा के शीर्ष प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे उत्तरी जिला में जिला विकास समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथी विधायकों के साथ मिलकर आज डीडीसी की प्रथम बैठक संपन्न हुई। सभी विभागों के अधिकारियों के साथ विमर्श हुआ तथा हमारा संकल्प है कि हम सुशासन के नए आयाम लिखेंगे। उन्होंने आगे बताया कि सुशासन की प्रतिमूर्ति शिवाजी महाराज का अनुसरण करेंगे। आज की बैठक के लिए मैं इस समिति के सचिव सदस्य एवं समन्वयक जिला अधिकारी डीएम साहब यश चौधरी तथा उनके सहयोगियों को भी साधुवाद करता हूं। श्री भाटिया ने आगे बताया कि इस बैठक में जो पहले से कार्य चल रहे है, उसकी समीक्षा की गई और अपेक्षित कार्यों के सुझाव भी लिए गये और उन्हें स्वीकृत कर-के केबिनेट भेजना है और केबिनेट के कार्यों को क्रियान्वित करवा कर जनता तक पहुंचना है, ताकि जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। इस मौके पर सभी अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए गए।

## गाड़ियों से भीड़ टैक्स वसूल किया जाना तुगलकी आदेश हैः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली के व्यस्त इलाकों में गाड़ियों से भीड़ टैक्स वसूल किया जाना दिल्ली के लोगों पर तुगलकी आदेश है। जबकि प्रत्येक व्यक्ति जिसके पास गाड़ी है, वह जीवन भर के लिए रोड़ टैक्स देता है और सड़कें टैक्स देने वाले लोगों की मेहनत की कमाई से बनाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि रेखा सरकार ने आते ही दिल्ली वालों पर कूड़ा उठाने पर यूजर चार्ज, बिजली बिलों पर पीपीएसी में बढ़ेतरी, रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपये की बढ़ोत्तरी और पेट्रोल व डीजल में एक्साईज ड्यूटी में बढ़ोतरी करके दिल्ली वालों को टैक्स के बोझ तले दबा रही है।

## तृतीय हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह' सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** युवा कवि लेखक एवं संपादक राहुल शिवाय को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के गीतांजलि सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में 'हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान 2024' से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें एक स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र, नगद सम्मान राशि व साझा दोहा संग्रह 'नावक के तीर' की एक प्रति प्रदान की गई। इस योजना में चयनित अन्य सभी दोहाकारों को भी अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह, पुस्तक की प्रति भेंट करके सम्मानित किया गया। सम्मानित दोहाकारों ने अपने प्रतिनिधि दोहों का पाठ भी किया। भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार एवं संवर्धन के लिए समर्पित स्ववित्तपोषित संस्था 'हिंदुस्तानी भाषा अकादमी' के अध्यक्ष सुधाकर पाठक ने बताया कि अकादमी पिछले कई वर्षों से यह पुरस्कार हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं में श्रेष्ठ लेखन के








लिए प्रदान कर रही है। संस्था की ओर से यह तृतीय काव्य प्रतिभा सम्मान का आयोजन था, जो इस बार साहित्य की दोहा विधा को दिया गया। इससे पहले यह सम्मान हिंदी साहित्य की 'गीत' व 'गजल' विधा को दिया जा चुका है। गत वर्ष देश के दोहाकारों से इस संबंध में प्रविष्टियां मांगी गई थीं। प्राप्त 237 प्रविष्टियों में से 51 श्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन किया गया था। चयन समिति द्वारा राहुल शिवाय को उनके दोहों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ दोहाकार चुना गया। 51 चयनित दोहाकारों के दोहों का एक साझा संग्रह 'नावक के तीर' का लोकार्पण भी इस अवसर पर किया गया। इस समारोह में सभी चयनित दोहाकारों एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, रंग एवं संस्कृति कर्मियों व शिक्षाविदों को भी आमंत्रित किया गया था। संस्था की तरफ से सभी उपस्थित अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. लक्ष्मी शंकर बाजपेई ने की। प्रसिद्ध गजलकर देवेंद्र मांझी की उपस्थिति मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशेष अतिथि लेखक, संपादक व प्रकाशक डॉ. संजीव कुमार मंचासीन थे। 'नावक के तीर' (साझा दोहा संग्रह) का प्रकाशन डॉ. संजीव कुमार के प्रकाशन संस्थान 'इंडिया नेटबुक' द्वारा किया गया है। अकादमी की केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी विजय कुमार शर्मा, डॉ. वनीता शर्मा, राजकुमार श्रेष्ठ, विनीत पांडे, प्रकाश कंवर के साथ ही दिल्ली नगर निगम शिक्षक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी भी उपस्थित थे। शशि किरण एवं अन्य सदस्यों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके समारोह को रोचक बना दिया। मंच संचालन अकादमी के सह सम्पादक व केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य विनोद पाराशर ने किया। इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों किशोर श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, चंद्रकांता सिवाल, डॉ. कविता मल्होत्रा, राजेश श्रीवास्तव, ऊषा श्रीवास्तव, पूजा श्रीवास्तव, दीपा गुप्ता, अमित गुप्ता, सान्निध्य गुप्ता, राजव्रत आर्य, दीपा शर्मा, उमंग सरीन, फातिमा किरमानी, विवेक मिश्र को अकादमी की ओर से सम्मानित किया गया। अंत में अतिथियों ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ भी किया।

## www.studybadshah.com एक भरोसेमंद व किफायती ऑनलाईन पढ़ाई का है प्लोटफॉर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** www.studybadshah.com एक अग्रणी ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जो भारत में कौशल विकास की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किफायती और गुणवत्तापूर्ण शॉर्ट-टर्म ऑनलाइन कोर्स प्रदान करता है। ये ऑनलाइन कोर्स प्लेटफार्म और इसके कोर्सेज अमेरिकन कौंसिल आफ ट्रेनिंग एण्ड डेवलपमेंट से मान्यता प्राप्त हैं। यह प्लेटफॉर्म विशेष रूप से छात्रों, पेशेवरों और करियर की शुरूआत करने वालों के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्लेटफार्म में अनेको ऑनलाइन कोर्सेज फ्री में करवाए जाते हैं और अधिकतर पेड कोर्स की कोर्स फीस केवल 249 रूपये है।

इस ऑनलाइन कोर्स प्लेटफार्म से कोर्स पूरा करने पर आपको एक कोर्स कंप्लीशन सर्टिफिकेट भी मिलता है जो की अमेरिकाल कौंसिल आफ ट्रेनिंग एण्ड डेवलपमेंट की आक्रिडेशन के साथ होता है।




**प्लेटफॉर्म की विशेषताएँ:** www.studybadshah.com ऑनलाइन कोर्स प्लेटफार्म पर उपलब्ध सभी कोर्स में स्टूडेंट को उस कोर्स पर कोर्स मॉड्यूल-आधारित अध्ययन सामग्री, उच्च गुणवत्ता वाले वीडियो ट्यूटोरियल, महत्वपूर्ण प्रश्न-उत्तर, प्रैक्टिस इंटरव्यू प्रश्न और अंतिम परीक्षा क्विज अध्ययन के लिए दिए गए हैं। कोर्स पूरा करने पर छात्रों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाता है, जो उनके करियर में सहायक होता है।

**कोर्स श्रेणियाँः** यह प्लेटफॉर्म विविध क्षेत्रों में कोर्स प्रदान करता है, जिनमें शामिल हैंः AI आर्टिफीसियल इंटेलीजेन्स ,चैट GPT, डेटा साइंस, बिजनेस एण्ड मैनेजमेंट, कंप्यूटर एण्ड IT, मार्केटिंग, मास मीडिया एण्ड जर्नलिज्म, स्पीकिंग और जनरल स्किल्स, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटैलिटी, सोशल वर्क, पर्सनालिटी डेवलपमेंट और कम्युनिकेशन स्किल्स जैसे कोर्स भी उपलब्ध हैं, जो छात्रों के समग्र विकास में सहायक हैं।

**शैक्षणिक सलाहकार और सहयोगः** www.studybadshah.com के कोर्स अनुभवी शैक्षणिक सलाहकारों द्वारा डिजाइन किए गए हैं, इसके अलावा, यह प्लेटफॉर्म नई आशा फाउंडेशन, तारा चंद मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी और नीरज पब्लिकेशन्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग करता है।

**सरकारी मान्यता और पंजीकरणः** www.studybadshah.com स्टार्टअप इंडिया, मिनिस्ट्री आफ कॉर्पोरेट अफेयर्स, मिनिस्ट्री आफ MSME, मिनिस्ट्री आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और ट्रेडमार्क-भारत सरकार जैसे विभिन्न सरकारी निकायों में रजिस्टर्ड है।

इसके अतिरिक्त, यह प्लेटफॉर्म क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया और डेटा सिक्योरिटी काउंसिल आफ इंडिया के प्लेज सिस्टम में पंजीकृत है और साथ ही साथ ये ISO सर्टिफाइड भी है जो इसकी विश्वसनीयता को और बढ़ाता है।

**निष्कर्ष**:www.studybadshah.com एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो छात्रों और पेशेवरों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण आनलाइन कोर्स प्रदान करता है।इसकी व्यापक कोर्स श्रेणियाँ, अनुभवी शैक्षणिक सलाहकार और अन्तर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा मान्यता इसे एक विश्वसनीय और प्रभावी लर्निंग प्लेटफॉर्म बनाते हैं। यदि आप अपने कौशल को बढ़ाना चाहते हैं और करियर में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो www.studybadshah.com आपके लिए एक उत्कृष्ट विकल्प है।

अधिक जानकारी के लिए, आप उनकी वेबसाइट www.studybadshah.com पर जा सकते हैं।

## तिरंगा शौर्य यात्रा का शाहबाद डेयरी, बवाना में हुआ भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना के शाहबाद डेयरी क्षेत्र में आयोजित तिरंगा शौर्य यात्रा में स्थानीय निवासियों और दिल्लीवासियों के साथ सहभागिता की। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और भारतीय सेना के अदम्य शौर्य के फलस्वरूप ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक ऐतिहासिक विजय के रूप में सामने आया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्र के वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु बवाना में 'तिरंगा शौर्य यात्रा' का आयोजन किया गया है।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा शौर्य यात्रा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली के नरेला क्षेत्र में गुरुवार को भारतीय सेना के सम्मान में एक भव्य तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व नरेला से विधायक राजकरण खत्री ने किया। यह तिरंगा शौर्य यात्रा शाम साढ़े पांच बजे मीर सिंह मार्केट, एमएलए ऑफिस से शुरू होकर मंदिर पंजाबी कॉलोनी तक संपन्न हुई। इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारतीय सेना के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को सम्मान देने के उद्देश्य से किया गया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा थामा और देशभक्ति के नारे लगाए। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इस आयोजन ने नरेला क्षेत्र में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने का काम किया। इस यात्रा में नरेला क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान देशभक्ति भरे गीतों और नारों ने सभी के मन में जोश भर दिया।

यह आयोजन न केवल भारतीय सेना के प्रति सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि समुदाय की एकता और देशप्रेम को भी प्रदर्शित करने में सफल रहा। इस अवसर पर नरेला विधायक राजकरण खत्री ने कहा, भारतीय सेना हमारी शान और सुरक्षा का प्रतीक है। यह तिरंगा शौर्य यात्रा उनके सम्मान में एक छोटा सा प्रयास है। हम सभी को अपने सैनिकों के बलिदान को याद रखना चाहिए और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। मैं इस आयोजन में शामिल सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने का संकल्प लेता हूं। तिरंगा शौर्य यात्रा में विधायक नरेला से राजकरण खत्री, निगम पार्षद अलीपुर योगेश राणा, निगम पार्षद बख्तावरपुर जनता देवी, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, पूर्व निगम पार्षद सविता नरेश खत्री, मंडल अध्यक्ष नरेला सुरेश खत्री, मंडल अध्यक्ष बाकनेर श्री भगवान प्रजापति, मंडल अध्यक्ष होलम्बी कला आत्माराम ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अलीपुर निरु पार्चा, मंडल अध्यक्ष बख्तावरपुर विकास कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश खत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक अमरोही, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश खत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप स्वामी, विष्णु भारद्वाज, संजय खत्री, अमित भारद्वाज, ललित खत्री, अमित खत्री, राजेश कुंडू, जतिन भारद्वाज, राहुल प्रजापति, बल्लू पहलवान, धर्मपाल वर्मा, नितिन कपूर, अजीत प्रजापति, अंकु विजय भगत, मोनिका, सीमा पाराशर सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विराट और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होगी: गौतम गंभीर



**नई दिल्ली :** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इस बात की स्वीकार किया है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति टीम के लिए चुनौतीपूर्ण होगी, लेकिन इन दोनों खिलाड़ियों के टेस्ट से संन्यास ने अन्य लोगों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। कोहली और रोहित ने इस महीने एक सप्ताह के अंत लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। इन दोनों ने उस वक्त यह फैसला लिया जब भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए शनिवार को मुंबई में टीम की घोषणा की जाएगी। गंभीर ने कहा, मुझे लगता है कि आपको कब करियर शुरू करना है और कब इसे समाप्त करना है, यह किसी का भी व्यक्तिगत फैसला है। इसमें दखल देने का किसी का भी अधिकार नहीं है, चाहे वो कोच हो या चयनकर्ता या देश में किसी को भी किसी खिलाड़ी से यह कहने का अधिकार नहीं है उसे कब संन्यास लेना है और नहीं लेना है।

'अन्य लोगों को मिलेंगे मौके'

रोहित के संन्यास लेने से अब भारत को नए टेस्ट कप्तान की तलाश है। साथ ही टीम में दो अनुभवी बल्लेबाज नहीं होंगे और गंभीर ने इस बात को भी स्वीकार किया है कि इस कमी को पूरा करना आसान नहीं होगा। गंभीर ने कहा, हां, हम दो ऐसे सीनियर खिलाड़ियों के बिना उतरेंगे जिन्हें काफी अनुभव है और कई बार मुझे लगता है कि यह अन्य लोगों के लिए अवसर है जो जिम्मेदारी लेना चाहते हैं। हां, यह दौरा कठिन होगा, लेकिन कई लोग हैं जो जिम्मेदारी उठा सकते हैं। ऐसा ही सवाल मुझसे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भी पूछा गया था।

**गंभीर ने कहा, जब बुमराह** चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं थे और तब भी मैंने यही चीज कही थी कि किसी खिलाड़ी के बाहर होने से अन्य खिलाड़ी के लिए अवसर खुल सकते हैं जो अपने देश के लिए विशेष करना चाहता है। उम्मीद है कि कई अन्य खिलाड़ी भी होंगे जो अवसर मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

कोहली और रोहित ने टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया है, लेकिन वे भारत के लिए वनडे में खेलते रहेंगे।

## मैं पीकेएल सीजन 12 के लिए तैयार हूं: असलम इनामदार



**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी नजदीक आते ही पुनेरी पलटन के स्टार ऑलराउंडर असलम इनामदार फिर से सुर्खियों में हैं। 31 मई और 1 जून को मुंबई में होने वाली इस नीलामी से पहले असलम ने अपने कमबैक का ऐलान कर दिया है। सीजन 11 में घुटने की गंभीर चोट के चलते वह केवल 7 मुकाबले ही खेल सके थे, लेकिन अब उन्होंने पूरी तरह से फिट होकर वापसी की तैयारी कर ली है। असलम ने एक बयान में कहा, कबड्डी खिलाड़ी के लिए चोट सामान्य बात है, ये खेल का हिस्सा है। लेकिन असली खिलाड़ी वही होता है जो चोट के बाद खुद को फिर से तैयार करे और मैदान पर दम दिखाए। 25 वर्षीय असलम को सीजन 11 के दौरान मेनिस्कस टियर हुआ था, जिसके लिए सर्जरी करानी पड़ी। उन्होंने बताया, मैंने ठान लिया था कि जल्दी से ठीक होना है। अब 6 महीने हो चुके हैं और मैं पूरी तरह फिट हूं। सीजन 12 के लिए मैं तैयार हूं। सीजन 11 में असलम की अनुपस्थिति का असर पुनेरी पलटन की परफॉर्मेंस पर भी साफ दिखा। टीम जो शुरूआत में टेबल टॉपर थी, अंत में आठवें स्थान पर रही। असलम ने कहा, जब मैं खेल रहा था, तब तक टीम टॉप पर थी, लेकिन मेरे बाहर होने के बाद टीम का आत्मविश्वास कमजोर हुआ और प्रदर्शन गिरा।

## हेले जेनसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी ऑलराउंडर हेले जेनसेन ने 11 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। 32 वर्षीय जेनसेन ने 35 वनडे और 53 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2014 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। हेले जेनसेन चार टी20 वर्ल्ड कप टीमों का हिस्सा रही हैं, जिनमें 2020 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टूर्नामेंट में वह न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं। इसके अलावा वह 2022 में न्यूजीलैंड में आयोजित वनडे वर्ल्ड कप में भी खेली थीं। उन्होंने 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जहां इंग्लैंड के खिलाफ कांस्य पदक मैच में 3 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को जीत दिलाई थी। हालांकि, वह 2022 के अंत के बाद से वनडे टीम से बाहर चल रही थीं। मार्च 2024 में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए उन्हें टीम में वापस बुलाया गया था, लेकिन चोट के चलते वह सीरीज नहीं खेल सकीं।

# मेराज और गनेमत ने दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स में हासिल किया शीर्ष स्थान



**नई दिल्ली।** ओलंपियन मेराज अहमद खान और गनेमत सेखों ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित दूसरे शॉटगन नेशनल ट्रायल्स की स्कीट स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किया। मेराज ने फाइनल में 55 का स्कोर करते हुए पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके अनंतजीत सिंह नरूका को एक अंक से हराया, जिन्होंने 54 अंक बनाए। गनेमत ने भी एक अंक के अंतर से जीत दर्ज की, उन्होंने 53 का स्कोर किया जबकि महेश्वरी चौहान ने 52 अंक प्राप्त किए। पुरुष और महिला वर्ग में अंगद वीर सिंह बाजवा और परिनाज ढालीवाल ने क्रमशः तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले क्वालिफिकेशन के अंतिम दो राउंड में भवतेग सिंह गिल ने 22 और 24 का स्कोर किया, जिससे उनका कुल स्कोर 73 से बढ़कर पहले स्थान के लिए पर्याप्त रहा। मेराज ने कुल 118 का स्कोर किया, जबकि स्मित सिंह (117), अंगद (116), और अनंतजीत (115) ने टॉप छह क्वालिफायर में जगह बनाई। महिला वर्ग में गनेमत ने क्वालिफिकेशन राउंड में 114 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया।

महेश्वरी और परिनाज ने 113-113 अंक प्राप्त किए। ओश्मी श्रीवास (108), दर्शना राठौड़ (107, ), और मानसी रघुवंशी (107) ने टॉप छह में जगह बनाई। जूनियर वर्ग के लिए अलग चयन ट्रायल आयोजित नहीं किया गया था।

## हिमाचल क्रिकेट टीम का चयन 27 मई को धर्मशाला में

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 2025-26 सीजन के लिए हिमाचल की सीनियर टीम का चयन किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 27 मई को आयोजित की जाएगी। टीम का चयन वनडे और ळ20 प्रतियोगिता के लिए किया जा रहा है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि 27 मई को यह चयन प्रक्रिया धर्मशाला स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए किसी तरह की आयु सीमा की बंदिश नहीं है।

## इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के छठे संस्करण की घोषणा



**प्रतियोगिता**

कर्नाटक के मंगलुरु स्थित ससिहिथलु बीच की खूबसूरत पृष्ठभूमि में आयोजित की जाएगी

**मंगलुरु।** भारतीय सर्फिंग महासंघ (एसएफआई) ने शुक्रवार को इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (आईओएस) के छठे संस्करण की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता, जो नेशनल सर्फिंग चैंपियनशिप सीरीज का दूसरा चरण है, 30 मई से 1 जून 2025 तक कर्नाटक के मंगलुरु स्थित ससिहिथलु बीच की खूबसूरत पृष्ठभूमि में आयोजित की जाएगी। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब करेगा और इसका आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। इंटरनेशनल सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष सर्फर चार श्रेणियों पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर-16) लड़के और ग्रोम्स (अंडर-16) लड़कियों में भाग लेंगे। आईओएस से पहले अप्रैल में आयोजित इंटरनेशनल सर्फिंग फेस्टिवल केरल वरकला 2025 इस सीरीज का पहला चरण था। आईओएस, राष्ट्रीय चैंपियनशिप की रैंकिंग के लिए महत्वपूर्ण अंक प्रदान करता है और भारत के पूर्वी व पश्चिमी तटीय राज्यों के सर्फरों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलता है। पिछले साल भारत ने पहली बार मल्टीस्पोर्ट इवेंट (एशियन गेम्स 2026) के लिए सर्फिंग में दो कोटा स्थान प्राप्त किए थे, जो मालदीव में आयोजित एशियन सर्फ चैंपियनशिप 2024 में हासिल किए गए थे। इस वर्ष का आइओएस विशेष महत्व रखता है क्योंकि इससे एशियन सर्फ चैंपियनशिप (जो एशियन गेम्स के लिए क्वालिफायर है) के लिए रैंकिंग में सुधार का अवसर मिलेगा।

भारतीय सर्फिंग महासंघ के अध्यक्ष अरुण वासु ने एक बयान में कहा, हमें गर्व है कि हम इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के छठे संस्करण की घोषणा कर रहे हैं। यह प्रतियोगिता पश्चिमी तट पर सबसे बड़ी सर्फिंग इवेंट बन गई है।

# बस्तर के सुदूर इलाके की अनोखी मल्लखंभ अकादमी में बसते हैं चैंपियन



**दीव।** भारत के सबसे प्राचीन पारंपरिक खेलों में से एक मल्लखंभ छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के केंद्र में आज भी पूरी ताकत से जीवित है। यदि खेलों की सामाजिक परिवर्तन की शक्ति और उसके प्रभाव को समझने के लिए एक आदर्श उदाहरण ढूंढना हो, तो मनोज प्रसाद और उनके शिष्य राकेश कुमार वरदा की कहानी सबसे उपयुक्त होगी। मनोज प्रसाद इस बात का जीता-जागता उदाहरण हैं कि कैसे खेल, नक्सल प्रभावित इलाकों जैसे संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भी सामाजिक बदलाव ला सकते हैं। एक स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) अधिकारी होते हुए भी उन्होंने नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ मल्लखंभ अकादमी की स्थापना की। यह अकादमी इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें आदिवासी समुदाय के बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। मनोज प्रसाद उन बच्चों के लिए पिता के समान हैं और उनके रहने, खाने, पढ़ाई व प्रशिक्षण की सारी जिम्मेदारी वे खुद उठाते हैं।

प्रसाद के शिष्यों में से सबसे होनहार राकेश कुमार वरदा है, जिसे अबूझमाड़ से निकला एक सितारा कहा जाता है। राकेश खेलो इंडिया बीच गेम्स में मल्लखंभ में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। हालांकि, यह एक डेमोंस्ट्रेशन खेल था, इसलिए इस खेल में जीते गए पदकों को आधिकारिक पदक तालिका में शामिल नहीं किया गया, लेकिन राकेश का स्वर्ण पदक उनकी काबिलियत का पुख्ता सबूत था। 15 वर्षीय राकेश का ताल्लुक नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के कुटुल गांव से है। वे आदिवासी समुदाय से आते हैं और अपने क्षेत्र के इकलौते मल्लखंभ खिलाड़ी हैं। राकेश अब तक 30 से अधिक राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पदक जीत चुके हैं। अब तक हासिल की गई राकेश की उपलब्धियां प्रेरित करती हैं। वह केआईबीजी में स्वर्ण पदक (डेमोंस्ट्रेशन खेल के रूप में) जीत चुके हैं। उनके नाम खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार में चार पदक (एक रजत, तीन कांस्य) हैं। 2022 में राकेश का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज हुआ उन्होंने मल्लखंभ पोल पर 1 मिनट 6 सेकंड का सबसे लंबा हैंडस्टैंड किया। 2023 में इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 में उनकी टीम विजेता बनी। राकेश ने पंचकूला केआईवाईजी में कांस्य पदक जीता। फिर गुजरात राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीता और फिर उज्जैन केआईवाईजी में एक स्वर्ण, एक रजत, दो कांस्य पदक हासिल किया। राकेश यही नहीं रुके और गोवा राष्ट्रीय खेलों में उन्होंने कांस्य पदक जीता। गुजरात से राष्ट्रीय खेलों से लौटने के दो दिन बाद राकेश की मां का निधन हो गया था। उनका गांव इतना सुदूर है कि उन्हें खबर मिलने में ही दो दिन लग गए। उन्होंने साई मीडिया से कहा, मेरा सपना है कि मैं अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करूं और अपने पूर्वजों की संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाऊं। राकेश को कोच, संरक्षक और प्रेरणा स्रोत मनोज प्रसाद ने कहा, 25 बच्चों की रोजाना जरूरतें पूरी करना आसान नहीं है, लेकिन अब हमारे क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी दिल से मदद कर रहे हैं।

# हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का चेन्नई में 18 जून से होगा आगाज



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 (पुरुष एवं महिला वर्ग) के पहले संस्करण की तारीख और वेन्यू की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी तमिलनाडु हॉकी यूनिट करेगी और मुकाबले चेन्नई में 18 जून से 27 जून 2025 तक खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट भारतीय हॉकी में एक नई शुरूआत है, जो अनुभवी और पूर्व खिलाड़ियों के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करता है। पुरुषों और महिलाओं, दोनों वर्गों में खेले जाने वाले इस आयोजन के जरिए यह दिखाया जाएगा कि उम्र चाहे जो भी हो, खेल के प्रति जुनून और समर्पण कभी खत्म नहीं होता। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पुरुष खिलाड़ियों की उम्र 40 वर्ष या उससे अधिक, जबकि महिला खिलाड़ियों की उम्र 35 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। दोनों कैटेगरी में भाग लेने वाली टीमों के नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। खिलाड़ी अपनी-अपनी राज्य सदस्य इकाइयों के माध्यम से पंजीकरण कराकर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में आयोजित होगी, जिसमें पूल का निर्धारण टीमों की अंतिम संख्या के आधार पर किया जाएगा।

# फ्रेंच ओपन के बाद टेनिस को अलविदा: कैरोलिन

**नई दिल्ली।** पूर्व वर्ल्ड नंबर-4 और फ्रेंच ओपन डबल्स चैंपियन कैरोलिन गार्सिया ने टेनिस से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। 31 वर्षीय फ्रेंच स्टार ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी कि इस सप्ताह शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन 2025 उनके करियर का आखिरी रोलां गैरो टूनार्मेंट होगा। गार्सिया ने एक्स पर लिखा, डियर टेनिस, अब अलविदा कहने का समय आ गया है। 15 साल तक शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और 25 साल से अधिक वक्त इस खेल को देने के बाद मैं अब एक नए अध्याय के लिए तैयार हूं। गार्सिया के नाम डब्ल्यूटीए टूर पर 11 सिंगल्स खिताब हैं। उन्होंने 2022 में सीजन एंडिंग डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब भी अपने नाम किया था, जिसे ग्रैंड स्लैम्स के बाद सबसे प्रतिष्ठित माना जाता है। उसी साल उन्होंने अपनी हमवतन क्रिस्टिना म्लादेनोविक के साथ मिलकर दूसरी बार फ्रेंच ओपन डबल्स का खिताब भी जीता था। उनका ग्रैंड स्लैम में सर्वश्रेष्ठ सिंगल्स प्रदर्शन 2022 यूएस ओपन में आया था, जब वे सेमीफाइनल तक पहुंचीं। करियर में एक समय उन्होंने विश्व रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया था, हालांकि फिलहाल वह 145वें स्थान पर हैं।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पतंजलि ऋषिकुल के बच्चों ने लहराया परचम






**प्रयागराज।** नई दिल्ली में आयोजित राज्य स्तरीय स्टेयर्स नेशनल गेम्स 2024-25 में पतंजलि ऋषिकुल, प्रयागराज के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित किए। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि देश भर से आए 20 से अधिक विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच हुए इस बहु प्रतिष्ठित आयोजन में ऋषिकुल के खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और कौशल का अद्वितीय परिचय देते हुए प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की लड़कियों ने अपने शानदार तकनीकी कौशल, सशक्त शारीरिक क्षमता, प्रभावी संचार और टीम भावना के बल पर अंडर-12 व अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जबकि लड़कों ने अंडर-17 में रजत पदक प्राप्त किया।

बास्केटबॉल के मैदान पर भी ऋषि कुलाइट्स ने सटीक पास, त्रुटिहीन डिफेंस और शार्प शूटिंग के दम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बालिका वर्ग में अंडर-12, अंडर-14 एवं अंडर-17 श्रेणियों में स्वर्ण पदक तथा बालक वर्ग में अंडर-14 में स्वर्ण पदक और अंडर-17 में कांस्य पदक अर्जित किया।

ताइक्वांडो में भी छात्रों ने अपनी तेज किकिंग और स्पिनिंग जैसीतकनीकों से प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। जिसमें अंडर-10 में कृत यादव तथा अंडर-8 में भानवी जैनव अक्षिता सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं अंडर-10 में आद्या सरोज ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं योग में भी विद्यालय के प्रतिभागियों ने अपनी मानसिक एकाग्रता, धैर्य एवं दृढ़ता का परिचय देते हुए लड़कियों व लड़कों के अपने-अपने वर्ग में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। जिसमें अंडर-14 में भूविशा आहूजा ने कांस्य पदक तथा अंडर-17 में सारांश सिंह ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई।छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नित्यानंद सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्र जिस प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास के साथ खेल मैदान में उतरे, वह अत्यंत सराहनीय है। यह उपलब्धियां उनके सतत अभ्यास, खेलों के प्रति उनकी लगन और हमारे प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय की उपाध्यक्षा डॉ. कृष्णा गुप्ता भी बच्चों के प्रदर्शन से रोमांचित थीं। उन्होंने कहा कि असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और छात्रों की सफलता उनके अथक प्रयास का प्रमाण है। विद्यालय की निदेशिका रेखा बैद एवं सचिव यशोवर्धन ने भी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, पतंजलि ऋषिकुल का यह विश्वास रहा है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

# इंग्लैंड दौरे के लिए शमी के नाम पर विचार नहीं? अर्शदीप का जाना तय



**मुंबई :** इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम और नए टेस्ट कप्तान के नाम का एलान शनिवार को हो सकता है। इसी दिन चयनकर्ता टीम की भी घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस दौरे से दूर रखा जा सकता है। उनकी जगह अर्शदीप सिंह और हरियाणा के अंशुल कंबोज को मौका मिल सकता है। कंबोज पहले से ही इंग्लैंड दौरे पर जा रही भारत-ए टी में शामिल हैं। दरअसल, इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि सनराइजर्स हैदराबाद से खेल रहे शमी ने चोट से वापसी के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छोटे-छोटे स्पेल डाले हैं या अधिकतम 10 ओवर गेंदबाजी की है। ऐसे में बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को बताया है कि शमी टेस्ट मैच में पूरी जान के साथ बहुत सारे ओवर करने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके चुने जाने पर संशय है। शमी इस सीजन सनराइजर्स के लिए भी कुछ खास नहीं कर पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में नौ मैच खेले और सिर्फ छह विकेट लिए। शमी ने 11.23 की इकोनॉमी रेट से रन दिए। एक सूत्र के हवाले से कहा, 'शमी आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए चार ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन बोर्ड और चयनकर्ता यह नहीं जानते कि वह एक दिन में 10 ओवर से अधिक गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं। इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाजों से लंबे स्पैल की मांग हो सकती है और हम कोई जोखिम नहीं उठा सकते।' रिपोर्ट का दावा है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इस सीरीज के दौरान अपना पहला टेस्ट मैच खेलने का मौका मिल सकता है। हरियाणा के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज, जिन्होंने 22 प्रथम श्रेणी मैचों में 74 विकेट लिए हैं, भी टीम में शमी की जगह लेने के लिए उम्मीदवारों में से एक हैं। दरअसल, कंबोज को पहले ही इंडिया ए के इंग्लैंड दौरे के लिए चुना जा चुका है। कंबोज लोअर ऑर्डर में बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय चयन समिति 24 मई को मुंबई में मुलाकात करेगी और तभी नए कप्तान के नाम का और टीम का एलान हो सकता है। शुभमन गिल कप्तान बनने की रेस में सबसे आगे हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत भी इस रेस में हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए चुने जाने वाले ज्यादातर खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए खिलाड़ी ही हो सकते हैं। हालांकि, इसमें एक दो ट्विस्ट या यूं कहें नए नाम देखने को मिल सकते हैं। अर्शदीप और कंबोज के अलावा साई सुदर्शन और करुण नायर को भी मौका मिल सकता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा: सीएम योगी

□ मुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्रीहनुमत कथा मंडपम का किया लोकार्पण □ पूर्वोत्तर सीमा के बलिदानी अयोध्या के लेफ्टिनेंट शशांक को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि □ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया □ भारत के अस्तित्व और वजूद से सम्मान और गरिमा के खिलाफ कुछ भी स्वीकार नहीं किया जाएगा: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया। इस मौके पर योगी ने सनातन धर्म को भारत के अस्तित्व और वजूद का आधार बताते हुए कहा कि इसके सम्मान और गरिमा के खिलाफ कुछ भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं और संतों से आह्वान किया कि वे अपने योद्धा भाव को बनाए रखें और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने पाकिस्तान के प्रायोजित आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छेड़ता नहीं है और कोई छेड़े तो उसे छोड़ता भी नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानजी का उदाहरण देते हुए कहा कि बजरंगबली ने रावण के दरबार में यही संदेश दिया था। पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देकर खुद को बर्बाद कर रहा है। भारतीय सेना की कार्रवाई में 124 से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। यह गलती पाकिस्तान की है, जो आतंकियों को प्रश्रय दे रहा है। ये आतंकवाद पाकिस्तान को ले डूबेगा और इसमें ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अध्यात्मिक जगत में कोई अस्तित्व नहीं है। जिसका अपना वास्तविक अस्तित्व न हो, उसकी एक निश्चित लाइफ होती है। अब पाकिस्तान का समय पूरा हो गया है। उसके अंत की शुरूआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा।
उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। योगी ने कहा कि देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है।

**त्रेतायुगीन विरासत और सनातन**

**धर्म का रक्षक है हनुमानगढ़ी**
मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि यहां से हनुमानजी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दासजी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दासजी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं।



## सीएम योगी ने लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को दी श्रद्धांजलि

**मुख्यमंत्री** ने पूर्वोत्तर अयोध्या के बलिदानी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने हुए कहा कि सेना के अतिरित प्रदेश सरकार वीरगति प्राप्त करने वाले हमारे वीरों के परिवारों को 50 लाख रुपये, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और शहीद के नाम पर स्मारक बनाकर सम्मान देने का काम रही है। इस अवसर पर प्रेमदासजी महाराज, महंत संतराम दासजी महाराज, महंत मुरलीदासजी महाराज, महंत रामचरण दासजी महाराज, सरपंच रामकुमार दासजी महाराज समेत अन्य संत और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की

हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया।

## दुनिया में बढ़ी यूपी के उत्पादों की डिमांड, आठ वर्षों में 1,70,340 करोड़ पहुंचा एक्सपोर्ट

**लखनऊ:** योगी सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गयी है। योगी सरकार के प्रयासों से पिछले आठ वर्षों में प्रदेश का निर्यात दोगुना से अधिक हो गया है। वर्ष 2017-18 में जहां निर्यात 88,967.42 करोड़ रुपये था, वहीं 2023-24 में यह आंकड़ा 1,70,340.95 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह वृद्धि डबल इंजन सरकार की निर्यात संबंधी नीतियों, वैश्विक बाजार में यूपी के उत्पादों की मांग और औद्योगिक संरचना में सुधार का परिणाम है। इसमें प्रदेश के विविध उत्पादों की भागीदारी रही, जो दुनिया के 100 से अधिक देशों को भेजे गए। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ने देश के शीर्ष निर्यातक राज्यों में अपनी जगह बनायी है। इतना ही नहीं योगी सरकार निर्यात को बढ़ाने के लिए नई निर्यात नीति तैयार कर रही है।

# कांग्रेस शासन काल में उपजे दलाल सिस्टम को भाजपा ने लगाया ताला : अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल।** कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि आज हरियाणा के युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरी, पारदर्शी तरीके से तमाम योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पहले कांग्रेस के शासन में दलाल सिस्टम था, जिस पर भाजपा ने ताला लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से हर वर्ग पूरी तरह से खुश है और केन्द्र व प्रदेश सरकार ने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने लोगों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को निर्देश दिये कि गंभीरता के साथ समस्याएं निपटाएं। उन्होंने जिला ब्राह्मण सभा में लाइब्रेरी के लिए पांच लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि नायब सरकार प्रदेश में कोई कोर कसर नहीं रहने देगी और नायब सरकार की नीतियों के चलते हरियाणा विकास के मामले में नंबर एक पर है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कई



ऐसी योजनाओं की शुरूआत की है, जिन्हें देश के अन्य राज्य भी अनुसरण कर रहें है। सरकार ने जनहित में अनेकों निर्णय लिए है, जिससे प्रत्येक वर्ग को फायदा मिल रहा है।
उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा कहा कि कांग्रेस का जनाधार बिल्कुल खत्म हो चुका और अब कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचा है,8 कांग्रेस नेता प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे है, लेकिन जनता उन्हें समझ चुकी है और नायब सरकार की नीतियों से पूरी तरह से खुश है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई 4 जुलाई को

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** प्रयागराज हाईकोर्ट मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर 4 जुलाई को अगली सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकलपीठ ने प्रकीर्ण प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई की और संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शाही मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग पर बहस हुई, जिसका समर्थन मंदिर पक्ष और विरोध मुस्लिम पक्ष ने किया। शुक्रवार दोपहर दो बजे न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकलपीठ के समक्ष कुछ वाद में प्रकीर्ण प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई हुई। संबंधित पक्षों को जबाव दाखिल करने का आदेश हुआ। केस नंबर 13 में वादी एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शाही मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। इस पर प्रतिवादी मुस्लिम पक्ष का जवाब आया और बहस हुई। इस मांग का समर्थन आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज व कुछ अन्य वादियों ने किया। मंदिर पक्ष से रीना एन सिंह व मुस्लिम पक्ष की ओर से तसनीम अहमदी व मोहम्मद प्राचा ने बहस की।

# प्रधानमंत्री के पास रेलवे को अत्याधुनिक बनाने का विजन: रेल मंत्री वैष्णव

**अत्याधुनिक**

□ पहले बिहार में रेलवे के लिये सिर्फ एक हजार करोड़ का बजट होता था, लेकिन अब 10 हजार करोड़ का है



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर रेल कारखाना स्थित इरिमी सभागार में आज आयोजित कार्यक्रम में शामिल विभिन्न संगठनों से जुड़े अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रेलवे को अत्याधुनिक बनाने का विजन है, उन्होंने बिहार के लिये बहुत कुछ सोचा है। उन्होंने कहा कि 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर रेल कारखाना का आधुनिकीकरण होगा।
केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि अब तक रेल अधिकारियों और सुपरवाइजरों को इनहाउस ट्रेनिंग देने वाली इरिमी अब युवाओं को भी प्रशिक्षित करेगी। वर्ष 2026 में शुरू होने वाले नए बैच से इसकी शुरूआत होगी। शुक्रवार को जमालपुर पहुंचे केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस कोर्स के शुरू होने से यहां प्रतिभावान युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर सम्मानजक पद प्राप्त कर सकेंगे।
रेलमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद बीते साठ वर्षों में रेलवे का महज 20 हजार किलोमीटर विद्युतीकरण हो सका था लेकिन पिछले 11 वर्षों में हमने 50 हजार किलोमीटर से ज्यादा रेलवे का विद्युतीकरण किया है। पहले हमें डीजल दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था इसलिए प्रधानमंत्री ने रेलवे के लिये संपूर्ण विद्युतीकरण का संकल्प लिया। भारत को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री का विजन है। नए तरह के रेलवे ट्रैक, नई तकनीक से युक्त ट्रेनें इन सब पर हमारा फोकस है।
रेलमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में बिहार में रेलवे में हुए विकास की चर्चा की। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहले बिहार में रेलवे के लिये सिर्फ एक हजार करोड़ का बजट होता था, लेकिन अब 10 हजार करोड़ का है।

# तस्करी के बहाने बना पाकिस्तानी एजेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**टांडा (रामपुर):** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार टांडा निवासी शहजाद तीन बार पाकिस्तान जा चुका है। एक बार वह पत्नी को लेकर भी गया था। इसके अलावा वह 10 बार सऊदी अरब भी जा चुका है। शहजाद को एटीएस ने 18 मई को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया था। शहजाद पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है। साथ ही उसके संबंध आईएसआई से भी होने की बात सामने आई थी। शहजाद ने शुरूआत में ड्राइविंग भी की। इसके बाद वह तस्करी और फिर जासूसी करने लगा। गिरफ्तारी के बाद उसकी गतिविधियों की जांच में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। शहजाद की गिरफ्तारी के बाद से टांडा व रामपुर जनपद पर खुफिया एजेंसियों की निगाह है।

**तस्करी के बहाने बना पाकिस्तानी एजेंट**
शहजाद शुरूआत में गाड़ी चलाता था, लेकिन जल्द ही उसने कॉस्मेटिक्स, मसाले व कपड़ों की तस्करी शुरू कर दी। इसके बाद पाकिस्तान आना-जाना शुरू हुआ और वह आईएसआई एजेंटों के संपर्क में आया।

## फिर 199 के फेर में फंसी राजस्थान विधानसभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर:** राजस्थान विधानसभा एक बार फिर से 199 के फेर में फंस गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता निरस्त कर दी। मीणा की सदस्यता समाप्त होने के साथ ही विधानसभा के सदस्यों की संख्या 200 से घटकर 199 हो गई है। एक आपराधिक मामले में मीणा को हाईकोर्ट से तीन साल की सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मीणा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।




## गैंगरेप के आरोपियों का निकाला जुलूस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नागदा।** उज्जैन जिले के नागदा में युवतियों का अश्लील वीडियों बनाकर उनके साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस के हत्थे आए 5 आरोपियों को आज शहर के मुख्य मार्गो से जुलूस निकाला। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार किशोरियों और युवतियों से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर उन्हे प्रेमजाल में फंसाया गया। बाद में उनके साथ बलात्कार किया। इन युवतियों को बाद में इस बात के लिए ब्लेकमेलिंग किया गया कि हमारे दोस्तों के साथ संबध बनाओं अन्यथा वीडियो वायरल कर देंगे।

# पाकिस्तानी जासूस तुफैल के घर के बाहर लोगों का प्रदर्शन, घर गिराने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी।** जिले के जैतपुरा क्षेत्र के दोषीपुरा से गिरफ्तार पाकिस्तानी जासूस तुफैल के खिलाफ लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। शुक्रवार को युवकों का एक समूह जासूस तुफैल के घर के सामने प्रदर्शन करने पहुंचा। उन्होंने तुफैल का पोस्टर जलाकर आक्रोश जताया। इस दौरान युवाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से देश के गद्दार तुफैल के घर को बुलडोजर से गिराने की मांग की। युवाओं के आक्रोश को देख जासूस के घर के आसपास सुरक्षा को लेकर पुलिस




बल तैनात किया गया है। लोगों में आक्रोश देख जासूस तुफैल के घरवालों ने दरवाजा, खिड़की बंद कर लिया है। मीडिया कर्मियों ने परिजनों से बातचीत करनी चाही तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। जासूस के पड़ोसी भी इस मामले में बोलने से बच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान प्रायोजित राष्ट्रविरोधी संगठन से जुड़कर देश विरोधी कार्य और पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले दोषीपुरा निवासी तुफैल को एटीएस ने गुरूवार की शाम को गिरफ्तार किया था। तुफैल प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप में गजवा-ए-हिन्द, बाबरी मस्जिद का बदला लेने और भारत में शरीयत लागू करने संबंधी संदेश अक्सर साझा करता था।

**योजना** गांवों में बनाए जा रहे खेत-तालाब, अमृत सरोवर फसलों की सिंचाई और पेयजल के लिए मिलेगा पर्याप्त पानी

# मध्य प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** किसानों को फसलों की सिंचाई व पीने के लिए पर्याप्त पानी मिले, इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा योजना से विदिशा जिले में खेत-तालाब, अमृत सरोवर और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण किया जा रहा है। खेत-तालाब व अमृत सरोवर बनने से खेतों को फसलों की आवश्यकता के समय पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इससे किसान आर्थिक समृद्धि की नई कहानी लिखे सकेंगे। कुओं को रिचार्ज करने के लिए कूप रिचार्ज पिट कुओं का जल स्तर बना




कर रखेंगे। परिणाम स्वरूप गर्मियों में भी पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा।

**विदिशा जिले में 1,819 खेत-तालाब, 21 अमृत सरोवर और 1,709 रिचार्ज पिट्स का निर्माण**
जनसंपर्क अधिकारी सोनिया परिहार ने शुक्रवार को बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में विदिशा जिले की सभी 7 जनपद (बसौदा, ग्यारसपुर, कुरवाई, लटेरी, नटेरन, सिरोंज और विदिशा) में 21 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 14 अमृत सरोवरों का काम पूर्ण होने को है, शेष 7 पर काम प्रगतिरत है। सभी 7 जनपदों में 1 हजार 731 खेत-तालाब बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में लक्ष्य से अधिक 1 हजार 819 खेत-तालाबों का निर्माण हो रहा है। जिले में 1 हजार 400 कुओं को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, अब तक लक्ष्य से अधिक 1 हजार 709 कुओं के रिचार्ज पिट बनाए जाने का काम चल रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुरहानपुर जिले में भी किसान अपने खेतों में खेत-तालाब बनाने में स्वयं आगे बढ़कर सहभागिता कर रहे है। खेत-तालाब से वर्षा जल संचित हो सकेगा और आस-पास के भूजल स्तर में भी वृद्धि होगी और किसानों को फसल उत्पादन में लाभ मिलेगा।